RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 230
नई दिल्ली, सोमवार, 26 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

परिसीमन के मसौदा प्रस्ताव से कोई समस्या नहीं
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे भारत-मिस्र संबंध

द्विपक्षीय वार्ता में मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी को सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का दिया निमंत्रण

● प्रधानमंत्री ने प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान मिस्र में प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, गीज़ा के प्रतिष्ठित पिरामिडों का भी दौरा किया

एजेंसी। काहिरा



काहिरा में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के बीच राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर हुई व्यापक बातचीत के बाद रविवार को भारत और मिस्र ने अपने संबंधों को नई गति प्रदान करते हुए उन्हें रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ा दिया।

मिस्र के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर देश की राजकीय यात्रा करने वाले मोदी ने अल-सिसी के साथ आमने-सामने की बातचीत की और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र तथा विश्व में हो रहे महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की समीक्षा की। यह 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मिस्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी और अल-सिसी ने राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग, रक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश संबंधों, वैज्ञानिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान तथा लोगों से लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए व्यापक बातचीत के बाद रणनीतिक साझेदारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'रणनीतिक साझेदारी पर समझौते के अलावा, दोनों देशों ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों, स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों की सुरक्षा एवं संरक्षण तथा प्रतिस्पर्धा कानून पर तीन अन्य समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी और अल-सिसी ने जी-20 में आगे के सहयोग पर भी चर्चा की, जिसमें खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक दक्षिण के लिए एक ठोस आवाज उठाने की आवश्यकता के मुद्दों पर प्रकाश डाला गया।

प्रधानमंत्री ने अल-सिसी को सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण भी दिया। रविवार शाम स्वदेश रवाना हुए मोदी ने ट्विटर पर कहा कि मिस्र की मेरी यात्रा ऐतिहासिक रही। इससे भारत-मिस्र संबंधों में नई ऊर्जा आएगी और हमारे देशों के (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री मिस्र के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित

● राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने ऑर्डर ऑफ द नाइल से नवाजा

एजेंसी। काहिरा

मिस्र के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को यहां मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने देश के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया। वर्ष 1915 में शुरू किया गया यह सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को दिया जाता है, जिन्होंने मिस्र या मानवता की अमूल्य सेवा की हो। विभिन्न राष्ट्रों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया यह 13वां सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। मोदी ने अंग्रेजी और अरबी भाषा में ट्वीट किया, बेहद विनम्रता के साथ मैं ऑर्डर ऑफ द नाइल स्वीकार करता हूं। मैं इस सम्मान के लिए मिस्र सरकार और यहां के लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह भारत और हमारे देश के लोगों के प्रति उनकी गर्मजोशी और स्नेह को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा, भारत और मिस्र के (शेष पेज 9)

काहिरा की अल हाकिम मस्जिद का किया दौरा

प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा स्थित ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का भी दौरा किया।

काहिरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को काहिरा में स्थित मिस्र की 11वीं सदी की ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इस मस्जिद का भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से जीर्णोद्धार किया गया है।

मिस्र की अपनी राजकीय यात्रा के दूसरे दिन मोदी फातिमिया काल की शिया मस्जिद पहुंचे, जहां उनकी अगवानी मिस्र के पर्यटन एवं पुरातन मंत्री डॉ मुस्तफा वज़ीरी ने की। मोदी को मस्जिद दिखाई गई, जिसका जीर्णोद्धार करीब तीन महीने पहले ही पूरा किया गया है। मोदी ने अरबी और अंग्रेजी में ट्वीट किया, काहिरा में ऐतिहासिक अल-हाकिम मस्जिद का दौरा (शेष पेज 9)

यूपी में माफिया ठंडे हुए, अब मौसम भी ठंडा हो रहा: योगी

नोएडा में रविवार को जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

रिंकू यादव। नोएडा

● सीएम योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर को दी 1718 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नोएडा स्टेडियम में 1718.66 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। इसमें नोएडा को 1387.40 एवं ग्रेटर नोएडा को 331.26 करोड़ की सौगात दी है। उन्होंने यहां आयोजित एक जनसभा अपने संबोधन में रविवार को हुई बारिश का जिक्र करते हुए माफिया पर हमला बोला।

योगी आदित्यनाथ ने कहा करीब 3 दिन पहले मैं बलरामपुर, अंबेडकरनगर और गोरखपुर गया था। वहां पर बहुत गर्मी थी, लेकिन जब मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तरफ आ रहा था तो सोचा कि वहां भी इतनी ही भीषण गर्मी होगी। लेकिन आज मौसम की कितनी बड़ी कृपा है। जैसे माफिया उत्तर प्रदेश में ठंडे हो गए, वैसे मौसम भी ठंडा हो गया। मुझे सुबह पता चला कि नोएडा में बारिश हो रही है। सब सोच रहे थे कि कैसे कार्यक्रम होगा। मैंने कहा सब अच्छा होगा। परेशान मत होइए। सीएम योगी ने पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा 1947 में बंटवारे के बाद से भारत दिन-ब-दिन खुशहाल हो रहा है। वहीं पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों के चलते आज एक-एक रोटी को मोहताज है।

वह दिन दूर नहीं जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया ठंडे हो रहे हैं पाकिस्तान भी एक दिन ठंडा हो जाएगा। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी एकता पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वाजपेयी और आडवाणी जी के समय भी ऐसी एकजुटता हुई थी, लेकिन अब समय बदल गया है। लोकतंत्र को बचाने के नाम पर आज फिर से लोकतंत्र विरोधी दल भाजपा और पीएम (शेष पेज 9)

62 साल बाद दिल्ली-मुंबई में एक साथ मानसून की दस्तक

● राजधानी में दो दिन पहले तो मुंबई में दो सप्ताह देरी से हुई बारिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मुंबई

नई दिल्ली में रविवार को झमाझम बारिश के बाद सड़कों जल जमाव हो गया।

दिल्ली-मुंबई में 62 साल बाद एक साथ मानसून का आगाज हुआ है। ऐसा दुर्लभ संयोग 21 जून 1961 में देखने को मिला था जब दोनों महानगरों में एकसाथ मानसून की बारिश हुई है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को दी।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में मॉनसून अपने तय समय से दो दिन पहले पहुंच गया, जबकि मुंबई में यह दो हफ्ते की देरी से पहुंचा। आईएमडी के एक वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डीएस पाई ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि चक्रवात बिपारजॉय ने दक्षिण भारत और उससे सटे पश्चिम एवं देश के मध्य हिस्सों में मॉनसून को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि चूंकि चक्रवात प्रणाली के तहत अधिकतम नमी सोख ली गई है इसलिए पश्चिमी तट के पास मॉनसून की प्रगति धीमी रही। देश में मॉनसून की अब तक की गतिविधि असामान्य है। आम तौर पर केरल में मॉनसून एक जून तक, मुंबई में 11 जून और राष्ट्रीय राजधानी में 27 जून तक पहुंच जाता है।

दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटे में 48.3 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई। आईएमडी के अनुसार, जफरपुर और लोधी रोड में करीब 60-60 मिमी, आयानगर और (शेष पेज 9)

नई दिल्ली स्टेशन पर करंट लगने से महिला की मौत

● पिता, मां, बहन और बच्चों के साथ चंडीगढ़ की ट्रेन पकड़ने जा रही थी महिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

साक्षी आहूजा की फाइल फोटो

राजधानी में रविवार सुबह से हो रही बारिश के बीच नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिजली के तार के संपर्क में आने से महिला को करंट लगने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि यह घटना स्टेशन के निकास द्वार संख्या-1 के निकट उस समय हुई जब महिला साक्षी आहूजा (34) चंडीगढ़ के लिए ट्रेन पकड़ने जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय महिला के साथ उसके पिता, मां, भाई, बहन और दो बच्चे भी थे। पुलिस ने बताया कि आहूजा लक्ष्मी नगर क्षेत्र के प्रियदर्शनी विहार में लवली पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार लगातार हो रही बारिश के बीच पीड़िता स्टेशन की ओर जा रही थी, तभी उसने अपना संतुलन खो दिया और वह बिजली के खंभे से निकले तारों के संपर्क में आ गई।

पुलिस उपायुक्त (रेलवे) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि सहायक उप-निरीक्षक गायकवाड़ के साथ पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और आहूजा को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने (शेष पेज 9)

नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर सेना जब्त हथियारों के साथ हटी

● मणिपुर के इंफाल ईस्ट के इथम में गतिरोध समाप्त, उग्रवादियों को पकड़ने पहुंची थी सेना

पीएनएस/एजेंसी। इंफाल

इंफाल ईस्ट के इथम गांव में महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गतिरोध के बाद सेना ने नागरिकों की जान जोखिम में न डालने का परिपक्व फैसला लिया और बरामद किए गए हथियारों व गोला-बारूद के साथ वहां से हट गई।

सुरक्षा बलों ने इथम गांव को शनिवार को घेर लिया था, जहां प्रतिबंधित उग्रवादी समूह कांगलेई योल कान-ना लुप (केवाईकेएल) के 10 से अधिक सदस्य छिपे हुए थे। इस कार्रवाई के बाद भीड़ और सैनिकों के बीच गतिरोध उत्पन्न हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि केवाईकेएल एक मेइती उग्रवादी समूह है, जो 2015 में छह डोगरा इकाई पर घात लगाकर किए गए हमले सहित कई हमलों में शामिल रहा है।

उन्होंने कहा कि इथम में गतिरोध शनिवार को पूरे दिन चलता रहा, हालांकि महिलाओं के नेतृत्व वाली उग्र भीड़ के खिलाफ बल के इस्तेमाल और उससे लोगों के हताहत होने की बात को ध्यान में रखते हुए अभियान के कमांडर द्वारा परिपक्व निर्णय लिए जाने के बाद यह समाप्त हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, गांव में छिपे लोगों में स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तंबा उर्फ उत्तम भी शामिल था, जो एक वांछित उग्रवादी है और जिसे डोगरा हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है।

उन्होंने बताया कि इथम में महिलाओं के नेतृत्व में 1,500 लोगों की भीड़ ने सेना की टुकड़ी को घेर लिया था और उसे अभियान को अंजाम देने (शेष पेज 9)

मुख्यमंत्री ने शाह को राज्य के हालात के बारे में जानकारी दी

नई दिल्ली। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य में बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में कामयाब हुई हैं। इंफाल से रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे सिंह, शाह से मिलने उनके आवास पर गए। सिंह ने ट्वीट किया, आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मणिपुर में जमीनी स्तर पर बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह की करीबी निगरानी में, राज्य और केंद्र सरकार पिछले सप्ताह में काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में कामयाब हुई है। सिंह ने कहा कि 13 जून के बाद से हिंसा के कारण किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

क्विक न्यूज

स्थानीय उत्पादों से बनेगा प्रसाद गंगा भोग

नई दिल्ली। गंगा नदी की आस्था और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने इस नदी के तट पर स्थित मंदिरों में स्थानीय उत्पादों को प्रसाद गंगा भोग का हिस्सा बनाने की शुरुआत की है और अब तक 61 मंदिरों को इस अभियान से जोड़ा जा चुका है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने बताया, गंगा हमेशा से आस्था व आर्थिक गतिविधियों का केंद्र रही है। अब इसे नया रूप प्रदान करते हुए मिशन ने पांच म पहल की शुरुआत की है, जिसमें मां गंगा, मंदिर, महिला, मोटा अनाज और मधु का समावेश किया गया है। मिशन ने हिमालई पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन के सहयोग से गंगा नदी के किनारे स्थित मंदिरों से गंगा भोग की शुरुआत की है। इसका मकसद यह है कि गंगा जिन क्षेत्रों से गुजरती है, वहां तट के आसपास स्थित मंदिरों में स्थानीय उत्पाद को प्रसाद या गंगा भोग का हिस्सा बनाया जाए। इस प्रयास में गंगा नदी के तट पर स्थित मंदिरों में प्रसाद के रूप में लड्डू अथवा किसी अन्य स्थानीय उत्पाद को शामिल करने पर जोर दिया गया है।

विपक्षी मोर्चे को मिल सकता है नया नाम

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली/पटना

● सभी दलों की सहमति होने पर शिमला बैठक में घोषणा संभव

नवगठित विपक्षी मोर्चे के नए नाम को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इस मोर्चे में कांग्रेस, जनता दल (यू), राजद, एनसीपी, टीएमसी, डीएमके, लेफ्ट और अन्य दल शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार मोर्चे को 'प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन' (पीडीए) नाम दिया जा सकता है।

इस मार्चे में शामिल सभी दलों के बीच आम सहमति होने पर अगले माह शिमला बैठक में इसकी घोषणा संभव है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सामूहिक रूप से चुनौती देने के लिए पटना में शुक्रवार को हुई प्रारंभिक बैठक में विपक्ष के 17 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। विपक्षी मोर्चे का नामकरण जरूरी है ताकि इसमें शामिल विभिन्न दलों के साझा दृष्टिकोण और सिद्धांतों को दर्शाया जा सके। देशभक्ति लोकतांत्रिक गठबंधन (पीडीए) शब्द ने रविवार को उस समय सभी का ध्यान आकर्षित किया जब सीपीआई महासचिव डी राजा ने विपक्षी दलों की बैठक के लिए कार्य योजना पर चर्चा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में इसका उल्लेख किया।

हालांकि, कांग्रेस सूत्रों ने ऐसे किसी नाम के सामने आने से इनकार किया और साथ यह भी कहा कि यह वामपंथियों की कल्पना हो सकती है। इस बीच, राजद और जदयू सहित अन्य दलों के सूत्रों ने खुलासा किया कि नाम प्रस्तावित किया गया था और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा शिमला में बुलाई गई बैठक के दौरान इसे मंजूरी मिल सकती है। कांग्रेस के (शेष पेज 9)

वैग्नर प्रमुख और उनके लड़ाकों पर अभियोग नहीं चलाएगा रूस

एपी। मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए सत्ता में दो दशकों से अधिक समय की सबसे बड़ी चुनौती उस समय समाप्त हो गई जब अपने सैनिकों को मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश देने वाले निजी सेना वैग्नर ग्रुप के कमांडर ने अचानक क्रेमलिन के साथ समझौते के बाद निर्वासन में जाने और पीछे हटने की घोषणा कर दी। वहीं रूस ने शनिवार को कहा कि सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपनाने वाली वैग्नर ग्रुप के प्रमुख एवगेनी प्रीगोझिन और उनके लड़ाकों पर कोई अभियोग नहीं चलाया जाएगा। प्रीगोझिन के हालांकि रविवार सुबह तक बेलारूस पहुंचने की कोई खबर नहीं मिली। वहीं प्रीगोझिन निर्वासन में वैगनर के लड़ाकों के साथ शामिल होंगे या नहीं और उनकी वहां क्या भूमिका हो सकती है, (शेष पेज 9)

बल्लभगढ़ और पलवल को मेट्रो से जोड़ने को मंजूरी

● मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पलवल में गौरवशाली भारत रैली में किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पलवल में रविवार को 'गौरवशाली भारत रैली' में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व अन्य।

बल्लभगढ़ से पलवल को मेट्रो से जोड़ने की हरियाणा सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसकी घोषणा रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर रविवार को पलवल जिला के गांव गदपुरी में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली में की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभा में बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो योजना का ऐलान करते हुए कहा कि प्रदेश में मेट्रो व राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी बड़ी परियोजनाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में केंद्र व प्रदेश सरकार विकास को तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। खट्टर ने कहा कि पलवल और फरीदाबाद क्षेत्र में जितना विकास हमारी सरकार के दौरान हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ। अनेक बड़े राज्य मार्गों के आने से बेहतर संपर्क की सुविधा मिली है।

इसके साथ ही जेवर एयरपोर्ट के विकास से भी इस इलाके में और तेजी से औद्योगीकरण व अन्य विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई एक्सप्रेस-वे भी इन जिलों से निकल रहा है जिससे इस क्षेत्र का जुड़ाव देश के अन्य इलाकों से होगा। जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का ध्येय (शेष पेज 9)

कांग्रेस ने देश पर थोपा था आपतकाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन 25 जून 1975 को कांग्रेस की सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था, जिसके कारण लोकतंत्र की रक्षा करते हुए अनेक लोगों को जेलों में यातनाएं सहनी पड़ी थीं। लोकतंत्र की बहाली के लिए लाखों लोगों ने आंदोलन किए, ऐसे सभी योद्धाओं को हमें याद रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी के बटन दबाते ही पर्थला पुल पर दौड़े वाहन

नोएडा से ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने वालों का सफर होगा आसान

● पूरे पुल को 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली के बाद एनसीआर के शहरों का पहला केबिल सस्पैंशन ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने के किया। बटन दबाने के साथ ही पर्थला फ्लाई ओवर आमजन के लिए खोल दिया गया। यहां से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। यह फ्लाई ओवर मास्टर प्लान रोड नंबर-3 पर बनाया गया है। फ्लाई ओवर सेक्टर-72 बाबा बालकनाथ मंदिर से ग्रेनो वेस्ट के किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए बना है। इससे नोएडा से ग्रेनो वेस्ट की तरफ जाने वालों का सफर आसान हो गया।

यह परियोजना करीब एक साल देरी से चल रही है। इस फ्लाई ओवर से करीब 5 लाख लोगों को जाम का सामना नहीं करना होगा। यहां सेक्टर-71 अंडरपास बन चुका है। ऐसे में दिल्ली के कॉलिंदी कुंज से आकर ग्रेनो वेस्ट तक आने-जाने वालों को जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। इसका काम 24 दिसंबर 2020 को शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन किया गया। पूरे ब्रिज को करीब 220 गर्डर और 3 पिलर पर खड़ा किया गया है। यह ब्रिज 28 केबिल पर लटका दिख रहा है। बीच वाला पिलर जमीन से 49 मीटर ऊंचाई पर है। इसके निर्माण में 81 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 697 मीटर लंबा ये फ्लाईओवर 6 लेन का बताया गया है। इस फ्लाई ओवर के बनने से सेक्टर.51, 52, 61, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 121,122 और किसान चौक की ओर जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। दिल्ली से गाजियाबाद और हापुड़ की ओर आने.जाने वालों को भी काफी फायदा मिलेगा।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 124 परियोजाओं के लोकार्पण एंव शिलान्यास के मौके पर सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इन प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण

- सेक्टर-123 में 400/132/33 केवी सब स्टेशन।
- नोएडा को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाले पर्थला चौक फ्लाईओवर
- चैनेज 10.300 पर एडवांट के निकट अंडरपास।
- नोएडा सेक्टर-78 में वेदवन पार्क का विकास।
- नोएडा पुलिस को 55 नग चौपहिया वाहन।
- ग्रेनो से निकलने वाले मलया के निस्तारण के लिए प्लांट।
- औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक.10 का आंतरिक विकास कार्य।

इन परियोजनाओं का शिलान्यास

- सॉलिड वेस्ट से प्रतिदिन 900 टन क्षमता का टोरिफाइड चारकोल उत्पादन एवं 300 टन क्षमता वाले बायो सीएनजी गैस प्लांट की स्थापना।
- नोएडा के औद्योगिक सेक्टर.162 एवं 163 हेतु ड्रेन, जलापूर्ति, सीवर लाइन एवं विद्युत विकास।
- नोएडा के सेक्टर.163 से 167 तक एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर सड़क चौड़ीकरण।
- नोएडा के ग्राम नगला चरणदास फेस-2, सेक्टर.151, सेक्टर-155, सेक्टर-156, सेक्टर.162 एवं सेक्टर.164 में 33/11 केवी सब स्टेशन।
- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे एवं प्राधिकरण के अन्य क्षेत्रों में डेकोरेटिव लाइट, तिरंगा लाइट व फाउंटेन।
- नोएडा में रेनीवेल संख्या. 1, 4 एवं 6 का सुदृढ़ीकरण।
- नोएडा के सेक्टर.94 में फ्लाईओवर के निकट वेस्ट टू वंडर पार्क।
- नोएडा सेक्टर-150, 151 एवं 163 में हरित पट्टियों का विकास।
- ग्रेटर नोएडा के दादरी में बालक इंटर कॉलेज से चार मूर्ति रोटरी एवं 60 मीटर चौड़ी रोड तथा प्रेज्यिनो रोटरी से हनुमान मंदिर रोटरी तक सर्विस रोड का रिसरफेसिंग कार्य।
- ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टर में रोड, सर्विस रोड एवं आंतरिक सड़कों पर स्ट्रीट लाइट।
- नोएडा को दिल्ली से जोड़ने वाली मास्टर प्लान रोड नंबर.1 का नाम अब राम नाथ गोयनका रोड कर दिया गया है।

लव जिहाद रोकने लिए कानून लागू करने की जरूरत: सीएम

नोएडा। नोएडा के बाद ग्रेटर नोएडा पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लव जिहाद के लिए पूरे देश में कानून लागू करने की मांग की। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में सेव कल्चर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री ने युवाओं से संस्कृति को बचाने की अपील की। साथ ही उन्होंने गाजियाबाद में गेमिंग मतांतरण का भी जिक्र किया।

गाजियाबाद में हुए मतांतरण मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधन में जिक्र करते हुए कहा कि बच्चों को स्मार्टफोन में गेमिंग के माध्यम से मतांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। परिवार में घुसपैठ की जा रही है, यह संस्कृति पर बहुत बड़ा हमला है। दिल्ली और मुंबई में हुए लव जिहाद के मामले का भी जिक्र करते हुए कहा कि लव जिहाद मामले का उत्तर प्रदेश में बना एक्ट पूरे देश में लागू करने की जरूरत है। अगर कोई संस्कृति पर हमला कर रहा है तो कानून हाथ में मत लीजिए, पुलिस को सूचना दीजिए। वर्तमान परिवेश में लोगों को सकारात्मक मार्ग पर प्रेरित करने की जरूरत है। अगर हम कानून हाथ में लेंगे तो इसका लाभ आरोपित पक्ष को मिलता है। समाज में संस्कृति को बचाने के लिए सभी लोगों को मिलकर चुनौती का सामना करने की जरूरत है। समाज में संस्कृति को बचाने के लिए युवाओं की भूमिका अहम है। आपातकाल पर कहा कि 48 साल पहले लोकतंत्र के गले को घोंटने का प्रयास किया गया था। अगर 48 साल पहले वह लोग सफल हो गए होते तो आज सांस्कृतिक एकता पुरस्कार ना हो पाता। सीएम ने आगे कहा कि हर व्यक्ति की अपनी पहचान होती है।

आदित्यनाथ ने यूपीएससी टॉपर्स को किया सम्मानित

नोएडा। विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्रेटर नोएडा में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉपर इशिता किशोर एवं 3 अन्य सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। आदित्यनाथ ने टॉप करने वाली इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा, गौरी प्रभात और कुश मिश्रा से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि आप लोगों पर पूरे देश को गर्व है।

देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। टॉपर्स को सम्मानित करने के बाद योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा, सीईओ ऋतु महेश्वरी, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, और डीएम मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आदित्यनाथ ने टॉप करने वाली इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा, गौरी प्रभात और कुश मिश्रा से मुलाकात की।

PUBLIC NOTICE

Unit DJ1106, Plot No 11, NHCC, Jasola New Delhi was jointly registered in the name of Ms Ritika Mittal, Mrs Manorma Mittal and Mr. G.K.Mittal. Mr. G.K.Mittal S/o Gurmukh Dass R/o G-38, Masjid Moth, Greater Kailash 2, New Delhi 110048, who has expired on 24th March 2023 leaving behind a registered Will for his share in this property in favour of Mrs. Manorma Mittal and accordingly the name of Ms. Ritika Mittal and Mrs Manorma Mittal and are being noted in DLF's record in respect of the captioned office unit. If anybody has any objection to this, he or she may approach M/s DLF Ltd or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

RAJESH MAHNA (ADVOCATE)
G-67, Masjid Moth, Greater Kailash-II,
New Delhi-110048, Ph. 7373900606

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा नोटिस दिया गया है कि शिव भोले को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 20, सेक्टर 7, द्वारका, फेस-I, नई दिल्ली-110075 के एक शेयर, शेयर सर्टिफिकेट नंबर 142 श्री राजीव के नाम पर है। आगे सूचित किया गया है कि यह शेयर सर्टिफिकेट खो गया है और उसके संबंध में डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए एक आवेदन सोसायटी को दिया गया है। जिसे ऐसे डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के खिलाफ आपत्ति, यदि कोई हो, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर सोसायटी के उपरोक्त पते पर की जानी चाहिए। यह शेयर सर्टिफिकेट गिरवी नहीं है, या फ्लैट के बदले कोई ऋण नहीं लिया गया है।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **I,SANDEEP SHOREWALA S/o LATE SH. PADAM NATH SOREWALA,R/o H.NO.AC-50,TAGORE GARDEN,NEW DELHI have applied for issuance of Certified copies vide File No.F.3 (306)63/LAB® in DDA.** The original documents i.e. **DEMAND/ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, SITE POSSESSION AND SITE PLAN of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.584559/2023 dated 23.06.2023** to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9810377621 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (LAB) R or Director(Land), C Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi**

PUBLIC NOTICE

This is to inform the Public at large that Smt. Shikha Ralhan W/o. Sh. Amit Ralhan is the 'Title Holder' in possession of 'DDA Built Up Freehold Property Bearing Flat No. 58, Third Floor, Category-II, Wazirpur Residential Scheme, Ashok Vihar, Phase-III, New Delhi-110052 admeasuring 90.00 sq. mtrs.', hereinafter referred to as 'Schedule Property' vide Conveyance Deed dated 31.12.2019, registered as Registration No. 19926, Book No.1, Vol. No.7510, pp. 57-60 on 31.12.2019 in the Office of the Sub Registrar-VII, Vikas Sadan, New Delhi. That the Original Documents w.r.t. the Schedule Property, i.e. (i) Allotment Letter dated 05.05.86, (ii) Offer to Possession Letter dated 23.07.87, (iii) NOC for Water & Electricity dated 23.07.87, (iv) Possession Slip, (v) General Power of Attorney (registered) dated 22.06.06 and (vi) Agreement to Sell (registered) dated 22.06.06, have been lost, misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 04.10.2019 bearing LR No. 1682775/2019 was filled with Delhi Police. This notice is thus issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property presently intended by the Title Holder, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 15 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the Schedule Property as presently intended.

Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी को बताया काला अध्याय

● कहा- मीडिया जगत के ध्रुव तारा हैं रामनाथ गोयनका, लोकतंत्र को बचाने का काम किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का काम हुआ था।

उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का काम स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा है। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगी, तब गोयनका का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। सीएम योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपात काल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीएम योगी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका जी ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। योगी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देने का काम किया। गोयनका जी ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए, इसका मार्ग भी उन्होंने दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि रामनाथ गोयनका ने स्वच्छ और सुचिता पूर्ण मीडिया के मानक गढ़े। गोयनका का राष्ट्रवादी मीडिया मिशन के साथ भी गहरा जुड़ाव रहा है। देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को बचाने तक रामनाथ गोयनका के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

संवाद के माध्यम से होगा किसानों की समस्या का समाधान: योगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा गौतम बुध विश्वविद्यालय में पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान संवाद से किया जाएगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें विकास की सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है। विगत छह वर्ष में गौतमबुद्धनगर को लेकर लोगों का परसेप्शन बदला है। पहले दिल्ली में रहने वाले लोग ग्रेटर नोएडा आने में संकोच करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। अब दिल्ली और देश के कोने.कोने से लोग नोएडा और ग्रेटर नोएडा आना चाहते हैं। यहां पर मेडिकल डिवाइस पार्क, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

हम संवाद के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान विकास की विरोधी और नकारात्मक ताकतों को बीच में नहीं आने देना है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सफल नहीं होने देना है।

कार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां एक क्रेटा कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार तीन लोग अंदर ही फंस गए। सूचना पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान तीनों लोगों की मौत हो गई। दादरी थाना क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस.वे पर सुबह करीब 4;00 बजे एक क्रेटा कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दरअसल बुलंदशहर के रहने वाले संजीव , प्रखर और हनी क्रेटा कार में सवार होकर डासना की तरफ जा रहे थे, तभी ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर इनकी गाड़ी में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों घायल उसी के अंदर फ ंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

एम्स की पैरा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पकड़ा साल्वर

● पांच बार दे चुका नीट की परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एम्स की पैरा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शनिवार को अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे साल्वर पकड़ लिया गया है। यह परीक्षा मेरठ रोड स्थित आइएएमआर केंद्र में आयोजित की गई थी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा पर्यवेक्षक डा. पवन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साल्वर को आशीष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी ने बताया कि आशीष जयपुर राजस्थान के तुंगा का रहने वाला है और वह जयपुर के ही शाहपुरा के मनीष यादव के स्थान पर परीक्षा देने आया था। बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के दौरान अभ्यर्थी ने जैसे ही अंगूठा लगाया तो एम्स के कंट्रोल रूम पर अलर्ट पहुंचा कि अपंजीकृत व्यक्ति ने उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास किया। कंट्रोल रूम से मिली सूचना मिलते ही केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आरोपित को हिरासत में ले लिया और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस की सुपुर्दगी में देकर देर शाम उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पांच बार नीट की परीक्षा दे चुका है, लेकिन अभी तक चयन नहीं हो पाया है। वह मनीष को नहीं जानता उससे जयपुर के ही सुरेश बागड़िया ने संपर्क किया था कि तुम नीट की परीक्षा कई बार दे चुके हो। इसलिए पैरा मेडिकल में प्रवेश के लिए परीक्षा आसानी से पास कर लोगे। सुरेश ने उसे परीक्षा के बाद 80 हजार रुपये देने का वादा किया था। आशीष का कहना है कि वह पहली बार दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

कोठी गिफ्ट मामला: अम्शुला से भावनात्मक रिश्ता: अरुणा

● महिला ने कहा- कोई दबाव नहीं था, ऐसा न करती तो मकान रिश्तेदार हड़प लेते

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यूपी के पूर्व डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान की बेटी अम्शुला चौहान को गिफ्ट में कोठी मिलने के मामले में नया मोड़ आया है।

गिफ्ट देने वाली अरुणा मोहन और लेने वाली अम्शुला चौहान के बीच कोई रिश्ता नहीं है। ऐसे में इस गिफ्ट पर तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच, सीनियर सिटीजन अरुणा मोहन का एक एफिडेविट सामने आया है। जिसमें उन्होंने कोठी गिफ्ट करने की वजह बताई।

दिवंगत ऑफिसर की पत्नी ने कहा. मेरे और अम्शुला के बीच गहरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं उसे अपनी पोती की तरह मानती हूं। यह लोगों को समझना चाहिए कि खून के रिश्ते से ज्यादा मजबूत दिल के रिश्ते होते हैं। गिफ्ट देने की दूसरी वजह मेरे ससुराल वाले हैं।

पति के निधन के बाद उन्होंने इस घर को हड़पने की कोशिश की। महिला 81 का नाम अरुणा मोहन है। अरुणा के पति स्वर्गीय राजेंद्र मोहन सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक रहे थे। 26 नवंबर 2021 को अरुणा मोहन ने नोएडा के सेक्टर.15ए स्थित मकान नंबर.109 की गिफ्ट डीड अम्शुला चौहान के नाम नोएडा अथॉरिटी में कराई थी। अम्शुला गाजियाबाद में इंदिरापुरम स्थित नीति खंड.2 में रहती हैं। अम्शुला के पिता चौहान कुछ दिन पहले ही यूपी पुलिस के क्ळच् पद से रिटायर हुए हैं। 350 स्कवायर मीटर में बनी इस कोठी की कीमत 10 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई है। क्योंकि ये नोएडा का सबसे महंगा रेजिडेंशियल एरिया है।

जो फिल्म सिटी से एकदम सटा हुआ है। करीब 3 दिन पहले लखनऊ में एक अखबार में पूर्व डीजीपी की बेटी को गिफ्ट में कोठी मिलने की खबर पब्लिश की। इसके बाद से इस अखबार की कटिंग सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

ये मामला तूल पकड़ने लगा। पूर्व ऑफिसर अमिताभ ठाकुर ने लेटर लिखकर सीएम योगी से जांच की मांग की। मामला बढ़ने के बाद अरुणा मोहन ने 24 जून को शपथ पत्र जारी करके अपनी सफाई पेश की है।

संक्षिप्त समाचार

फर्जी खाते से लेनदेन करने वाले 4 जालसाज गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर 63 नोएडा पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड के जरिए बैंकों में खाता खोलकर करोड़ों रुपए का लेन देने करने वाले 04 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक लैपटॉप, एक प्रिन्टर, 01 बायोमेट्रिक मशीन, 01 रैटिना स्कैनर, 01 थंब स्कैनर, 01 वेब कैमरा व 6 फर्जी आधार कार्ड व दो फर्जी पैन कार्ड व एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। इनकी पहचान अजय कुमार, नरेश चन्द गुप्ता, जावेद खान, सिद्धार्थ गुप्ता हुई है। पुलिस ने बताया कि गैंग के सदस्य बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे आवेदन लेते थे। फिर उनके नाम का फर्जी आधार और पैन कार्ड बनाते और उस कार्ड के जरिए खाता खोलते थे। साथ ही प्रोसेसिंग फीस के नाम पर अवैध वसूली करते थे। इस गैंग के चारों सदस्यों की अलग अलग भूमिका नीयत थी। जिसमें अजय और नरेश गुप्ता बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाने का काम करते थे। जावेद फर्जी आधार कार्ड एवं पैन कार्ड तैयार करने का काम करता था। सिद्धार्थ बैक खाते खुलवाकर अवैध तरीके से रुपयों का लेन देन करता था। इनके कब्जे से 1 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 1 बायोमेट्रिक मशीन, 1 रैटिना स्कैनर, 1 थंब स्कैनर, 1 वेब कैमरा, कुल 6 फर्जी आधार कार्ड, दो फर्जी पैन कार्ड बरामद किया गया है।

गाजियाबाद में रेल पटरी पर मिली छात्र की लाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शनिवार देर रात स्स्ठ के छात्र अनस की लाश रेल की पटरी पर मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौत से पहले छात्र ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, इसमें वह कह रहा अम्मी जी, तेरी औलाद से एक गलती हो गई। उस गलती को सुधारते सुधारते आज वो दिन आ गया। अम्मी बचने का कोई रास्ता नहीं है, मुझे माफकर दियो तुम। पुलिस इसी वीडियो के आधार पर सुसाइड की बात कह रही है। छात्र का इलाके के कुछ लड़कों से विवाद चल रहा था। उसने इसकी शिकायत 10 से 15 दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। इस वारदात से चंद घंटे पहले एक पुलिसकर्मी शिकायत के संबंध में छात्र के घर पर आया था। पुलिस ने मृतक की पहचान अनस 20 के रूप में की है। वह लोनी थाना क्षेत्र में चिरौड़ी गांव का रहने वाला था। नेशनल हाईवे.24 स्थित रॉयल कॉलेज से स्स्ठ की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार रात करीब 10 बजे कुछ राहगीरों ने बंथला पुलिस चौकी पर तैनात स्टाफ को निठोरा रेल पटरी किनारे एक बॉडी पड़ी होने की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस को अनस के मोबाइल से जो वीडियो मिली है। उसमें वह कह रहा है. अम्मी जी, तेरी औलाद से एक गलती हो गई। उस गलती को सुधारते सुधारते आज यो दिन आ गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

एचआईजी और एमआईजी में मिल सकेंगे मनपसंद फ्लैट

30 जून को लांच होने वाली डीडीए हाउसिंग स्कीम के लिए अभी से हो रही है पूछताछ

पहली बार एचआईजी और एमआईजी फ्लैट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे

डीडीए आवासीय योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना 30 जून को जारी होगी। इस योजना में लोग जसोला, नरेला, द्वारका, रोहिणी, सिरसपुर, लोक नायक पुरम में एक बीएचके, दो बीएचके और तीन बीएचके के फ्लैट बुक कर सकते हैं।

ईडब्यूएस श्रेणी के लिए 50 हजार, एलआईजी के लिए एक लाख, एमआईजी के लिए 4 लाख और एचआईजी के लिए 10 लाख रुपये बुकिंग राशि तय की गई है। जिनकी कीमत 11 लाख रुपये से लेकर 2.25 करोड़ रुपये है। यह हाउसिंग स्कीम पिछली हाउसिंग स्कीमों में काफी अलग है।

इसमें लोग अपने मनपसंद के फ्लैट्स बुक करवा सकेंगे। ड्रा के बिना लोगों को यह फ्लैट मिलेंगे इसलिए पजेशन मिलने के लिए लंबा इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। पहली बार एचआईजी और एमआईजी फ्लैट्स पहले आओ पहले पाओ योजना के तहत शामिल किए गए हैं।

पहले आओ पहले पाओ की स्कीम तो पहले से चल रही है लेकिन इस स्कीम में पहली बार एचआईजी और एमआईजी के फ्लैट्स शामिल किए गए हैं। यानी अब इस सेग्मेंट के लोग भी अपनी पसंद का फ्लोर और फ्लैट् मनपसंद लोकेशन पर बुक करवा सकेंगे। ऐसे में इस स्कीम को लेकर अभी से डीडीए ऑफिस में पूछताछ शुरू हो गई है। इस हाउसिंग स्कीम में लोग अपनी पसंद की जगह और फ्लोर उपलब्धता के आधार से बुक करवा सकेंगे। योजना में नरेला, द्वारका, जसौला के एलआईजी फ्लैट्स शामिल किए गए हैं। इनमें द्वारका और जसौला डवलप एरिया में बने फ्लैट्स हैं। इसके अलावा स्कीम में रोहिणी, नरेला, सिरसपुर और लोकनायकपुरम के एलआईजी और ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स भी शामिल किए गए हैं। इन फ्लैट्स को बुक करवाने के लिए लोगों को सिर्फ टोकन अमाउंट देना होगा।

नहीं बढ़ाए गए हैं रेट

डीडीए ने लोगों को किफायती फ्लैट्स उपलब्ध करवाने के लिए कीमतों में किसी तरह की बढ़ोत्तरी नहीं की है। स्कीम में शामिल ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स की कीमत वर्ष 2021 की स्पेशल स्कीम जितनी रखी गई है।

इतना ही नहीं एलआईजी और एमआईजी फ्लैट्स की कीमत भी हाउसिंग स्कीम वर्ष 2022-23 के बराबर ही रखी गई है। कीमतों में इजाफा न करके लोगों को राहत देने की कोशिश की गई है।

दिल्ली में घर है तब भी कर सकते हैं आवेदन

डीडीए की आवासीय योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे लोग भी इस स्कीम में फ्लैट्स बुक कर सकते हैं जिनके पास दिल्ली में अपना घर हैं। अब तक डीडीए की स्कीम में वही लोग आवेदन कर सकते थे जिनके पास अपना घर नहीं होता था। लेकिन पिछले दिनों डीडीए ने लोगों की जरूरतों को देखते हुए इस नियम को खत्म कर दिया है। हालांकि वही लोग अप्लाई कर सकते हैं जिनके पास 67 स्वायर मीटर से छोटे घर या फ्लैट्स हो। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार लोग निवेश के लिहाज से भी इन फ्लैट्स को खरीदेंगे।

योजना में फ्लैट की कीमतें

जसोला3	बीएचके	2.25 करोड़
नरेला	2बीएचके	1 करोड़
द्वारका 2	बीएचके	1.30 करोड़
नरेला	एलआईजी	11 लाख
रोहिणी	एलआईजी	15 लाख
सिरसपुर	एलआईजी	18 लाख

कहां कितने फ्लैट

जगह का नाम	पॉकेट	कुल फ्लैटस
जसोला-3	बीएचके-98	41
नरेला-2	बीएचकेए1-4	179
द्वारका-2	बीएचके19-बी	50
नरेला-1	बीएचके जी-7	937
रोहिणी-1	बीएचके 34 सेक्टर	1516
नरेला-1	बीएचके जी-8	1224
सिरसपुर-1	बीएचकेए1/सी-2	126
नरेला-1	बीएचके जी-2	505
रोहिणी-1	बीएचके35 सेक्टर	188
लोक नायक पुरम	-	140
नरेला-1	बीएचके-ए-1-4	777

पांच हजार फ्लैट्स से शुरू होगी स्कीम

शुरू में इस योजना में पांच हजार फ्लैट्स शामिल किए जा रहे हैं। इसके बाद मांग के अनुरूप इस योजना में समय-समय पर फ्लैट्स को जोड़ा जाएगा। यानी ऐसा नहीं है कि जो फ्लैट्स इस स्कीम में शामिल किए जाएंगे सिर्फ वही फ्लैट्स में रहेंगे। आगे फ्लैट्स बढ़ने की संभावना भी है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की गिरफ्त में पांच ठग।

हैकर्स का डर दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले पांच ठग गिरफ्तार

- अमेरिकी नागरिकों को 6 लाख डॉलर से अधिक का लगाया चूना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमेरिका के बुजुर्गों को हैकर्स का डर दिखाकर उनसे जबरन वसूली करने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने पांच ठगों को देश के अलग-अलग शहरों से गिरफ्तार किया है।

जालसाजों ने ऑनलाइन तकनीकी सहायता मुहैया कराने के बहाने अमेरिका में रहने वाले बुजुर्गों से संपर्क किया और फिर उन्हें डर, झूठ और झूठे वादों से अपने जाल में फंसाया, जिससे पीड़ितों की मेहनत की कमाई 625,000 अमेरिकी डॉलर वूल लिए। आरोपियों की पहचान कुणाल सिंह उर्फ क्रिस्टोफर, सुब्रत दास उर्फ ऑस्टिन, सुमन चंद्र दास, गौतम और अमित सिंह के रूप में हुई है। ये लोग दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन लोगों कब्जे से 7 लाख रुपये, 6 लैपटॉप, 11 मोबाइल, 3 राउटर एप्पल मैकबुक, सिम कार्ड आदि बरामद किए गए हैं। विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल सेल की (आईएफएसओ) यूनिट को शिकायत मिली थी, जिसमें अमेरिका के जोस एंटोनियो कोर्डेरो और लानिवती तनुदजाजा ने भारत में अमेरिकी दूतावास के माध्यम से आईएफएसओ में शिकायत की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने 21 अक्टूबर, 2021 को अपने लैपटॉप की समस्या को हल करने के लिए फेमस टेक सपोर्ट वेबसाइट गीक स्क्वाड से ऑनलाइन मदद मांगी थी। उसी दिन, उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया जिसने अपना परिचय गीक स्क्वाड से जॉन के रूप में दिया। उसने उन्हें बताया कि उनका लैपटॉप हैक हो गया है और फाइनेंशियल डेटा सहित उनकी सारी जानकारी हैकर्स के सामने आ गई है। जालसाल ने दावा किया कि अगर धनराशि तुरंत सुरक्षित खाते में ट्रांसफर नहीं की गई तो हैकर्स द्वारा उनकी जिंदगी भर की कमाई जा सकती है।

इमरजेंसी लगा कांग्रेस ने देश को कालकोठरी बना दिया : सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आपातकाल को लगे 48 वर्ष पूरे हो गए और अभी भी भाजपा को इसको लेकर कांग्रेस पर हमलावर है।

आपातकाल विरोध दिवस पर प्रदेश भाजपा ने हर साल की तरह इस वर्ष भी प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन और आपातकाल बंदी सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें आपातकाल बंदियों का सम्मान किया गया। हर कार्यक्रम में एक वरिष्ठ आपातकाल बंदी मंचासीन रहे और उन्होंने आपातकाल से जुड़े अपने संस्मरण सम्मेलन में उपस्थित लोगों से साझा किए। चांदनी चैक में आयोजित हुए कार्यक्रम में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद डॉ हर्षवर्धन एवं आपातकाल बंदी प्रो पी के चांदला ने प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक की और आपातकाल बंदियों का सम्मान किया।

साल के अंत तक हटेंगी एक हजार बसें: भाजपा

- दिल्ली वाले होंगे बे-बस, सरकार ने नहीं किए हैं कोई पुख्ता इंतजाम : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने दावा किया है कि इस साल के अंत सड़कों से हटेंगी एक हजार बसें। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा आने वाले दिनों में दिल्ली वाले बे-बस हो जाएंगे। दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े से इस साल 650 बसें हटने वाली हैं। क्लस्टर बसों को मिलाकर एक हजार बसें सड़कों से हटने वाली हैं लेकिन सरकार के पास नई बसें लाने के आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं है।

100 इलेक्ट्रिक बसें आई हैं लेकिन खराबी के कारण वे भी मायापुरी डिपो में एक महीने से भी ज्यादा समय से धूल फांक रही हैं।रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि राजधानी में इस समय कम से कम 12 हजार बसों की जरूरत है लेकिन आम आदमी पार्टी की अदूरदर्शिता और लापरवाही का यह नतीजा है कि पिछले आठ सालों में नई बसें लाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया। हाल ही में जो 300 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों उतारी गई हैं वे केंद्र ने दिल्ली को उपलब्ध कराई हैं। इसके अलावा मेट्रो ने 94 फीडर बसें दिल्ली सरकार को दी हैं। दिल्ली की सड़कों पर इस समय 6931 बसें हैं। इनमें से 3887 बसें डीटीसी की, 2950 क्लस्टर बसें और 94 फीडर बसें हैं।

डीटीसी की बसों में 300 इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल हैं यानी बाकी 3587 बसें पुरानी हैं। असल में ये सभी बसें वर्ष 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले ही खरीदी गई थीं और ये सभी अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं। इन बसों की उम्र 8 साल से बढ़ाकर 10 साल किया गया और अब 13 साल की उम्र भी पूरी कर चुकी हैं।

एचएलसी ने यमुना के कायाकल्प के लिए नए क्षेत्रों पहचान की

- एलजी सक्सेना की अगुवाई में हाल ही में आयोजित उच्च स्तरीय समिति ने की 5वीं बैठक में नए कार्य योजना का रोड मैप किया गया तैयार

विनय कुमार सक्सेना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के यमुना के कायाकल्प के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद से 8 बिंदुओं पर काम चल रहा है।

इसमें अब कुछ नए बिंदुओं की पहचान की गई है जिनका क्रियान्वयन किया जाना है। यमुना पर हुए अब तक के काम के अनुभवों और एचएलसी में समीक्षा के आधार पर अप्रैल में आयोजित एचएलसी की चौथी बैठक में इन नए कार्य बिंदुओं की पहचान की गई थी। हाल ही में आयोजित एचएलसी की 5वीं बैठक में नए एक्शन प्लान का रोड मैप तैयार किया गया है। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि गलत कनेक्शन की वजह से आपस में जुड़ चुके स्टॉर्म वाटर ड्रेन और सीवर लाइंस को अलग करना, यमुना पर बने पुलों से कचरे को फेंकने से रोकना और शहर में लगभग 442.63 किलोमीटर लंबी 1000 मिमी (1 मीटर)के व्यास से कम चौड़ाई वाली सीवर लाइनों से गाद निकालना, ऐसे नए कार्य बिंदुओं की पहचान की गई है जिन पर काम शुरू हो चुका है और जिसकी निगरानी और क्रियान्वयन एचएलसी कर रही हैं। यह 442.63 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन, 1 मीटर व्यास से अधिक की चौड़ाई वाली 200 किलोमीटर की ट्रंक-पेरिफेरल सीवर लाइनों के अतिरिक्त हैं जिन पर काम पहली एचएलसीमीटिंग के बाद ही शुरू हो गया था।

एचएलसी की 5वीं बैठक में नए एक्शन प्लान के बारे में बताया गया था। सीवरेज सिस्टम और बारिश के पानी वाले नाले के गलत तरीके से आपस में जुड़ाव को रोकना इस कार्य योजना के तहत सीवरेज वाले नाले और बारिश के पानी वाले नाले में जो गलत तरीके से आपस में जुड़ गए हैं, को अलग करना है। दूसरा, इस योजना के तहत बारिश के पानी के लिए बने नालों का उनकी क्षमता के मुताबिक पूरा इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में कुदरती तौर पर बने ऐसे 210 नाले हैं।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से ऐसे नालों की एजेंसी के आधार पर सूची सौंपने को कहा गया जो सीवर लाइनों से जुड़े हैं। डीजेबी ने पहले चरण में ऐसे 539 प्वाइंट की सूची तैयार की है जहां यह गलत तरह से आपस में जुड़े हैं। इन 539 पानी के नालों में से 309 अभी भी डीजेबी के सीवरेज सिस्टम से जुड़े हुए हैं। इन 309 नालों में एमसीडी के 286, पीडब्ल्यूडी के 19 और दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रस्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के 3 हैं। एचएलसी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों के पास ये दोषपूर्ण कनेक्शन वाले नाले हैं वे इसे अलग करने की समयसीमा के साथ अगली बैठक में शामिल हों।

ज्ञात हो कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना नागरिक स्वयंसेवकों के साथ सेंट्रल रिज स्थित मालचा महल के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण का शुरू किया है। इस दौरान उन्होंने एसपी मार्ग पर 3 किलोमीटर की दूरी पर सफाई और पौधारोपण अभियान चलाया।

इस मुहिम के तहत पांच तरह के पौधे अमलतास, चिनार, गुलमोहर, जैकरानाडा व बोगनवेलिया लगाए। उपराज्यपाल ने राजधानी में विभिन्न मुख्य मार्गों और सड़कों का सौंदर्यीकरण की निगरानी कर रहे हैं।

केजरीवाल का बयान विपक्षी एकता को नुकसान पहुंचाने वाला था: माकन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने उनकी पार्टी पर तंज कसे जाने को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी पर हमला किया और के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया कि विपक्ष की एकता पर उनका बयान इसे नुकसान पहुंचाने और भाजपा के साथ राजनीतिक सौदेबाजी के लिए सोच-समझ कर उठाया गया कदम है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के लिए केंद्र द्वारा लाए गए अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस से मदद मांगते हैं, वहीं दूसरी ओर राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, और सचिन पायलट सहित कांग्रेस के नेताओं का बेशर्मी से मजाक उड़ाते हैं। माकन ने ट्विटर पर कहा, उनके मंत्री हमारे गठबंधन पर पूर्व शर्त निर्धारित करते हैं, जबकि उनके मुख्य प्रवक्ता विपक्षी दल की बैठक के दिन सार्वजनिक रूप से हमारी पार्टी और नेताओं का अपमान करते हैं। खुल्लम खुल्ला आलोचना करना और फिर समर्थन मांगना, क्या इसी तरह गठबंधन किया जाता है।

अजय माकन

कांग्रेस नेता ने दावा किया, हाल के हफ्तों में केजरीवाल की राजनीतिक पैंतरेबाज़ी ने कई लोगों को हैरान कर दिया है। हालांकि, मैं सच्चाई स्पष्ट कर देता हूं। इन कार्यों का कारण भ्रष्टाचार के आरोप में जेल से बचने की उनकी कोशिश है।

सब्जी मंडी इलाके में कूड़े के ढेर पर मिला महिला का शव

नई दिल्ली। सब्जी मंडी इलाके में एक अस्पताल के निकट कूड़े के ढेर के बाहर रविवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला।

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान महिला के शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा संदेह है कि वह नशे की आदी थी। पुलिस ने बताया कि शव के पास उसका कोई भी सामान नहीं मिला। उसने बताया कि फिलहाल, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 174 के तहत कानूनी कार्वाई शुरू कर दी गई है। महिला की पहचान करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

दबंगों ने युवक पर किया नुकीली चीज से हमला

नई दिल्ली। किशनगढ़ इलाके के एक पार्क में स्थानीय लोगों के एक समूह द्वारा कथित तौर पर पिटाई किए जाने और किसी नुकीली वस्तु से हमला करने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान किशनगढ़ निवासी अभिनंदन (20) के रूप में हुई है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार यह कथित घटना शनिवार रात साढ़े नौ बजे हुई, जब अभिनंदन और उसका दोस्त हिमांशु (18) अपने घर के पास स्थित एक पार्क में दौड़ लगा रहे थे। उसने बताया कि पीड़ित की चार-पांच स्थानीय लोगों के साथ झड़प हुई, जिसके बाद लोगों ने उसे डंडों से पीटा और किसी नुकीली चीज से उस पर हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि किशनगढ़ पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 308 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया।

दिल्ली पर्यटन : बच्चों और युवाओं ने सीखे अभिनय के गुर

- राजघाट पर चिल्ड्रन थियेटर फेस्टिवल का समापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पर्यटन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) के सहयोग से बच्चों के लिए प्रथम चिल्ड्रन थियेटर फेस्टिवल का आयोजन 15 जून से 24 जून, 2023 (निकटतम मैट्रो स्टेशन- दिल्ली गेट) तक किया गया, जिसका आज समापन हो गया है।

इस अवसर पर दिल्ली पर्यटन की प्रबंध निदेशक निहारिका राय, प्रबंध निदेशक, दिल्ली पर्यटन, सुश्री गीतिका शर्मा, महाप्रबंधक, दिल्ली पर्यटन , राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थें। 10 दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में 8 वर्ष से 16 वर्ष तक बच्चों के लिए थियेटर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चों को कार्यशाला के दौरान अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिला जो उनके जीवन को थियेटर के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों तक ले जाने में सहायक होगा। इस अवसर पर दो आम, वारेंन हास्टिंग का सांड, तांतिया मामा, धिन चिक पम पम पुश, उलगुलान और डाक घर नाटकों का मंचन किया गया। रंगमंच के कारण ही फिल्म उद्योग को अनेक कलाकार मिलें है। रंगमंच के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को जन-जन तक पहुँचाया जाता है। दिल्ली पर्यटन राजधानी में सदैव पर्यटन के सांस्कृतिक गतिविधियों को को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। यह उत्सव भी इसी श्रृंखला का अभिन्न अंग था। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक ऐसा अवसर प्रदान करना है जिससे कि उनके भीतर छिपी हुई प्रतिभा को रंगमंच कार्यशाला और नाटको के माध्यमो से उभारना है। उल्लेखनीय है कि इस समय स्कूलों का ग्रीष्म अवकाश चल रहा है।

रंगमंच पर बाल कलाकार।

इससे बच्चें इस उत्सव से लाभांवित हुए। ये नाट्य कार्यशालाएं एक ऐसा पटल है जिसके माध्यम से बच्चें रंगमंच / फिल्म उद्योग को अपना व्यवसाय चुन सकते है। उल्लेखनीय है कि रंगमंच ने फिल्म उद्योग को बहुत से कलाकार दिए है।

रंगमंच द्वारा समाज में सामाजिक मुद्दों की चेतना का प्रसार किया जाता है। ऋज्वेद में भी रंगमंच के संवादों का उल्लेख मिलता है, कोरस आदि रंगमंच के अन्य उदाहरण है।

मुख्यमंत्री कल्याण योजना में पंजीकरण करा सकते हैं वकील

नई दिल्ली। दिल्ली बार काउंसिल में पंजीकृत और राष्ट्रीय राजधानी के मतदाता वकील मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें 10 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर भी शामिल है।

उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राकेश खन्ना सहित बार के नेताओं ने कहा कि एक जुलाई से दिल्ली सरकार ने शहर के उन वकीलों के पंजीकरण के लिए अपना पोर्टल फिर से खोल दिया है जो पहले कल्याण योजना के लिए पंजीकरण नहीं करा सके थे। अब 15 जुलाई तक पंजीकरण कराया जा सकता है। दिल्ली सरकार ने एक पत्र में बताया कि वकील 10 लाख का बीमा कवर और पति पत्नी व दो बच्चों के लिए पांच लाख तक के मेडिकल टर्म का लाभ उठा सकते हैं।

मानसून के दौरान लोगों को एहतियात बरतने की सलाह

- बीएसईएस ने लोगो को बिजली के खंभों, तारों, ट्रांसफॉर्मर से दूर रहने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मानसून की पहली बारिश के बीच बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने परामर्श जारी कर लोगों को बिजली के खंभों, तारों और अन्य ढांचों से दूर रहने सहित तमाम एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी। परामर्श में डिस्कॉम ने लोगों से बिजली के खंभों, उप क्रेंदों, ट्रांसफॉर्मर और स्ट्रीट लाइट से दूर रहने की अपील की।

बीएसईएस ने परामर्श में कहा है कि बच्चे जल जमाव वाले उद्यानों और विद्युत ढांचों के पास खेलने से बचें, भले ही उनके चारों ओर अवरोधक लगाए गए हों। मानसून के दौरान कुछ खास समस्याएं उत्पन्न होती हैं जिनमें सड़कों पर जलजमाव, तेज हवाओं की वजह से पेड़ों के उखड़ने या शाखाएं टूटने से विद्युत अवस्थापना को क्षति जिसकी वजह से बिजली कटौती शामिल है।

मानव जीवन और बिजली उपकरणों की सुरक्षा के लिए यह जरूरी हो जाता है कि प्रभावित इलाके में एहतियातन बिजली काट दी जाए। डिस्कॉम ने परामर्श में कहा, अपने परिसर में संपूर्ण वायरिंग की लाइसेंस प्राप्त विद्युत ठेकेदार से जांच कराएं। यदि मीटर केबिन में पानी का रिसाव हो रहा है तो मुख्य स्विच को बंद कर दें।

120 गाड़ियों के काफिले के साथ गौरवशाली भारत रैली में पहुंचे नवीन गोयल के समर्थक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम से जाटौली तक उनके काफिले की हो रही काफी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में धारा 370 हटने की खुशी में पहुंची 370 गाड़ियां

गुरुग्राम से जाटौली रैली के लिए रवाना होते नवीन गोयल समर्थक।

ग्रामीण अंचल जाटौली में गुरुग्राम लोकसभा स्तर की गौरवशाली भारत रैली करके भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2024 को आगे बढ़ाते हुए भारी बरसात के बीच जनता को जोड़कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस रैली में 120 गाड़ियों के काफिले के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के समर्थक पहुंचे।

नवीन गोयल ने रोहतक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में धारा 370 हटने की खुशी में 370 गाड़ियां ले जाकर इस ऐतिहासिक कार्य के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया था। अब गुरुग्राम लोकसभा की गौरवशाली भारत रैली में गुरुग्राम से पटौदी खंड के गांव जाटौली तक 120 गाड़ियों का काफिला उनके समर्थक लेकर गए तो लोगों ने खूब सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष में गौरवशाली भारत रैली के माध्यम से महाजनसंपर्क अभियान गतिमान है। रविवार सुबह से ही हो रही बारिश के बीच कार्यकर्ता रैली में जाने के लिए निर्धारित स्थान पर पहुंचे। बरसात भी कार्यकर्ताओं के हौंसले को कम नहीं कर सकती। कैनविन फाउंडेशन के सौजन्य से इस काफिले में सभी सुविधाओं से लैस एक एम्बुलेंस भी शामिल की गई, ताकि रास्ते में किसी को मेडिकल सहायता की जरूरत पड़े तो तुरंत दी जा सके। भारत माता, भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री समेत तमाम बड़े नेताओं के जयकारों के साथ यह काफिला पूरे राह लोगों के दिलों पर छाप छोड़ता गया।

कार्यकर्ताओं को दिए गए अपने संदेश में नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की भविष्य में भी मजबूत सरकार बनेगी। पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व देश को जहां आगे बढ़ा रहा है, वहीं हरियाणा प्रदेश में मनोहर लाल के मजबूत इरादों से प्रदेश तरक्की की राह पर है।

केंद्र में मंत्री रहते हुए गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह सदा स्थानीय मुद्दों की पैरवी करते हैं। भाजपा चुनाव समिति की केंद्रीय सदस्य डा. सुधा यादव चुनावी रणनीति पर राष्ट्रीय राजनीति में अपना भरपूर योगदान दे रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात जुटे रहते हैं। हरियाणा प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब भी अपने अनुभव का हरियाणा में पार्टी को पूरा लाभ दे रहे हैं।

जन कल्याण परमार्थी शिविर में 566 मरीजों का हुआ चेकअप

प्रवीन शर्मा। सिरसा

जन कल्याण परमार्थी शिविर में नेत्र जांच कराती महिला।

डेरा सच्चा सौदा की ओर से शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में रविवार को मासिक जनकल्याण परमार्थी शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर में शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों सहित अन्य विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर को लेकर मरीजों में खासा उत्साह देखा गया। शिविर में 566 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल स्थित पूज्य बापू मग्घर सिंह जी इंटरनेशनल ब्लड सेंटर में 50 से अधिक रक्तदाताओं ने जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के आरएमओ डा. गौरव अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। जिसमें अत्यधिक पसीना आने के कारण शरीर में पानी की कमी हो रही है। गर्मी से बचने के लिए सभी को अधिक से अधिक पानी का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा शिकंजी, जूस, रस आदि नियमित लेते रहना चाहिए।

इन चिकित्सकों ने दी सेवाएं : कैंप में जनरल मेडिसिन में डा. गौरव अग्रवाल, डा. मीनाक्षी, डा. तनुज मेहता, डा. इकबाल सिंह, इशिता, डा. पुनीत माहेश्वरी (एनेस्थीसिया), अमृतसर से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दीपिका व डा. श्वेता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. वेदिका इन्सां, अमृतसर से डा. लोकेश कुमार, जनरल सर्जन डा. क्षितिज मेहता, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. मनू सिंगला, कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ डा. शरणदीप कौर, डा. पंकज मित्तल (यूरोलॉजी), चमड़ी रोग विशेषज्ञ डा. अंजी खुराना, आयुर्वेदा विशेषज्ञ डा. अजय गोपालानी, डा. मीना गोपलानी व डा. शंशीकांत, दंत रोग विशेषज्ञ डा. ब्रह्म सिंह चौहान, डा. मोनिका नैन, डा. गौरव गर्ग, डा. निशिता, विपिन गोयल, फिजियोथेरेपिस्ट डा. नीता व डा. जसविंद्र कौर, रेडियोलॉजिस्ट डा. दिनेश चौहान, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. नेहा गुप्ता सहित शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफने अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा पानीपत व टोहाना ब्लॉक के अलावा अन्य समितियों के सेवादारों ने अपना सहयोग किया।

पिछले नौ सालों में पीएम मोदी ने नया भारत दिया : बिप्लब कुमार देब

गुरुग्राम लोकसभा के जाटौली मंडी में हुई गौरवशाली भारत रैली

रैली में संयोजक राव इंद्रजीत ने गिनवाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के खंड पटौदी की जाटौली मंडी में आयोजित गौरवशाली भारत रैली में मंचासीन हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर पटौदी में आयोजित गुरुग्राम लोकसभा की गौरवशाली भारत रैली में भाजपा प्रभारी बिप्लब देब ने कांग्रेस पर जमकर वार किए। उन्होंने उमड़े जनसैलाब में जोश भरते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने का एजेंडा सैट करने वाले विपक्षी दलों को पूरी तरह से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि 9 साल में मोदी ने नया भारत दिया है, जिसकी धमक पूरी दुनिया में गूंज रही है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 सालों में भारत महाशक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी का मजबूत भारत है अब दुश्मनों को सर्जिकल स्ट्राइक करके घर में घुसकर मारने की हिम्मत भारत रखता है। भारी बारिश के बावजूद पटौदी रैली में उमड़े जनसैलाब को देख उन्होंने सभी लोगों को धन्यवाद किया। कहा कि आप लोगों ने संदेश दे दिया है कि तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बननी निश्चित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा वीर सैनिकों और किसानों की वह भूमि है जिनके बेटे फौज में भर्ती होकर सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, तो किसान अन्न पैदा करके देश के लोगों का पेट भर रहे हैं। पटना में विपक्ष की मीटिंग पर तंज कसते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि विपक्ष का गठबंधन देश के कल्याण के लिए नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए है।

9 सालों में पूरे विश्व में भारतवर्ष का सम्मान बढ़ा : धनखड़

प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि मोदी सरकार के 9 सालों में पूरे विश्व में भारतवर्ष का सम्मान बढ़ा है। धनखड़ ने इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल को भारत के इतिहास का काला दिवस बताया। रैली के संयोजक केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां, योजनाएं गिनवाई और क्षेत्र के मुद्दे भी उठाए।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश और प्रदेश का चौतरफा विकास हुआ है। रैली को मंत्री ओम प्रकाश यादव, विधायक सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली सहित काफी वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

पिछली सरकारों ने दक्षिणी हरियाणा के साथ भेदभाव किया : केंद्रीय मंत्री राव

गुरुग्राम। गौरवशाली भारत रैली के संयोजक व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पटौदी में आयोजित रैली में पिछली सरकारों पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के साथ भेदभाव बरता गया है। विकास की बात हो या फिर दक्षिणी हरियाणा के हिस्से की बात, पिछली सरकारों ने यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी की है। राव इंद्रजीत सिंह ने जनता के सामने क्षेत्र के मुद्दे रखें और आने वाले समय में इलाके की बेहतरी के लिए और भी अधिक काम सरकार द्वारा कराने की बात भी कही। रैली में राव ने अपना भाषण तीन बिंदुओं पर रखा, जिनमें रैली की उपयोगिता, 9 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियां और राजनीतिक विषयों पर चर्चा। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि चुनाव के समय इतना समय नहीं होता कि वे सरकार की उपलब्धियां जनता के सामने रख सकें। इसलिए पूरे देश और प्रदेश में रैलियों के माध्यम से सरकार द्वारा कराए गए कामों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि देश अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है। मोदी सरकार ने लक्ष्य रखा है कि जब देश 100वां आजादी का दिवस मना रहा होगा तब भारत विकसित राष्ट्र होगा। विपक्षियों पर तंज कसते हुए राव ने कहा कि इन नौ सालों में हरियाणा को दो-दो एम्स मिले जिससे उनके तोते उड़े हुए हैं कि ऐसा कैसे हो सकता है। 2014 से पहले 11 किलोमीटर हाइवे बनते थे और अब हर दिन 35 किलोमीटर हाइवें बन रहे हैं। एक लाख करोड़ की लागत से दिल्ली मुंबई हाइवे, 9 हजार करोड़ की लागत से द्वारका एक्सप्रेस-वे तैयार हुआ है। गुरुग्राम -सोहना एलीवेटिड पर दो हजार करोड़ खर्च हुए हैं। गुरुग्राम-पटौदी मार्ग पर 1600 करोड़, रेवाड़ी-नारनौल नेशनल हाइवे पर 3800 करोड़ रुपये की लागत आई है।

संक्षिप्त समाचार

गांजा बेचने वाले को पुलिस ने घर के दरवाजे पर दबोचा

सोहना। सोहना सदर थाना के गांव मंडावर में पुलिस ने गांजा बेचने वाले को उसके घर में दबोचा। आरोपी से तलाशी के दौरान बेचने के लिए लेकर आया गांजा बरामद किया। सदर थाना सोहना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। गुरुग्राम अपराध शाखा पालम विहार में तैनात पीएसआई विनय ने बताया कि शनिवार को वह टीम के साथ सोहना सदर थाना के गांव निमौठ में गश्त कर रहा था। उसे सूचना मिली कि पास का गांव मंडावर निवासी निरोतम गांजा बेचने का काम करता है। वह गांजे की पुढ़िया बनाकर बेचता है। अभी वह बाहर से गांजा लेकर आया है। पुलिस टीम ने सूचना मिलने पर आरोपी को पीछा करते हुए उसे अपने की घर के दरवाजे पर दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान प्लास्टिक की पॉलीथिन को बरामद किया। जिसमें रखा 600 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया।

घर के बाहर से स्कार्पियो अंधेरे में हुई चोरी

सोहना। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो रात के समय में चोरी हो गई। गाड़ी मालिक शक्ति सिंह ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात करीब 11 बजे उसने अपनी गाड़ी को घर के बाहर खड़ा करके सो गया था। शनिवार की सुबह उठकर देखा तो उसकी गाड़ी मौके से गायब थी। पुलिस ने शक्ति सिंह की शिकायत पर गाड़ी चोरी का मामला दर्ज कर लिया।

विवि में यूजी, पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिलों की अंतिम तिथि बढ़ी

गुरुग्राम। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 51 स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 1637 सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। नए शैक्षणिक सत्र 2023 -2024 के तहत विद्यार्थी अब यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 7 जुलाई 2023, वहीं पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यूजी पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की आखिरी तारीख 25 जून एवं पीजी पाठ्यक्रमों में 2 जुलाई तय की गयी विवि के प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विवि की वेबसाइट पर सूचना विवरणिका उपलब्ध है, दाखिला संबंधी किसी जानकारी के लिए विद्यार्थी सूचना विवरणिका की मदद ले सकते हैं।

बच्चों में बचपन से ही डालें धार्मिक संस्कार : अनुमान सागर

गुरुग्राम। परम पूज्य मुनि अनुमान सागरजी महाराज जी का श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में गाजे-बाजे से शोभायात्रा के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। महाराजश्री सर्वप्रथम मंदिरजी में विराजमान चमत्कारी मूर्ति पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन कर भगवान की महिमा का वर्णन किया। महाराज जी ने 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का निर्वाण महोत्सव निर्वाण लाडू चढ़ाकर महाराजश्री के साथ में मनाया गया। इसके बाद 51 परिवारों द्वारा महाराजश्री की चरण वंदना की गई। पार्श्वनाथ ऑडिटोरियम में भगवान पार्श्वनाथ का एवं प्रथमाचार्य परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्रीशान्ति सागर महाराज जी का चित्र अनावरण दीप प्रज्ज्वलन समाज के श्रावकों द्वारा किया गया। तत्पश्चात महाराजश्री को श्रीफल चढ़ाकर गुरुग्राम में चातुर्मास हेतु विनय की। महाराजश्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। मनुष्य जन्म हमें किसी पद के लिए नहीं मनुष्य जन्म भगवान बनने के लिए मिला है। हम इधर-उधर भटकते हैं, लेकिन भगवान को सभी जगह है। हमें अपने मंदिर में भी पूजा-अर्चना करनी चाहिए। महाराजश्री ने बताया कि हमें छोटे बच्चों में धार्मिक संस्कार बचपन से ही डालने चाहिए। इसके बाद समाज के प्रधान संदीप जैन ने सभी से आग्रह किया कि चातुर्मास के समय सभी को महाराजश्री से बहुत कुछ ग्रहण करना है।

भीमगढ़ खेड़ी में भरा बरसात का पानी, लोग पलायन को मजबूर

गुरुग्राम। रेलवे स्टेशन के पास भीमगढ़ खेड़ी क्षेत्र में बरसात के पानी ने आफत मचाई है। जिसके कारण यहां लोगों का बेहाल है। यहां पिछले कई वर्षों से गली नंबर-1, 2, 3, 4 में बरसात का पानी घरों में घुस जाता है। जिसके कारण लोग यहां पलायन को मजबूर हैं। बरसाती पानी की निकासी के खास प्रबंध नहीं होने से इस कॉलोनी में प्रॉपर्टी के दामों में भारी कमी आई है। जिसका खामियाजा यहां के ग्रामीण व किराएदार भुगत रहे हैं। यहां की खास बात एक है यहां लोग अपना प्रॉपर्टी टैक्स, सीवरेज बिल, पानी बिल, बिजली बिल, समय पर भरते हैं। फिर भी यहां की दुर्दशा सही नहीं की जाती। कोई भी अधिकारी कार्य करने को खुश नहीं है। किसी काम को करने के लिए ठेकेदार केवल औपचारिकता पूरी करते हैं। साल भर में सीवरेज की सफाई मुश्किल से एक महीना भी नहीं हो पाती है। अगर सीवरेज कर्मचारी एक महीना ईमानदारी से सफाई कर दे तो कभी भी यहां के सीवरेज ओवर फ्लो नहीं होंगे। भीमगढ़ खेड़ी आरडब्लूए काफी मेहनत करती है। पत्राचार भी संबंधित विभाग को करती है, लेकिन कार्यवाही नहीं हो पाती। यहां से पूर्व डिप्टी मेयर परविंदर कटारिया भी निगम पार्षद रहे हैं। यहां से शीतल बागड़ी मंगत बागड़ी भी पार्षद रहे हैं। फिर भी यहां की समस्याएं दूर नहीं हुई।

साइबर सिटी में भ्रष्टाचार की बाढ़ : पंकज डावर

पंकज डावर ने जलभराव वाले स्थानों का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जलभराव वाली कालोनियों का दौरा करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर।

जलभराव की समस्या को उजागर करने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने अपने साथियों संग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को मदद पहुंचाने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अधिकारी सिर्फ कागजों और फाइलों में काम कर रहे हैं। इस सरकार में धरातल पर कोई भी काम नहीं हो रहा है।

पंकज डावर ने कहा कि यहां बरसात के बाद जो बाढ़ आ रही है, इसका एक ही कारण है भ्रष्टाचार चरम पर है। जो पैसा जलभराव की समस्याओं से निपटने के लिए पास होता है, भ्रष्टाचारी लोग उस पैसे को खा जाते हैं। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम की ओर से हर वर्ष सेंकड़ों करोड़ रुपये का बजट बनाया जाता है। हर साल जल निकासी की व्यवस्था के लिए नगर निगम करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रहा है।

काम कहीं नजर नहीं आ रहा। पंकज डावर ने कहा कि निगम के अधिकारी जल निकासी को रोकने के लिए जो काम करते हैं, वह सिर्फ कागजों तक सीमित रहता है। निगम अधिकारी अगर काम करते तो भाजपा सरकार के 9 साल के शासन काल में अब तक बहुत सी समस्याएं दूर हो चुकी होती। यहां नेशनल हाईवे हो या राज्य को जोड़ने वाली सड़कें सभी सड़कों पर जलभराव की समस्या से लोगों को परेशान होता देखा जा सकता है। रिहायशी क्षेत्रों की बात करें तो यहां के पास इलाके हो या पुराने शहर की कॉलोनियां हो, जब भी बारिश आती है। समस्या उसके साथ आकर खड़ी हो जाती इस मौके पर पंकज डावर के साथ महेंद्र राठी, परविंदर कटारिया, गौरव शर्मा, कुशल योगी, विनोद कुमार, गुरिंदरजीत सिंह, मनोज आहूजा, राहुल शर्मा, दिनेश कुमार, अरूण, दीपक राजपूत आदि मौजूद रहे।

आर्य समाज मंदिर सेक्टर-14 की धनखड़ ने रखी आधारशिला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-14 आर्य समाज मंदिर में आधारशिला स्थापना करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

रविवार को आर्य समाज सेक्टर-14 का भव्य आधारशिला स्थापना समारोह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने रखी। इस दौरान सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी एवं अशोक आर्य प्रधान आर्य केन्द्रीय सभा गुरुग्राम के सदस्य उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम आर्य समाज सेक्टर-14 के प्रधान एनके शर्मा, महामंत्री प्रमोद सलूजा, उपप्रधान अरुण कुमार सचदेवा और कोषाध्यक्ष सुभाष आहूजा ने ओमप्रकाश धनखड़, बोध राज सीकरी, का अभिनंदन ओम पट्टिका से किया। धर्मेंद्र बजाज ने पट्टिका, स्मृति चिन्ह, वेदों का सेट प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और सीकरी को भेंट किया।

मुख्य अतिथि ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि किसी की आलोचना मत करो, केवल प्रशंसा करो। सभी मिलकर चलो देश को भविष्य के संभावित खतरों से बचाओ। आर्य समाज जीवन से अनेक बुराई को छोड़ने में मदद करता है। देश का सजग प्रहरी है। सभी स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करें।

बोध राज सीकरी ने कहा कि हम आपसी भेदभाव को भुलाकर वैदिक सनातन धर्म का प्रचार करें। चाहे आर्य समाज का समारोह हो या सनातन धर्म का, दोनों को एक ही नारा लगाना चाहिए-सनातन वैदिक धर्म की जय हो। धर्मेंद्र बजाज और ज्योत्सना बजाज ने विशिष्ट व्यक्तियों का पधारने पर धन्यवाद किया। इस दौरान अंकित उपाध्याय, सुषमा, बुद्धि राजा, सुषमा आर्य, सुदेश कालरा एवं विभा आर्य ने उद्बोधन किया। अनुराग शास्त्री ने यज्ञ संपन्न कराया। अन्त में अशोक आर्य प्रधान आर्य केन्द्रीय सभा गुरुग्राम ने सभी को साधुवाद दिया। साथ ही सभी को ऋषि लंगर कराया गया।

बारिश से स्कूल, बाजार और नगर की सड़कें हुई जलमग्न

बारिश से शहर की सड़क, आम रास्तों में जलभराव होने से सैंकड़ों दुकानों में पानी भरा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

रविवार को हुई बारिश से सोहना के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल परिसर में जमा बरसात का पानी। रविवार को हुई तेज बारिश से सोहना का सामान्य बस स्टैंड मार्ग पर जमा बारिश का पानी।

रविवार की सुबह से हो रही बारिश से सरकारी विभाग व स्कूलों के परिसरों में जलभराव हो गया। जिसकी निकासी न होने की स्थिति में जमा पानी से निकट भविष्य में बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

रविवार की सुबह तीन बजे से हुई बारिश से जहा शहर में जगह-जगह जलभराव हुआ। वहीं सरकारी विभाग कार्यालयों से लेकर स्कूल परिसर भी जलमग्न हो गए। अनाज मंडी के आम रास्तों में बारिश पानी जमा हो गया। मंडी के साथ लगते राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के परिसर में पानी जमा हो गया। इस जमा पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है। यह पानी शहर की चुंगी नंबर दो से फव्वारा चौक को जाने वाले मार्ग व हनुमान बगीची को जाने वाले रास्ते से आया। वर्तमान समय में गर्मी का अवकाश होने से विद्यार्थी नहीं आ रहे हैं, लेकिन आए दिन किसी भी सरकारी आदेश को लेकर प्रधानाचार्य कार्यालय खुला रहता है। पुरानी तहसील परिसर, सामान्य बस स्टैंड परिसर में पानी जमा होने से नागरिकों को आने व जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

सैकड़ों दुकानों में भरा पानी : रविवार को रुक-रुककर हुई बारिश से शहर की सड़क व आम रास्तों में जलभराव होने से सैंकड़ों दुकानों में पानी भर गया। जिससे दुकानदारों का हजारों रुपये का नुकसान हो गया। कपड़ों से लेकर परचून, बिजली के उपकरण, खाने का सामान तक खराब हो गया।

नहीं की वाटर हार्वेस्टिगों की सफाई: एसडीएम प्रदीप सिंह ने नगर परिषद प्रशासन को शहर में बने 64 वाटर हार्वेस्टिंग की तुरन्त प्रभाव से सफाई करने के निर्देश करीब छह दिन पहले दिए थे, लेकिन नगर परिषद प्रशासन को भी साफ नहीं कराया। जिससे बारिश का जमा होने का सबसे बड़ा कारण यह भी है।

बारिश से बिजली और जलापूर्ति हुई बाधित

रुक-रुककर हुई बारिश ने जनता को किया घरों में कैद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **खराब** बिजली सप्लाई को कर्मचारी बार-बार ठीक करते रहे। लेकिन रुक-रुक कर हुई बारिश ने सप्लाई को लगातार चलने नहीं दिया, लेकिन जल्द से जल्द उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति कराई जाएगी।
>
> **मुकेश कुमार**
> **एसडीओ बिजली निगम**

रविवार को हुई बारिश ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई को ठप कर दिया। जिससे रविवार की सुबह पेयजल आपूर्ति नहीं हुई। पूरा दिन उपभोक्ता बिजली सप्लाई का इंतजार करते रहे। रविवार को हुई बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को गुल कर दिया।

शहर में बने बिजली आपूर्ति के सभी चारों फीडरों पर बिजली आया राम-गया राम वाली कहावत को पूरा करती रही। बारिश से भले ही नागरिकों को गर्मी से चिपचिपाहट वाली गर्मी से राहत मिली। लेकिन मौसम में गरमाहट पूरी होने से बिना पंखा के बैठना भी मुश्किल हो रहा था। घरों में लगे इंवेटरों की रविवार की दोपहर तक पावर खत्म हो गई।

नहीं हुई पेयजल आपूर्ति: बिजली सप्लाई ठप होने के कारण रविवार की सुबह शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई। जिससे नागरिकों के रोजाना पानी से संबंधित कार्य नहीं हो सके। पीने के पानी की बोतलें बेचने वालों से खरीद कर प्यास को शांत किया।

बारिश से बार-बार उड़ते रहे जम्फर : बिजली की लाइनों पर जैसे ही कर्मचारी ठीक करके चालू कराने के प्रयास करते। वैसे एक साथ तेजी से धमके होने से सप्लाई बार-बार ठप हो जाती। यह सिलसिला रविवार को पूरा दिन चलता रहा।

व्याख्यान में नई शिक्षा प्रणाली पर अनेक शिक्षाविदों ने रखे विचार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केआईआईटी शिक्षा महाविद्यालय में भारतीय शिक्षा प्रणाली पर आधारित आभासी संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज में कार्यरत निदेशक प्रोफेसर इंदिरा ढुल के स्वागत कथन द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ अंशु राधा अग्रवाल ने कार्यक्रम संबंधी उद्देश्य एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला। पहले दिन प्रोफेसर तानिया गुप्ता ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के समग्र रूप के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन डॉ अमिता पांडे ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में योग के स्थान एवं महत्व के बारे में चर्चा की। इसी श्रृंखला को आगे जोड़ते हुए तीसरे दिन प्रोफेसर रीना उनियाल ने भारतीय संस्कृति एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली के बीच संबंध स्थापित करते हुए गहन चिंतन को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के चौथे दिन डॉक्टर श्वेता रानी ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के इतिहास पर पुन: अनुसंधान एवं पुन: चिंतन के लिए प्रेरित किया। पांचवें दिन डॉ. सोनल छाबड़ा ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में संस्कृत भाषा के स्थान एवं महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। छठे दिन डॉ. अमित अहूजा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसाओं को पाठ्यक्रम के साथ जोड़ने के बारे में बताया। उन्होंने मुख्य रूप से गणित, अर्थशास्त्र आदि के बारे में व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रोफेसर गंति मूर्ति ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में बहुभाषिकता एवं नई शिक्षा नीति-2020 से जुड़े शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया। प्रोफेसर अन्नपूर्णा ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के आधारभूत तत्वों एवं उनसे संबंधित अनुपालना के विषय में चिंतन व्यक्त किया। दोनों विद्वानों की चर्चा से इस महत्वपूर्ण विषय के बारे में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस सात दिवसीय कार्यक्रम का संयोजन सीडीपीडी से जुड़े डॉक्टर संजय एवं डॉक्टर जुगनू खट्टर के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉक्टर संजय ने शिक्षा महाविद्यालय से जुड़े सभी लोगों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं, क्योंकि यह कार्यक्रम विषय संवर्धन के साथ-साथ 300 प्रतिभागियों द्वारा संपन्न हुआ।इसमापन के समय शिक्षा महाविद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. अंशु राधा अग्रवाल ने निदेशक प्रोफेसर इंदिरा ढुल, सभी वक्ताओं, केआईआईटी परिवार के सदस्यों एवं श्रोताओं को धन्यवाद दिया।

बारिश से फरीदाबाद

शहर बना जलाशय, लोगों को हुई परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में रविवार तड़के से हुई बरसात से पूरा शहर जलाशय बन गया। शहर के लगभग सभी इलाकों में बरसाती पानी के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह जलभराव ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के दावों की पोल खोल कर रख दी। रेलवे अंडरपासों की स्थिति यह रही कि वाहन उनमें डूबते नजर आए।

हैरानी की बात यह है कि मौसम विभाग द्वारा बरसात का अलर्ट जारी होने के बावजूद अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ा। फरीदाबाद में अधिकरियों की लापरवाही का शिकार पूरा शहर होता नजर आया। लगातार हो रही बरसात ने पूरा शहर को तालाब में तब्दील कर दिया। कई इलाके नदी-नाले में तब्दील हो गए है, वहीं शहर के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ सीवरेज ओवरफ्लो हो गए हैं और लोगों के घरों में सीवरेज का पानी प्रवेश कर गया। जिसके कारण कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह हाल शहर की कालोनियों से लेकर पॉश सैक्टरों का देखा गया।

सड़कों पर बने गड्ढों में भरे पानी से लोग हुए चोटिल

ड्रेनेज ब्लॉक, नहीं हुई सफाई

शहरवासियों को बरसाती पानी की समस्या से इसलिए भी जूझना पड़ा, क्योंकि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शहर की ड्रेनेज लाइनें पूरी तरह से ब्लॉक पड़ी हैं। एनएचपीसी चौक के अंडरपास पर जलभराव की गंभीर स्थिति भी इसलिए बनी, क्योंकि वहां सीवरेज मेंटीनस का कार्य रुका हुआ है। वहीं अन्य क्षेत्रों भी नालियां ब्लॉक पड़ी हैं। जिसके चलते शहर में कई-कई फुट पानी भरा हुआ है। भारी बरसात के चलते शहर में भारी जाम की स्थिति दिन भर बनी रही। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए वाहन चालक घंटों कतारों में खड़े रहे। गुडईयर चौक, बाटा चौक, नीलम चौक, राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास रोड स्थित तमाम जगहों पर लोगों को जाम में फंसा रहना पड़ा।

वहीं कई लोग भारी जाम के चलते व लंबी वाहनों की लाइनों के कारण वापिस लौटने पर विवश हो गए। दिनभर लगभग यही स्थिति शहर में बनी रही। शहर में प्रमुख आवागमन वाली सड़कों पर व्यापक जलभराव रहा। सेक्टर-3, 4, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 15ए, 16, 16ए, 17, 18, 19, 20बी, 21, ए, बी, सी, डी, सेक्टर-30, 31, एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद, बल्लभगढ़, बड़खल, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित तमाम जगहों पर कई-कई फुट पानी भर गया। जिसके चलते पैदल चलने वाले लोग जहां परेशान रहे, वहीं वाहन चालकों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बरसाती पानी में वाहन बंद हो गए और वाहन चालक उन्हें खीचते नजर आए। वहीं पब्लिक व्हीकल्स से आवागमन करने वाले लोग भी खासे परेशान रहे। ऑटो चालकों ने इस दौरान जमकर चांदी काटी।

टूटी सड़कें बनीं हादसों का सबब

शहर में जलभराव की समस्या ने तो लोगों को परेशान किया ही साथ ही साथ टूटी सड़कों में वाहन चालक हादसे का शिकार बनते नजर आए। शहर की बड़ी-बड़ी सड़कों पर बने गहरे गड्ढों में पानी भरने से लोगों के वाहन उसमें फंस गए तो कहीं वाहन का संतुलन बिगड़ने से वाहन चालक चोटिल नजर आए। स्थिति यह रही कि कुछ लोगों ने घर से निकलने से परहेज किया। सेक्टर-8 श्मशान घाट के नजदीक मिर्जापुर की ओर जाने वाले पुल पर गहरे गड्ढों में संतुलन बिगड़ने से कई वाहन चालक गिर गए। ऐसा ही कुछ हाल सेक्टर-3 नहर किनारे देखने को मिला। इसे लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

पड़ोसी को मारी गोली, नाजुक हालत में इलाज को भर्ती कराया

पुलिस ने घायल के परिजनों के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू की, आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

घायल ईश्वर का फाइल फोटो।

अटाली में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले युवक को गोली मार दी। विवाद के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। गोली लगने से घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल के परिजनों के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी आरोपी फरार है।

गोली लगने से घायल ईश्वर की उम्र 30 वर्ष है। वह गांव अटाली का ही रहने वाला है। ईश्वर के भाई रामू ने बताया कि उसका भाई अपने घर से निकल कर जा रहा था। मनोज के घर के सामने से निकला तो पीछे से मनोज ने ईश्वर को गोली मार दी। गोली ईश्वर की कमर में लगी। आरोपी मनोज गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। रामू ने बताया की गोली लगने के बाद ईश्वर को आनन-फानन में फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ईश्वर की हालत अभी नाजुक बनी हुई है।

छांयसा थाना प्रभारी सुरेंद्र ने बताया कि गोली लगने की सूचना के बाद वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक परिजन घायल को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा चुके थे। फिलहाल घायल के बयान दर्ज नहीं हुए हैं। उसके बयान के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठेगा।

जमीन के नाम पर पांच लाख की धोखाधड़ी

महिला व दो नंबरदारों सहित छह के खिलाफ केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जमीन का सौदा कर पांच लाख रुपये लेने के बाद धोखाधड़ी से षड़यंत्र के तहत जमीन की रजिस्ट्री किसी दूसरे के नाम करा दी। पीडित को न जमीन दी और न ही उसके पैसे वापस दिए। चादंहट थाना पुलिस ने शिकायत पर एक महिला व दो नंबरदारों सहित छह के खिलाफ षडयंत्र में शामिल होकर धोखाधड़ी करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाश भड़ाना के अनुसार, थंथरी गांव निवासी लायकराम ने दी शिकायत में कहा है कि उसने लौहरे से 10 कनाल दो मरला जमीन खरीदी थी। जिसके संबंध में उसे पांच लाख रुपये दे दिए और बाकी रकम रजिस्ट्री के समय देनी थी। 17 फरवरी 2023 को उसने अपने भाई राकेश कुमार व लौहरे और उसके पुत्र रविंद्र के सामने लौहरे के कहने पर रविंद्र के नाम पांच लाख रुपये का चेक दे दिया। जमीन की रजिस्ट्री के लिए 16 जून का समय तय कर दिया। लेकिन आरोपी ने जमीन का एक अन्य व्यक्ति अनिल के साथ तय कर लिया। जिसके संबंध में उसने दीवानी न्यायालय में केस दायर कर दिया, लेकिन इसी दौरान 21 मार्च 2023 को लौहरे, रविंद्र, अनिल, अनिल व जगवती ने जगदीश नंबरदार अटौला व अर्जुन नंबरदार महेशपुर के साथ मिलीभगत कर उक्त जमीन का बैयनामा जगवती के नाम सब रजिस्टार से पंजीकृत करा दी।

पुलिस ने पीडित की शिकायत पर घोड़ी गांव निवासी लौहरे, उसके बेटे रविंद्र, मोहना निवासी अनिल, उसकी मां जगवती, जटौला गांव निवासी नंबरदार जगदीश व महेशपुर निवासी नंबरदार अर्जुन के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने दबोचा पांच हजार का इनामी बदमाश

2019 में साथी के साथ किया था मर्डर, चार साल से था फरार, बाइक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हत्या के मामले में चार साल से फरार पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को सीआईए की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। वह बस स्टैंड पर भागने की फिराक में सवारी का इंतजार कर रहा था। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है। आरोपी के साथी को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर हत्या में प्रयोग पिस्टल बरामद कर जेल भेज चुकी है।

डीएसपी संदीप मोर ने बताया कि सीआईए प्रभारी मोहम्मद इलियास की टीम के उप निरीक्षक शहीद अहमद की टीम ने हत्या के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश असावटा गांव निवासी रोहित उर्फ रोड़ा को बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। आरोपी चार साल से फरार चल रहा था, जिसके चलते अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दक्षिण रेड रेवाड़ी की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। सीआईए ने कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान सीआईए ने आरोपी हत्या में प्रयोग की गई बाइक बरामद की है। उन्होंने बताया कि 18 सितंबर 2019 को बडौली गांव निवासी मुनेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति सेना में है, जिसके चलते उसका भाई सेलोटी गांव निवासी बलराज उर्फ बल्लन उसके साथ रहता था। उसका भाई बलराज उर्फ बल्लन बडौली निवासी लाला के साथ घर के बाहर खड़ा होकर बातें कर रहा था। उसी दौरान गोली चलने की आवाज आई तो वह भागकर घर के बाहर गई, उसने देखा की आकाश व असावटा गांव निवासी रोहित उर्फ रोड़ा गोली मारकर बाइक से भाग रहे थे। वहीं मौके पर उसका भाई बलराज उर्फ बल्लन खून से लथपथ पड़ा हुआ था। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर 23 सितंबर 2019 को मुख्य अरोपी आकाश को जेल भेज दिया था।

पानी के बिना जीवन सूना है, बिना जल जीवन संभव नहीं : आदर्श गोयल

एनजीटी के चैयरमेन ने कहा, फरीदाबाद भूजल क्षेत्र के रेड जोन में आ गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पानी के बिना जीवन सूना है, बिना जल के जन जीवन ही संभव नहीं है। फरीदाबाद भूजल क्षेत्र के रेड जोन में आ गया है। इसलिए पीने के पानी का केवल पीने के लिए ही इस्तेमाल करें। इसके लिए आमजन को भागीदार बना कर ही सरकार, समाज, न्यायपालिका बेहतर कार्य कर सकते है। यह बात एनजीटी के चेयरमैन कम सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस आदर्श गोयल ने एनआईटी-3 के डीएवी कॉलेज में भारतीय संस्थान इंडिया फाउंडेशन व लघु संस्थान द्वारा आयोजित भूजल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित शहर के प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में पानी की जरूरत दिन-प्रतिदिन जन जनसंख्या के हिसाब से बढ़ती जा रही है और वर्तमान में इसके संरक्षण के बारे में चिंतन शालाएं करना जरूरी है। आदर्श गोयल ने कहा कि चिंतनशाला में धरातल से जुड़ी हुई सरकारी और गैर सरकारी बातें आगे आ गई है। बेहतर काम करोगे तो समस्याएं भी आती है, उसका समाधान भी होता हैं। हम सबको मिलकर भूजल संरक्षण के समाधान के बारे में कार्य करना है। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस आदर्श गोयल ने कहा कि कार्यशाला में सरकार की तरफ से और प्रशासन की तरफ से टेक्नोलॉजी बातें की गई है।

वहीं टेक्निकल उपलब्धता के बाद भी समाधान क्यों नहीं हो रहा, यह एक चिंतनशील विषय है। उन्होंने विधान पालिका की बात करते हुए कहा कि संविधान में अधिकार की बात है तो लेकिन हमारे कर्तव्य भी होते हैं। इसलिए अधिकार के साथ.साथ लोगों को कर्तव्य के प्रति भी जागरूक होना पड़ेगा। तभी हर समस्या का समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा कि समस्या भी हमारी है और समाधान भी हमें ही निकालना है। कोई भी बाजार पैसों से समस्या का समाधान करता है, लेकिन हम सब मिलकर सामने खड़ी ज्वलंत भू-जल समस्या के समाधान के लिए आम जन में जागरूकता पैदा करके ही सब के सहयोग से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकल जाता है। जस्टिस आदर्श गोयल ने कहा कि पीने के पानी का कृषि के क्षेत्र में भी इस्तेमाल हो रहा है।

उन्होंने बताया कि एक सर्वे के अनुसार देश में कुल मीठे पानी की उपलब्धता में से 70 प्रतिशत पानी खेती के लिए इस्तेमाल हो रहा है। वहीं 20 प्रतिशत पानी व्यर्थ जा रहा है। जबकि 10 प्रतिशत पानी का ही घरेलू उपयोग के लिए सही सदुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए पानी की जरूरत उसकी उपलब्धता के अनुसार हमें चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक साधनों को बचाना है, तो जीवन शैली में परिवर्तन लाना होगा। वहीं जीवन शैली के दृष्टिकोण में भी परिवर्तन लाना होगा। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मानव रचना यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि जल संरक्षण बहुत ही बेहतर तरीके से किया जाना चाहिए। अटल भूजल जल संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में भी जल संरक्षण के लिए मानव रचना विश्वविद्यालय अपना कार्य कर रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के सदस्य टीवीएस सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में दिन प्रतिदिन भूजल गिरता जा रहा है। हमारी जनसंख्या बढ़ती जा रही है। एनसीआर में लगभग दो करोड़ जनसंख्या हो गई है, इसके आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें जल संरक्षण करने की बहुत जरूरत है। उन्होंने रेन वाटर, हार्वेस्टिंग वाटर, नेचुरल रिचार्ज, आर्टिफिशियल रिचार्ज करना जरूरी है। वर्षा और वेस्ट पानी की रीसाइकलिंग वाटर मैनेजमेंट व जल संरक्षण करने की जरूरत है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सरकार का प्रयास यह है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ मिले। वहीं सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन के लिए भी अंत्योदय व्यक्ति सरकार का सहयोग करें। तभी हम भूजल आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार प्रशासनिक तौर पर सरकार की पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में एसटीपी बनाने का कार्य किया जा रहा है। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार द्वारा एसटीपी बनाकर पानी की रिसाइकिलिंग की जा रही है। गुरुग्राम में एसटीपी के जरिए हर पार्क में पानी की रीसाइक्लिंग की जा रही है। उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि पहले बावड़ी और कुंआ से पानी मिलता था। अब पानी की उपलब्धता अधिक हो गई है, गुणवत्ता कम हो गई है। फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि समाज की विधान पालिका, न्यायपालिका, समाज के प्रबुद्ध वर्ग को एक कार्यशाला आयोजित की गई है। यह भी एक सराहनीय कदम है। हम सबका दायित्व कि हमारी अपनी संपत्ति के साथ.साथ हम सरकार की संपत्ति को भी अपनी संपत्ति समझनी चाहिए। इसके लिए सरकार भी गंभीरता से कार्य कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

फरीदाबाद। सूरजकुंड थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज व उनकी टीम ने आरएएफ बटालियन के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उनके साथ सहायक कमांडेंट सरस्वती नंदन, निरीक्षक अनिल पूनिया, महिला निरीक्षक रुकमणी देवी सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना सूरजकुंड एरिया में लोगों में कानून व्यवस्था के मद्देनजर थाना एरिया में पड़ने वाले गांव आनंगपुर में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज के साथ आरएएफ बटालियन के सहायक कमांडर व उनकी टीम भी मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च गांव अनंगपुर में निकाला गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि समाज को एक अच्छी दिशा में लेकर जाएं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को चेतावनी भी दी।

कावरा में नशे के बचाव के लिए किया जागरूक

फरीदाबाद। थाना भूपानी प्रभारी रणधीर सिंह व उनकी टीम ने गांव कावरा में लोगों को नशे के दुषप्रभाव और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत फरीदाबाद पुलिस आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही है। पुलिस टीम द्वारा फरीदाबाद में समय-समय पर लोगों को नुक्कड़ सभा व प्रोग्राम कर जागरुक किया जाता है। पुलिस टीम ने गांव कावरा में नुक्कड़ सभा कर लोगों को डायल-112, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, चाइल्ड मैरिज एक्ट, घरेलू हिंसा, दुर्गा शक्ति एप व साइबर अपराध व नशा रोकने के खिलाफ जागरूक किया गया तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया। सीनियर सिटीजन को उनके अधिकार के संबंध में जागरुक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने पर पुलिस की सहायता ले सकते हैं। अगर कोई आपके आस-पास नशा तस्करी का कार्य करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि नशे तस्करों पर काबू पाया जा सके। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

आदिपुरुष फिल्म को बैन करने की मांग पर मंत्री से मिले

फरीदाबाद। हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा का नारायणगढ़ के गांव डैहर आगमन पर विश्व हिंदू तख्त के प्रमुख एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने स्वागत किया। साथ ही उनसे मांग की कि वह हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ बनी फिल्म आदिपुरुष को तुरंत सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से बात कर बैन करने की मांग करें। शांडिल्य ने पंडित मूलचंद शर्मा को बताया कि यह फिल्म भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए बनाई गई। वीरेश शांडिल्य ने इस अवसर पर परिवहन मंत्री के साथ डैहर गांव में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की और हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर प्रवीण आत्रेय, सुमन सैनी, सुरेंद्र राणा, राकेश शर्मा, दिनेश गौड़, जसवंत शर्मा, बृजलाल शर्मा आदि ने कदम के पौधे को भगवान परशुराम मंदिर परिसर में स्थापित किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, आवाज-ए-हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव रंजन भी मौजूद थे। शांडिल्य ने कहा कि हिंदुस्तान सहित विश्व में बैठे हिंदुओं को मस्तिष्क पर तिलक लगाना चाहिए, जनेऊ धारण करना चाहिए। रोजाना शाम को मंदिर जाना चाहिए। हनुमान चालीसा और आरती करनी चाहिए। इससे निश्चित तौर पर सनातन धर्म मजबूत होगा।

कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा बबली को किया सम्मानित

फरीदाबाद। पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा उत्कृष्ट सराहनीय अवार्ड से सम्मानित पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीज कॉलेज इंडियन ऑयल साधना न्यूज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंवर पाल गुर्जर केबिनेट मंत्री रहे। इंडियन ऑयल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमएल डहरिया ने कहा कि हम सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरण, खेल, शिक्षा के क्षेत्र सराहनीय कार्य कर रहे पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली को सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। इस सम्मान के लिए सुरेंद्र बबली ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से उर्जा का संचार होता है और सदैव सामाजिक, धार्मिक, सनातन धर्म, संस्कृति को सहजने में संलग्न रहूंगा। इस अवसर पर सम्मानित महानुभाव व छात्र उपस्थित रहे।

आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित हो रहे प्रदेश के लोग

फरीदाबाद। कांग्रेस व भाजपा में आस्था जताने वाले कई लोगों ने जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इंदिरा कॉलोनी स्थित चौधरी चंद्रपाल के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र शर्मा, हरियाणा प्रदेश के सह सचिव राकेश भड़ाना, लोकसभा उपाध्यक्ष विनोद भाटी, लोकसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र सरोहा, जिला कोषाध्यक्ष राजन गुप्ता, चंद्रपाल, देवराज गौड़ आदि मौजूद थे। पार्टी में शामिल हुए लोगों को जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी, राजेंद्र शर्मा व राकेश भडाना ने पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

पानी की मैन लाइन में लीकेज करते दो लोगों को विधायक ने पकड़ा

फरीदाबाद। चंडीगढ़ से वापस फरीदाबाद आते समय विधायक नीरज शर्मा ने बीती रात लगभग दो बजे डबुआ पाली रोड पर कुछ लोग पानी की मैन लाइन लीकेज करके पहाड़ पर बसी नेहरू कॉलोनी में लेकर जा रहे थे। जिस पर विधायक ने बताया कि उनके द्वारा रात को पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई। नगर निगम आयुक्त को भी इसकी शिकायत की गई। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मैन लाइन में लीकेज के कारण ही उनके क्षेत्र में पानी की समस्या आ रही है। गंदे पानी की शिकायत आती है। विधायक का कहना था कि यह एक गिरोह है, जोकि इस तरह पानी की मैन लाइनों में लीकेज करते है। इस पर रोक लगाना अति आवश्यक है।

टाइटन की त्रासदी

खोजियों की मौत

टाइटैनिक के डूबे जहाज की खोज करने वाले पांच खोजियों की मौत कुछ असहज करने वाले सवाल खड़े करती है। पांच दिनों से लगातार प्रार्थनाओं तथा निराशा के बजाय आशा रखने का कोई नतीजा नहीं निकला और भयानक त्रासदी सामने आई। उत्तरी अटलांटिक में एक शताब्दी पहले डूबे आरएमएस टाइटैनिक के मलबे की खोज गहरे समुद्र में डुबकी लगाने वाली पनडुब्बी टाइटन के माध्यम से करने वाले सभी लोगों की मौत हो गई। इसका कारण पनडुब्बी में हुआ 'भयानक विस्फोट' था। पांच टुकड़ों में टूटी टाइटन पनडुब्बी इस अर्थ में अन्य पनडुब्बियों से अलग थी कि वह अपने आप चल नहीं सकती थी। उसे एक खास स्थान तक ले जाया जा सकता था और वहां से उसे लाना पड़ता था। वह समुद्र की तलहटी में उस जहाज से 1,600 फीट नीचे पाई गई जिसे पिछली शताब्दी के दूसरे दशकारंभ में 'न डूबने वाला' माना जाता था। लेकिन टाइटैनिक अपनी पहली यात्रा में ही 1912 में न्यूफाउंडलैंड के दक्षिण में 640 किलोमीटर दूर एक आइसबर्ग से टकरा कर डूब गया जिसमें 1,500 से अधिक लोग मारे गए थे। हालांकि, इस जहाज के प्रति रोमांच की भावना आज भी बनी हुई है। गायब टाइटन पनडुब्बी के बारे में तलाश गुरुवार से शुरू हुई, लेकिन यह पता लगने पर निराशा बहुत बढ़ गई कि इसमें केवल 96 घंटे की हवा सप्लाई बची है, लेकिन यह भी पनडुब्बी के क्षतिग्रस्त न होने की दशा में संभव था। इस त्रासदी में टाइटन की स्वामी कंपनी के संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा उसके पायलट स्टाकटन रश की मृत्यु हो गई। मरने वाले चार अन्य लोगों में 58 वर्षीय ब्रिटिश अरबपति व खोजी हामिश हार्डिंग, 48 वर्षीय पाकिस्तानी मूल के बिजनेसमैन शहजादा दाऊद, उनके 19 वर्षीय बेटे सुलेमान तथा फ्रेंच समुद्रविज्ञानी व प्रख्यात टाइटैनिक विशेषज्ञ 77 वर्षीय पाल हेनरी नार्गियोलेट शामिल हैं। नार्गियोलेट डूबे जहाज तक दर्जनों बार आ चुके हैं और इसीलिए उनका नाम 'मिस्टर टाइटैनिक' पड़ गया था। समुद्र में डूबे जहाजों की खोज करने वाली ओसेनगेट 2021 से काम कर रही थी और उसका प्रति व्यक्ति खर्च 250,000 डालर था।

टाइटन दुर्घटना में इसमें विस्फोट के समय पर सवाल उठता है। पांच दिन की तलाश में सोनार खोजी तैनात किए गए थे और उन्होंने कोई ऐसी तेज विध्वंसात्मक आवाज नहीं सुनी थी जो किसी विस्फोट जैसी होती। लेकिन अमेरिकी नौसेना ने कहा है कि उसके अपने ध्वनि संबंधी डेटा के विश्लेषण से 'एक विसंगति दिखाई पड़ी जो विस्फोट का संकेत हो सकती है।' यह ध्वनि पनडुब्बी के निकट से आई थी। फिल्मनिर्माता जेम्स कैमरन ने आस्कर विजेता फिल्म टाइटैनिक का निर्देशन किया है और वे स्वयं डूबे जहाज के मलबे के पास कई बार आ चुके हैं। उन्होंने समुद्री ध्वनियों के बारे में एक दिन में ही काफी सीखा है और वे 'जानते हैं कि इसका अर्थ क्या है।' उद्योग के लिए उचित होगा कि वह इस त्रासदी से सबक लेकर अपने भीतर झांके तथा सुरक्षा व जवाबदेही की संस्कृति विकसित करनी चाहिए। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि बिजनेस की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति को देखते हुए किसी नए उपाय को लागू करना कठिन होगा, पर इसके बावजूद अतिरिक्त सुरक्षा नियम बनने चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार गहरे समुद्र की खोज में नियमन की कमजोरी उस समय से भी खराब स्थिति में जब विमानन उद्योग अपनी शैशवावस्था में था। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि टाइटन त्रासदी का कारण यह भी है कि इसके निर्माताओं ने वाहन के प्रमाणन की चिन्ता नहीं की और इस प्रकार परंपरा का उल्लंघन किया। इस त्रासदी से यह दु:खद विचार भी पैदा होता है कि अन्तत: पांच खोजियों की मौत एक साहसी खोज में हुई जिससे वे प्रेम करते थे।

चिंताजनक है मणिपुर में हिंसा

पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति इस बात का उदाहरण है कि जन-जीवन के प्रति संवेदनहीन सरकारें तथा बिना सोचे समझे किए फैसले विनाशकारी हो सकते हैं।

ज्ञानेश्वर दयाल
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

मणिपुर में लगभग डेढ़ महीने से जारी हिंसा पूरे पूर्वोत्तर को अपने दायरे में समेट सकती है। यह असम और मेघालय पहुंच गई है। स्थिति को किसी प्रकार नियंत्रण में नहीं कहा जा सकता है और इसके बावजूद ऐसी स्थिति से निपटने की गंभीरता दिखाई नहीं पड़ रही है। इससे भाजपा की राज्य सरकार पर भी सवाल उठ रहे हैं। सरकार ने मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में हिंसा रोकने के समुचित प्रयास नहीं किए जबकि इस राज्य में हिंसा और सशस्त्र संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। पूर्वोत्तर का 'हीरा' कहे जाने वाले मणिपुर में स्थिति गंभीर बनी हुई है जिससे मानव जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इससे लगता है कि पूर्वोत्तर राज्यों में 'डबुल इंजन' सफल नहीं रहा है। दु:ख की बात है कि सरकार ने इस बारे में अत्यधिक चुप्पी अपना रखी है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक कोई भी इस हिंसा के बारे में कुछ नहीं कह रहा है, जबकि मुखर मुख्यधारा मीडिया भी इस मामले में ज्यादा सक्रिय नहीं है और मणिपुर की सीमित रिपोर्टिंग कर रहा है।

हालांकि, विदेशों में रहने वाले मणिपुर के लोगों ने अमेरिका यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विरोध व्यक्त किया है। कहने का यह अर्थ नहीं कि मणिपुर शांत राज्य था। ऐसा कभी नहीं था। यह राज्य लगातार अपने आप से और देश के खिलाफ युद्ध की स्थिति में रहा है। इस पूर्वोत्तर राज्य में 39 विविध नस्ली समुदाय रहते हैं जिनकी अपनी जीवन्त संस्कृति व विश्वास हैं। इस प्रकार सतह के नीचे हमेशा अंतर-नस्ली टकराव का ज्वालामुखी धधकता रहा है। लंबे समय से सत्तारूढ़ वर्ग विभिन्न नस्ली समुदायों की पहचानों से गठजोड़ कर अपने हितों की पूर्ति करता रहा है। मणिपुर में अशांति के बीच 1949 में इसके भारत के साथ विलय के समय ही पड़ गए थे।

यह अशांति आज भी जारी है। इस प्रतिरोध को समाप्त करने के लिए नई दिल्ली ने विवादास्पद सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून, 1958 में पास किया था। यह कानून 'अशांत क्षेत्रों' में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों को व्यापक अधिकार देता है। पिछले वर्षों में इसके कारण सेना का सम्मान गिरा है और इसके कारण मणिपुरियों व नई दिल्ली के बीच भी विश्वास घटा है। केन्द्र सरकार विद्रोह-प्रभावित क्षेत्रों में इसे व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी मानती है, जबकि मानवाधिकार समूह दुरुपयोग के कारण इसकी आलोचना करते हैं। आज यह क्षेत्र विभिन्न नस्ली व सामुदायिक 'होमलैंड' की मांगों का विलयन बिंदु बन गया है जिनको सशस्त्र विद्रोही समूह बढ़ावा देते हैं। मणिपुर पर कम से कम चार घाटी-आधारित सशस्त्र समूह, अनेक नगा समूह तथा अनेक कुकी सशस्त्र विद्रोही संगठन अपना नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

क्षेत्र में लगभग 60 सशस्त्र समूहों के कारण मणिपुर एक प्रकार से 'युद्ध क्षेत्र' बन गया है। राजनीतिक शक्ति प्राप्त समूहों ने इस स्थिति का लाभ उठाया है और मणिपुर को एक प्रकार से हथियारों के व्यापार, नशे के व्यापार तथा मानव व्यापार का केन्द्र बना दिया है। सशस्त्र समूह अक्सर राज्य चुनावों में उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं जिससे लोकतंत्र की स्थिति और खराब होती है। प्रतिद्वंद्वी हथियारबंद समूहों से निपटने के मामले में पूर्वोत्तर राजनेताओं की सीमायें हैं। सिविल सोसाइटी संगठन अक्सर चुनावों में 'खुली धमकी' तथा मतदान केन्द्रों पर हिंसा की आलोचना करते हैं। इस प्रकार इस अशांत क्षेत्र में लोकतंत्र की स्थिति बहुत नाजुक है और अक्सर उस पर हथियारबंद समूहों की धमकी हावी रहती है। राजनीतिक अवसरवाद के साथ ही प्रशासन की संवेदनहीनता मणिपुर में अशांति का प्रमुख कारण है। वर्तमान संकट के लिए एक गैर-जिम्मेदार फैसले को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जिसने आग लगाने का काम किया। विडंबना है कि राज्य सरकार अपने पूरे विवेक व आक्रामकता से मुख्यत: पहाड़ी क्षेत्रों मे रहने वाले कुकी समुदाय पर निगरानी रखना शुरू किया जिससे यह समुदाय और नाराज हो गया।

3 मई के बाद से मणिपुर दो स्थानीय नस्ली समुदायों-मैतेई व कुकी के बीच संघर्ष का मैदान बन गया है। हालांकि, इसमें कुछ सीमा तक नगा भी शामिल हैं। इस कार्रवाई से विश्वास का संकट और गहरा हुआ तथा राज्य में खूनी हिंसक झड़पें शुरू हो गईं। इन झगड़ों ने हिंसा की एक लहर पैदा की है जिसके कारण भारी विनाश हुआ है। आधिकारिक रूप से 50 से ज्यादा लोगों की जान गई है तथा 1,700 इमारतों को आग लगा कर नष्ट कर दिया गया है जिनमें लोगों के घरों के साथ पूजास्थल भी शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य भर में 50,000 से अधिक लोग शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण एक अदालती आदेश था जिसने मणिपुर के बहुसंख्य समुदाय मैतेई को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे दिया था। इस दर्जे से मैतेई समुदाय को संवैधानिक संरक्षण तथा अन्य लाभ मिलते हैं जिनमें सरकारी नौकरियों में आरक्षण शामिल है। अदालत की घोषणा के बाद हिंसा व प्रतिहिंसा की एक श्रृंखला शुरू हो गई। 3 मई को यह आग उस समय भड़की जब एंग्लो-कुकी युद्ध स्मारक गेट जलाने की खबरें सामने आईं। इसकी प्रतिक्रिया में कुकी समुदाय ने चुराचानपुर में मैतेई बस्ती वाले अनेक गांवों में आग लगा दी।

इससे मैतेई समुदाय की प्रतिहिंसा और तेज हुई जिसने इंफाल घाटी में कुकी बस्तियों में आग लगा दी। हिंसा के इस दुष्चक्र में दोनों पक्ष के लोग हताहत हुए। हालांकि, विरोध प्रदर्शनों को तात्कालिक कारणों से बढ़ावा मिला, पर दोनों देशी समुदायों के बीच तनाव सालों से पैदा हो रहा था। राज्य सरकार द्वारा देशी समुदायों व खासकर चारों ओर से घेरे पहाड़ों में रहने वाले कुकी समुदाय के भूमि-अधिकारों से निपटने के तरीके ने अशांति को और बढ़ावा मिला। इन क्षेत्रों में आरक्षित जंगलों का सर्वेक्षण मुख्यत: अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए किया गया जिसके कारण कुकी समुदाय को मजबूरी में अपने गांव छोड़ने पड़े। मैतेई समुदाय को पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि खरीदने पर प्रतिबंध है, लेकिन उनको राजनीतिक बहुसंख्य समर्थन तथा सरकारी समर्थन मिलता है। इसके उलट कुकी व अन्य जनजातीय समुदायों को सरकारी समर्थन नहीं मिलता है और उनका विकास नहीं हुआ है। इस प्रकार की ऊंचनीच से विभाजन और तीखे हुए हैं। 2021 में सैनिक विद्रोह के बाद पड़ोसी म्यांमार से शरणार्थियों के आने से स्थिति और खराब हुई है। खासकर सागाइंग क्षेत्र में शरणार्थियों की उपस्थिति से कुकी के सबंध मजबूत हुए हैं और मैतेई में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। हथियारों व नशे के व्यापार में शामिल लोगों तथा राजनीति के कारण टकराव के प्रभाव सबसे ज्यादा महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहे हैं। जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं तथा आवश्यक सामान लाने वाले अनेक ट्रक फंस गए हैं।

मणिपुर में हिंसा पर केन्द्र सरकार की चुप्पी की विपक्षी दल व खासकर कांग्रेस आलोचना कर रहे हैं। उनका भाजपा पर आरोप है कि वह लोगों के जीवन को खतरे में डाल कर राजनीति कर रही है। लगभग एक महीने हिंसा जारी रहने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर की यात्रा की। उन्होंने अपनी चार-दिवसीय यात्रा में सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए। इसके साथ ही सेना प्रमुख ने भी जमीनी स्थिति पर गौर किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हिंसा की घटनाओं की न्यायिक जांच की घोषणा भी की है जो उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में होगी। इसके साथ ही राज्य में शांति समितियों की स्थापना की गई है जिनमें विभिन्न समुदायों के लोगों को शामिल किया गया है। लेकिन देखना होगा कि वर्तमान समय में जारी हिंसा पर इन उपायों का क्या प्रभाव पड़ता है।

हथियारबंद समूह लगातार क्षेत्र में अशांति पैदा कर रहे हैं तथा सीमापार से होने वाले हमलों ने भी सरकार की चिन्ता बढ़ा दी है। मणिपुर की जनता को असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके धान के खेत लड़ाई का मैदान बन गए हैं। ऐसी स्थिति में भी कुछ सत्ता के लालची लोग शांति स्थापना के बजाय हिंसा और विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं।

किसी वित्तीय कम्पनी को विशेष रियायत नहीं

> **"आरबीआई दिशानिर्देश कॉर्पोरेट प्रशासन के लिए एक उचित ढांचा स्थापित करते हैं। बिना किसी अपवाद के सभी को इनका अक्षरशः पालन करना चाहिए।"**

एस कल्याणसुंदरम
(लेखक, सेवानिवृत्त बैंकर हैं)

एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के शेयरधारकों ने बोर्ड में गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में उदय कोटक की नियुक्ति के पक्ष में मतदान किया था। बैंक का दावा है कि उदय कोटक, जो अब बैंक के एमडी और सीईओ हैं, की उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रस्तावित नियुक्ति वैध और शेयरधारकों के हित में है। सीएफओ जैमिन भट्ट ने कहा, हमने जो किया...हमारा स्पष्ट मानना है कि वह कानून और नियमों के अनुरूप है। हमारा मानना है कि यह सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में है। ऐसा लगता है कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने अभी तक ऐसी नियुक्ति के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी है।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड कारोबार के मामले में भारत के शीर्ष पांच सबसे बड़े बैंकों में से एक है। यह भारत में बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष तीन या चार में होगा। यह पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया जैसे कुछ सरकारी बैंकों से भी काफी आगे है। इसलिए आरबीआई द्वारा स्थापित नियामक ढांचे के भीतर बैंक का उचित संचालन सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। अब देखते हैं कि घर्षण कहां से आता है।

मूल रूप से वाणिज्यिक बैंकों में प्रशासन की रूपरेखा की समीक्षा करने के लिए आरबीआई द्वारा 11 जून, 2020 को %भारत में वाणिज्यिक बैंकों में प्रशासन% पर एक चर्चा पत्र जारी किया गया था। प्राप्त फीडबैक के आधार पर आरबीआई द्वारा ढांचे की व्यापक समीक्षा की गई है। इस तरह के फीडबैक के माध्यम से प्राप्त कुछ ऑपरेटिव पहलुओं को संबोधित करने के लिए, केंद्रीय बैंक ने बोर्ड के अध्यक्ष और बैठकों, बोर्ड की कुछ समितियों की संरचना, निदेशकों की आयु, कार्यकाल और पारिश्रमिक और संपूर्ण नियुक्ति के बारे में निर्देश जारी करने का निर्णय लिया। समय निदेशक. तदनुसार, 26 अप्रैल 2021 को एक अधिसूचना जारी की गई थी।

संशोधित निर्देश लघु वित्त बैंकों और विदेशी बैंकों की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों सहित सभी निजी क्षेत्र के बैंकों पर लागू होते हैं। एसबीआई और राष्ट्रीयकृत बैंकों के संबंध में, ये दिशानिर्देश उस सीमा तक लागू होंगे जब ये शर्तें इन बैंकों पर लागू विशिष्ट कानूनों के प्रावधानों के साथ असंगत न हों।

दिशानिर्देश के अनुसार, वैधानिक अनुमोदन के अधीन, एमडी और सीईओ का पद एक ही पदाधिकारी द्वारा 15 वर्षों से अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता है। इसके बाद, यदि बोर्ड द्वारा आवश्यक और वांछनीय माना जाता है, तो न्यूनतम तीन साल के अंतराल के बाद, व्यक्ति उसी बैंक में एमडी और सीईओ के रूप में पुन: नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

इस अवधि के दौरान, व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी क्षमता में बैंक या उसकी समूह संस्थाओं के साथ नियुक्त या संबद्ध नहीं किया जाएगा। निजी क्षेत्र के बैंकों में एमडी और सीईओ और डब्ल्यूटीडी के लिए ऊपरी आयु सीमा 70 वर्ष बरकरार रखी गई है। इसके अलावा, एमडी एवं सीईओ या डब्ल्यूटीडी, जो एक प्रमोटर/प्रमुख शेयरधारक भी है, इन पदों पर 12 साल से अधिक समय तक नहीं रह सकता है। असाधारण परिस्थितियों में, आरबीआई के विवेक पर ऐसे एमडी और सीईओ या डब्ल्यूटीडी को 15 साल तक बने रहने की अनुमति दी जा सकती है। दिशानिर्देश में संशोधित आवश्यकताओं में सुचारु परिवर्तन को सक्षम करने के लिए कुछ छूट भी प्रदान की गई है और बैंकों को 01 अक्टूबर, 2021 तक इन निर्देशों का अनुपालन करने की अनुमति दी गई है।

आरबीआई का दिशानिर्देश शासन के लिए एक उचित ढांचा स्थापित करना है। इसलिए किसी भी सार्थक कॉर्पोरेट प्रशासन के लिए दिशानिर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाना चाहिए। जब दिशानिर्देश बोर्ड पर किसी पद के लिए ऊपरी सीमा निर्धारित करता है, तो यह एक उद्देश्य के साथ होता है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि इस तीन साल की कूलिंग अवधि के दौरान, व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी क्षमता में बैंक या उसके समूह संस्थाओं के साथ नियुक्त या संबद्ध नहीं किया जाएगा।

उदय कोटक को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करना सीधे तौर पर इस प्रावधान का उल्लंघन है। अजीब बात है कि शेयरधारकों को एक प्रस्ताव पारित करने की अनुमति दी गई है जो आरबीआई दिशानिर्देश के विपरीत है और यहां तक कि सेबी भी इस तरह के उल्लंघन के लिए बोर्ड के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर सकता है। नियामक के रूप में आरबीआई को ऐसी नियुक्तियां करनी चाहिए और कोटक महिंद्रा बैंक के लिए भी सभी बैंकों के लिए लागू मानदंड स्थापित करने चाहिए।

पहले के मौकों पर, यह माना गया था कि आरबीआई ने उदय कोटक और कोटक महिंद्रा बैंक को समायोजित कर दिया है। चूँकि सीईओ के रूप में उदय कोटक का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हो रहा था, और चूँकि वह 17 वर्षों तक (ऋ द्वारा प्रस्तावित 10 वर्ष की अवधि से अधिक) बैंक के संस्थापक-सीईओ रहे थे, इसलिए यह माना जाता था कि वह को पद छोड़ना होगा, या ऋ बैंक को अपना उत्तराधिकारी चुनने की अनुमति देने के लिए एक अल्पकालिक विस्तार को मंजूरी देगा। हालाँकि, 14 दिसंबर, 2020 को नियामक ने उदय कोटक के लिए सीईओ के रूप में तीन साल के विस्तार (31 दिसंबर, 2023 तक) को मंजूरी दे दी। इसी अवधि के दौरान, फेडरल बैंक और डीसीबी बैंक के सीईओ को सिर्फ एक साल का विस्तार दिया गया था।

यहां एक और दिलचस्प जानकारी है. 2017 में सेबी द्वारा उदय कोटक की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट प्रशासन में दक्षता में सुधार के लिए एक समिति का गठन किया गया था। वह कॉर्पोरेट प्रशासन में सुधार के लिए मार्गदर्शक शक्ति थे।

आप की बात

विपक्षी एकता

विपक्षी एकजुटता को लेकर पटना में संपन्न बहुप्रतीक्षित बैठक में शामिल 15 दलों के 27 नेताओं ने एक स्वर में 2024 के रोडमैप पर अपनी सहमति दी। तय हुआ कि सब एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को केंद्र की सत्ता से बाहर करेंगे। नीतीश कुमार द्वारा बुलाई गई इस बैठक में कांग्रेस की महत्वपूर्ण मौजूदगी थी। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के लिए अलग-अलग ढंग से काम करना होगा। राहुल गांधी ने भी साफ किया कि हमें फ्लैक्सिबल होकर काम करना होगा। बैठक में तय हुआ कि आगामी 10 से 12 जुलाई को विपक्ष की एक बैठक शिमला में होगी। वहीं तय होगा कि कहां किस दल को आगे करना है। ममता बनर्जी ने कहा कि यदि भाजपा फिर से आ गई तो आगे देश में चुनाव नहीं होगा। लेकिन अरविंद केजरीवाल की यह मांग पूरी नहीं हो सकी की महाबैठक में सबसे पहले दिल्ली के मसले पर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश पर चर्चा हो। राहुल ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। अब ऐसे में भाजपा के विरुद्ध लड़ाई में विपक्षी एकजुटता के साथ सवाल है कि उसका प्रधानमंत्री चेहरा कौन होगा? इस प्रकार विपक्षी एकता की राह आसान नहीं लगती है। लड़ाई क्षेत्रीय क्षत्रपों व कांग्रेस में भी संभव है।

सदन जी, पटना

विशेष अवसर जरूरी

मोदी जी की अमेरिकी यात्रा के पश्चात एच-1ई वीजा देने में भारतीयों को प्राथमिकता दी जाएगी। अभी भी जो एच-1 ई वीजा दिए गए हैं उनमें 77 प्रतिशत भारतीय शामिल हैं। अमेरिका में भारतीयों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। वह खुद भी अच्छा पैसा कमा रहे हैं, उच्च स्तरीय जीवन जी रहे हैं, अमेरिका में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं और भारत को डॉलर भी भेज रहे हैं। मगर इसी सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की प्रतिभा की क्रीमी लेयर भारत को अग्रणी करने में अपनी क्षमता का उपयोग करने के बजाय अमेरिका में काम करने को क्यों मजबूर हैं? अन्य वजहों के साथ-साथ इसकी मुख्य वजह यह है कि जातिगत आरक्षण के चलते सर्वाधिक प्रतिभाशाली छात्रों को विदेशों में ही पढ़ने और नौकरी करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं है। आरक्षण के चलते भारत में उनकी प्रतिभा की कोई कीमत नहीं है। भारतीयों की दिमागी दक्षता अमेरिका में कई नई चीजें खोज रही है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ हमारे प्रतिभाशाली वहां पर तहलका मचाने को तैयार हैं! भारत सरकार को भी विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए विशेष अवसर उपलब्ध करवाने चाहिए।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पुतिन को चुनौती

पुतिन पिछले 16 महीनो से यूक्रेन में आशातीत सफलता नहीं पा रहे हैं। अब ठेके में लिए गए वेगनर समूह के सैनिक लगता है अपने ही देश के खिलाफ बगावत कर पुतिन की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। कुछ अपुष्ट खबरों के अनुसार इन भाड़े के सैनिकों में से अनेक वापस रूस में प्रवेश कर गए हैं जिससे वहां आतंरिक सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है। वैगनर बॉस प्रिगोझिन के खिलाफ रुसी अधिकारियों का गिरफ़्तारी वारंट जारी करने का मतलब है कि अब राष्ट्रपति पुतिन के लिए एक गंभीर चुनौती का दौर का शुरू हो रहा है। रूस में अनेक लोगों का मानना है कि यूक्रेन पर आक्रमण का कोई ठोस कारण नहीं था। जिस तरह से यूक्रेन को रुसी सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में पेश किया गया, वैसा कुछ नहीं है। यह सब पुतिन अपनी कुर्सी को बचाने के लिए कर रहे हैं। इस युद्ध के बाद रूस सामरिक रूप से सैन्य ताकत के रूप में एक बेहद कमजोर देश के रूप में उभरा है। इसका अर्थ यह भी है कि नाटो को रूस की चिन्ता करने के बजाय अब सारा ध्यान चीन के विस्तारवाद पर केंद्रित करना चाहिए। शायद भारत भी स्थिति का पुनर्आंकन करेगा।

-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

मोदी की लोकप्रियता

विपक्षी एकता के नाम पर कई दल बिहार में एकत्रित हुए। इस पर एक पुरानी कहावत चरितार्थ हुई कि सूप तो बोले पर छलनी क्या बोले जिसमें 72 छेद। महबूबा मुफ़्ती व उमर अब्दुल्ला देश से लोकतंत्र ख़तम होने का आरोप लगा रहे हैं और स्वयं को अभागा भी बता रहे हैं। नब्बे के दशक के नरसंहार और पलायन के जिम्मेदार लोग आज दुखी हैं। आतंक का पोषण और पाकिस्तान की खैरात के साथ भारत से भी अच्छा खासा अनुदान लेकर अपना घर भरने वाले लोग आज विपक्ष से हाथ मिलाकर पहले की स्थिति दोबारा लाना चाहते हैं। घाटी में इसी प्रकार अन्य दलों के भी निजी स्वार्थ निहित हैं जो देश से ज्यादा अपने परिवारों की राजनैतिक विरासत को लेकर चिंतित हैं, परन्तु आजकल जनता जनार्दन शिक्षित और आधुनिक परिवेश में है। उसे अच्छा-बुरा सब दिखाई देता है। फिलहाल नरेंद्र मोदी से अधिक लोकप्रिय नेता देश विदेश में दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए बिहार में अवसरवादियों का झुण्ड मोदी को घेरने के प्रयास में जरूर लगा है परन्तु जनता को अंतिम परिणाम भलीभांति पता है।

-मनोज पुरुषार्थी, मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है भारतः योगी

● ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से भी कराया जा रहा है धर्मांतरणः मुख्यमंत्री

संवाददाता। लखनऊ/गौतमबुद्धनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर सांस्कृतिक योद्धा लोगों जागरूक करेंए लेकिन कानून को अपने हाथों में न लें। अगर कानून को अपने हाथ में लेंगे तो आप उनकी मदद करेंगेए उनके लिए बचाव का रास्ता खोल देंगे। ऐसी किसी तरह की सूचना मिलने पर सांस्कृतिक योद्धा पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल युग जितना लाभकारी है उतना ही खतरनाक भी है। हाल ही में एक घटना सामने आई थीए जिसमें ऑनलाइन गेमिंग माध्यम से स्कूली बच्चों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। बहुत बड़ा गिरोह हैए जिसे हमारी पुलिस ने पकड़ा था।

सीएम योगी ने रविवार को गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय में 'सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन' द्वारा आयोजित श्सेव कल्चर सेव इंडिया मिशनश् में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर कुछ दिनों पहले एक और गिरोह का पर्दाफाश हुआ थाए जो मूक बधिर बच्चों का धर्मांतरण करा रहा था। धर्मांतरण की घटनाएं सिर्फ उत्तर प्रदेश में नहीं हो रही हैं। ऐसे लोग षडयंत्र के तहत सभ्य परिवारों के बीच अपनी जगह बनाते हैं। आगे क्या होता है वह आप सबके सामने हुआ। हाल ही में दिल्ली और मुंबई हुई घटनाएं इसका बड़ा उदाहरण है। हमारी सरकार इसको रोकने के लिए अध्यादेश लेकर आई है और कानून उसके हिसाब से कार्य कर रहा है।

दुनिया के सभी देशों की अपनी विशिष्ट पहचान है। उदाहरण स्वरूप हम फ्रांस को देखें तो कला उसकी पहचान है। ब्रिटेन अपने व्यवसायिक हितों के लिए जाना जाता है। उसी तरह भारत की पहचान उसकी संस्कृति है। इसलिए कहा गया है. भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा यानी संस्कृत और संस्कृति भारत की पहचान है। इसका मतलब है कि भारत अपनी संस्कृति के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज में कुछ भी नहीं परोसा जा सकता है। उसके भी कुछ नियम और कायदे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कृति यानी बीज का पनप जाना और फल फूलकर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना हैए लेकिन बीज का सड़ जाना गल जाना यह उसकी विकृति है। संस्कृति पर हमला बीज को गलाने और सड़ाने के लिए किया जाता हैए जो सबसे खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मुगल इस देश में तब तक आराम से शासन करते रहे जब तक उन्होंने मंदिरों पर हमला नहीं कियाए जब उन्होंने मंदिरों पर हमला करना शुरू किया तो उनका पतन होना शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि सुनने में आता है कि औरंगजेब के वंशज कोलकाता में रिक्शा चला रहे हैं।

देवासुर संग्राम धर्म अधर्म, सत्य असत्य और न्याय अन्याय के बीच ही हुआ था। हर कालखंड में अच्छे और बुरे लोग रहे हैं। आज संस्कृति पर अलग.अलग माध्यमों से हो रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि अच्छे लोग संस्कृति बचाओ अभियान का हिस्सा बनें और लोगों को जागरूक करें। सामान्य व्यक्ति अपने बहुमूल्य समय में से औसतन 6.8 घंटा अपने मोबाइल पर खर्च करता है। अगर वह अपना समय सही दिशा में कर रहा है तब तो ठीक हैए नहीं तो वह पतन की ओर जा रहा है। हमें लोगों को जागरूक करना होगा और उन्हें इस लायक बनाना होगा कि वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने श्सेव कल्चर सेव इंडिया मिशनश् की वेबसाइट लॉन्च की। इसके अलावा भारतीय संस्कृति की रक्षा करने वाले सांस्कृतिक योद्धाओं को फाउंडेशन की ओर से एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक योद्धाओं को यह सम्मान सीएम योगी ने दिया। इनमें स्वच्छ साइबर भारत आंदोलन चलाने वाले अभय शाह, रचनात्मक ब्रांडिंग और एक लड़की जैसी बहु चर्चित फिल्म बनाने वाले मनीष प्राणिया, वरिष्ठ लेखिका और पिक्सल की सीईओ वैशाली शाह, फिल्म निर्माता प्रवीण चतुर्वेदी, हिंदू जनजागरण समिति के प्रवक्ता रमेश शिंदे, पत्रकार स्वाति गोयल शर्मा, टीवी एंकर प्रदीप भंडारी, जेम्स ऑफ बॉलीवुड आंदोलन चलाने वाले संजीव नेवरए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन शामिल रहे। इसके फाउंडेशन से जुड़े व्यापार और राजस्व सलाहकार उत्तम दवे, उद्योगपति उमेश छन्जे और वरिष्ठ अधिवक्ता अमित सिंह को सीएम योगी ने शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता श्नंदीश्ए संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह समेत विवि के शिक्षक और छात्र मौजूद थे।

योगी आदित्यनाथ में है लोकसेवा की ललकः सुमित्रा महाजन

लखनऊ/गौतमबुद्धनगर। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि सीएम योगी में लोकसेवा की एक ललक और तड़प है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने कहा की योगीजी में समाज के लिए कुछ अच्छा करने का भाव वो तब से देखती आई हैं जब वो सांसद थे और वो लोकसभा स्पीकर। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष महाजन गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय में 'सेव कल्चर सेव इंडिया फाउंडेशन' द्वारा रविवार को आयोजित श्सेव कल्चर सेव इंडिया मिशनश् कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष को फिरोजाबाद के ओडीओपी उत्पाद ग्लास की बनी कृष्ण जी की प्रतिमा भेंट की। इस पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि फिरोजबाद की चूड़ियों बारे में बहुत पहले से सुनती आई हूंए लेकिन वहां के लोकल उत्पाद का यह स्वरूप देखकर मुझे बहुत हर्ष हुआ। फिरोजाबाद के उत्पाद को ऐसा आकार सीएम योगी ही दिला सकते हैं। उन्होंने संस्कृत का श्लोक पढ़ते हुए कहा कि ष्यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रिया। चित्ते वाचि क्रियायां च साधूनामेकरूपता।। ऐसे हैं सीएम योगीए जो यूपी में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष महाजन ने कहा कि यूपी के लोकल उत्पादों को अच्छा स्वरूप देकर सीएम योगी ने उनकी वैश्विक पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मैं वैसे तो कई मुख्यमंत्री आएंए लेकिन कोई ऐसा नहीं सोच पाया। ये वही सोच और कर सकता हैए जो अच्छे मन वाला होए अच्छी सोच रखता हो और जिसके मन में कुछ बेहतर करने का विचार हो और यह सब भाव सीएम योगी में है।

मुख्यमंत्री ने सेना के जवान विनीत कुमार को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू और कश्मीर में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद कानपुर नगर निवासी सेना के जवान विनीत कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद विनीत कुमार के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद विनीत कुमार के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

● शहीद के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा

'ऑर्डर ऑफद नाइल' से विभूषित होना गर्व का विषयः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान ऑर्डर ऑफ द नाइलष् से विभूषित होना सभी भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार विश्व पटल पर नये भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा के साथ ही प्रधानमंत्री जी की विश्व राजनेता के रूप में बढ़ रही स्वीकार्यता का प्रतीक है।

सीएम योगी ने वृन्दावन में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

लखनऊ/मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वृन्दावन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वृंदावन में चल रहे सीवर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पन्न करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से मथुरा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2017 में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सबसे पहले ब्रज के विकास और यहां के तीर्थ स्थलों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इसके लिए सीएम योगी ने सबसे पहले उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की घोषणा कर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। अब ब्रज में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। ब्रज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह करीब 8 बजे गेस्ट हाउस से सीधे अधिकारियों संग वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए निकल गए। उन्होंने सीवर परियोजना के निरीक्षण करए अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्थलीय निरीक्षण के बाद सीधे साधु. संतों के साथ वार्ता के लिए वृंदावन में बने पर्यटन सुविधा केंद्र में पहुंच गए। वहां पर सीएम योगी ने साधु. संतों के साथ वार्ता कर उनका हालचाल जाना और मथुरा में हो रहे कार्यों पर उनसे चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान संतों के साथ जलपान भी ग्रहण किया। इसके बाद सीएम योगी वृंदावन में बने हेलीपैड की ओर प्रस्थान कर गए और वहां से नोएडा के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरीक्षण से पहले विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे में रविवार को श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन. पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। लेकिन मुख्यमंत्री का बांके बिहारी मंदिर का कार्यक्रम निरस्त हो गया और वह नोएडा के लिए रवाना हो गए।

छह वर्ष के अंदर गौतमबुद्ध नगर के बारे में बदली धारणाः सीएम

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में एडवर्ब टेक्नोलॉजी की फैक्ट्री का किया लोकार्पण

लखनऊ/ग्रेटर,नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में भाजपा नेतृत्व की सरकार ने जब लगातार दूसरी बार सत्ता संभाली थीए तब 3 जून 2022 को प्रधानमंत्री जी को लखनऊ में तृतीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए आमंत्रित किया था। इस अवसर पर एडवर्ब टेक्नोलॉजी ने 200 करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्ताव के साथ ग्रेनो अथॉरिटी के साथ एमयूओ साइन कर आधारशिला रखी थी। मात्र एक वर्ष की छोटी अवधि में इतना बड़ा संस्थान रोजगार के तीन हजार से अधिक संभावनाओं को विकसित करनेए नई टेक्नोलॉजी के साथ रोबोटिक के क्षेत्र में क्या संभावनाएं हैंए इसे बढ़ाते हुए यह हमारे सामने हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यह बातें ग्रेटर नोएडा में एडवर्ब टेक्नोलॉजी की फैक्ट्री के लोकार्पण अवसर पर कहीं। सीएम ने परिसर का अवलोकन कर यहां के बारे में जानकारी भी हासिल की। उन्होंने कहा कि यह लोकार्पण कार्यक्रम नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तरफध्यान आकर्षित करता है। साथ ही साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक मतलब क्या होता है। एडवर्ब टेक्नोलॉजी इसका बेहतरीन उदाहरण है। सीएम ने एडवर्ब की टीम के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

सीएम ने कहा कि मेरे लिए महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि यह गौतमबुद्ध नगर जनपद है। एनसीआर का अंग होने के बावजूद 2017 के पहले जिस प्रतिस्पर्धा के लिए अपने आप को तैयार करना चाहिए था। उसमें निराशा थी। यहां के बारे में लोगों की धारणाएं भिन्न थीं। लोग नकारात्मक दृष्टि से देखते थे। यहां निवेश की संभावना बन सकेए यह कल्पना थीए लेकिन छह वर्ष के अंदर उस धारणा को बदलते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के पीएम के विजन के अनुरूप कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से लागू करने का परिणाम है कि आज निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में गौतमबुद्ध नगर जनपद न सिर्फ एनसीआरए बल्कि देश में उभरा और तेजी से बढ़ा है।

10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में द्वितीय जीआईएस हुआ था। यूपी को लगभग 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह प्रस्ताव और इसमें भी सर्वाधिक प्रस्ताव गौतमबुद्ध नगर को मिले हैं। जहां सुविधाएं हों, ईज ऑफ इंडूग बिजनेस का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता होए बेहतरीन कानून व्यवस्थाएं की स्थिति होए वहां निवेश इंफ्रास्ट्रक्चरए सुविधाओंए सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देखने को मिलता है।

सीएम ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश हुआ है। जो जनपद आकांक्षात्मक थे। विकास की दौड़ में पिछड़ गए थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डवलपमेंटए रोजगारए वित्तीय समावेशन में काफी पीछे थे। उन जनपदों को व्यवस्थित रूप से विकास से जोड़कर निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में स्थापित किया गया। जीआईएस में सभी 75 जिलों को कुछ न कुछ निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। लखनऊ से हर जगह की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। हमने एयर कनेक्टिविटी को काफी बेहतर किया है। 2017 से पहले दो एयरपोर्ट और आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। 12 पर कार्य चल रहा है। इस साल के अंत तक यूपी 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा। भारतीय रेलवे का सबसे बेहतरीन नेटवर्क ;16 हजार करोड़द्ध यूपी में है। ईस्टर्न.वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी से होकर जाता है।

नौकरी के साथ शिक्षा जारी रखने वालों का सम्मान

सीएम ने नौकरी के साथ-साथ उच्च शिक्षा जारी रखने वालीं किरन, राजेश्वर गोपाल राव, वीरेंद्र सिंह, शिवाजी अंबादास, पल्लवी शिवरात्रि, प्रणीत लक्ष्मण यादव, अक्षया शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बसपा के नेता कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम के दौरान जनपद मेरठ से बसपा के मेरठ तथा सहारनपुर मंडल प्रभारी प्रवीन वशिष्ठ तथा लखनऊ शिया कॉलेज के छात्र नेता रहे सै. तकी मेंहदी ज़ैदी उर्फफैज़ी ज़ैदी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि फिरकापरस्त ताकतों ने लोकतंत्र, संविधान तथा देश.समाज के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसी ताकतों को शिकस्त देने के लिए कांग्रेस पार्टी ही सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष कर रही है। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर देश व प्रदेश का आम जनमानस किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी और प्रबुद्धजन, कांग्रेस से लगातार जुड़ रहे हैं। उन्होंने आज शामिल हुए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र संगठन को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे।

बूथ स्तर पर अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ेंगेः कनिष्क पाण्डेय

● युवाओं को जोड़ने के लिए प्रादेशिक स्तर पर लान्च किया गया 'यूथ जोड़ो-बूथ जोड़ो' कार्यक्रम

लखनऊ। युवा कांग्रेस पूर्वी की कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं संयुक्त सचिव, जिला एवं शहर अध्यक्ष की अति आवश्यक बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के मीडिया सभागार में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी उप्र पूर्वी विनीत कम्बोज एवं भारतीय युवा कांग्रेस के सचिव एवं प्रभारी उप्र पूर्वी एजाज अहमद मौजूद रहे। बैठक का संचालन प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठन सचिव श्री वर्चस्व पाण्डेय ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष श्री कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि युवा कांग्रेस अपने पुराने तौर तरीकों को पुनः अपनाकर चुनावी रण में उतरने जा रही है जिसमें हमारा फोकस बूथ स्तर तक युवाओं को जोड़कर प्रदेश के सभी बूथों को मजबूत करने का है। उन्होने कहाकि बूथ स्तर पर जब युवाओं की एक मजबूत टीम रहती है तो मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होती है जिसका फायदा पार्टी को मिलता है। उन्होने कहा कि इसलिए युवा कांग्रेस ष्यूथ जोड़ो.बूथ जोड़ोष् अभियान चलाने जा रही है जिसकी शुरूआत आज से की जा रही हैए इस अभियान के जरिए युवाओं को जोड़ने का काम किया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी पूर्वी विनीत कम्बोज ने कहा कि युवा कांग्रेस का यूथ जोड़ो.बूथ जोड़ो कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर लान्च किया जा चुका है और अब इसे सभी प्रदेशों में लान्च करके युवाओं को जोड़ने का काम किया जायेगा।

आज के हालात इमरजेंसी से भी ज्यादा खराबः अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 25 जून 1975 की काली यादें 48 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी फिर सिहरन पैदा करती नज़र आ रही है। आपातकाल में जहां नागरिक अधिकार छीने गए, वहीं 19 महीनों की यंत्रणा में देशवासी भयाक्रांत रहे थे। असहमति की आवाज पर प्रतिबंध और जबरन लादी गई तानाशाही हुकूमत का विरोध करने वाले वास्तव में भारत के लोकतंत्र रक्षक सेनानी थे। सत्तालिप्सा में लोकतांत्रिक और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों की अनदेखी अघोषित आपातकाल के संकेत है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज के हालात इमरजेंसी से ज्यादा खराब है। आज सच बोलने पर कार्रवाई होती है। सरकार से सवाल पूछने पर कार्रवाई होती है। भाजपा सरकार में कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता है। लोगों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों को छीना जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। प्रेस की आजादी खतरे में है।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को बचाने और संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाजवादी शुरू से ही प्रतिबद्ध रहे हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों के लिए समाजवादी लड़ते आए हैं। आपातकाल में जिन लोगों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष किया था समाजवादी सरकार में उन लोकतंत्र सेनानियों को 15 हजार रूपए की सम्मान राशि, चिकित्सा, परिवहन की सुविधा के साथ राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार की भी व्यवस्था की गई। यह सब लोकतंत्र रक्षण अधिनियम बनाकर सुनिश्चित किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जो संविधान दिया है वही हमारे लिए यूनिफार्म सिविल कोड है। भाजपा के लोग नफरत फैलाते है। एक दूसरे को आपस में लड़ाकर साजिश कर समाज में खाई पैदा कर रहे हैं। लेकिन अब भाजपा की कोई रणनीति नहीं चलने वाली है। जिस प्रकार से गठबंधन बन रहा है और सभी दल एक हो रहे हैं उससे भाजपा का 2024 में सफाया निश्चित होगा।

जफरयाब जिलानी की याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को मुमताज कालेज डालीगंज लखनऊ के मौलाना अली मियां नदवी हाल में वकील ए मिल्लत एवं पूर्व अपर महाधिवक्ता मरहूम जफरयाब जिलानी की याद में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। अखिलेश यादव ने मरहूम जफरयाब जिलानी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जिलानी साहब का कद बहुत बड़ा था। वह नेक इंसान थे। सामाजिक कार्यों में मदद करते थे। सभी के दुःख.दर्द में साथ देते थे।

गोयनका ने स्वच्छ व सुचिता पूर्ण मीडिया के मानक गढ़ेः योगी

लखनऊ/गौतमबुद्ध। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का कार्य हुआ था। उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का कार्य स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा है। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगीए तब गोयनका जी का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा।

सीएम योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका जी ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देना का कार्य। सीएम योगी ने कहा कि गोयनका जी ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए इसका मार्ग भी उन्होंने ही दिखाया। सीएम योगी ने कहा कि स्वर्गीय रामनाथ गोयनका जी ने स्वच्छ और सुचिता पूर्ण मीडिया के मानक गढ़े। गोयनका जी का राष्ट्रवादी मीडिया मिशन के साथ भी गहरा जुड़ाव रहा है। सीएम योगी ने कहा देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र को बचाने तक स्व. रामनाथ गोयनका के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एक्सप्रेस समूह के निदेशक अनंत गोयनका, इंडियन एक्सप्रेस के संपादक राजकमल झा, उन्नीशंकर, बंदिता मिश्रा, कूमी कपूर, जनसत्ता के संपादक मुकेश भारद्वाज और एक्सप्रेस ग्रुप के सभी कर्मी उपस्थित थे।

यूपी कोआपरेटिव बैंक सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त करने वाला बना भारत का प्रथम बैंक

लखनऊ। सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक को सेवोत्तम लाइसेंस प्रदान किया गया है। उन्होने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यह लाइसेंस गुणवत्तायुक्त सेवा एवं पारदर्शिता के लिये प्रदान किया जाता है तथा यपी कोआपरेटिव बैंक सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त करने वाला भारत का प्रथम बैंक है। बैंक को यह लाइसेंस मिलना अत्यंत गर्व की बात हैए इसके लिए बैंक के सभी अधिकारीध्कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। जेपीएस राठौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश में यूपी कोआपरेटिव बैंक दूसरी संस्था है जिसे सेवोत्तम प्रमाण पत्र मिला है। सेवोत्तम माडल असेसमेन्ट इम्प्रूवमेन्ट माडल है जिसके अन्तर्गत सिटीजन चार्टरए नागरिक शिकायत समाधान पद्वतिए सेवा प्रदाय क्षमता निहित होते है। बैंक द्वारा उपरोक्त मानको को अंगीकृत किया गया है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा वर्ष 2006 में नागरिक सेवा प्रदान किये जाने हेतु लोक सेवाओं के मूल्यांकन एवं सुधार संरचना विषयक सेवोत्तम माडल की परिकल्पना विकसित की गयी हैएजो सीधे ग्राहको से जुडे हुए है। उन्होने कहा कि सेवोत्तम लाईसेंस प्राप्त होने से उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक एक ब्रांड बना है जिससे बैंक की साख बढेगी।

महाजनसम्पर्क अभियान को सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना हैः धर्मपाल सिंह

संवाददाता। लखनऊ

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को महा जनसम्पर्क अभियान को लेकर राजधानी लखनऊ के पूर्व मंडल के पार्टी पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित किया। प्रदेश महामंत्री संगठन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत हो रहे कार्यक्रमों की चर्चा की। तत्पश्चात सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पूर्व आईएएस जेके सिंघल से मिलकर मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यों पर चर्चा की और 9 वर्षों के कार्यों से सम्बन्धित पुस्तक भेंट की।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक में कहा कि महाजनसंपर्क अभियान के अन्तर्गत शुरू हुए घर-घर सम्पर्क अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर योजना बनाकर घर-घर तक पहुंचकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों और लोक कल्याणकारी कार्यों को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्ग के लोगों से सम्पर्क कर अभियान को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाना है।

उन्होंने कहा कि सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत विशिष्ठ जनों से सम्पर्क करने का काम भी हमें प्रभावी ढंग से करना है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ.सबसे मजबूत अभियान की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता संगठन की योजनानुसार कार्य करें। बैठक में पार्टी के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी सहित सभी मंडल पदाधिकारी व बूथ अध्यक्ष सम्मिलित हुए।

एमजेपी रुहेलखण्ड विवि को मिला ए-ग्रेड सम्मान

संवाददाता। बरेली

नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन कौंसिल (एन0ए0ए0सी0) द्वारा हाल ही में आयोजित मान्यता प्रक्रिया में, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विवि ने एक असाधारण उपलब्धि प्राप्त की है । 29-31 मई 2023 के बीच नैक टीम द्वारा आयोजित एक व्यापक तीन दिवसीय दौरे के बाद, विवि को प्रतिष्ठित ए-ग्रेड से सम्मानित किया गया है। यह अद्भुत उपलब्धि एमजेपी रुहेलखण्ड विवि, बरेली को देश के शीर्ष-श्रेणी के शैक्षणिक संस्थानों में स्थान देती है। ए-ग्रेड विवि की शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति निष्ठा व उसके छात्रों को गुणवत्ता वाली शिक्षा अनुभव प्रदान करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। यह स्वीकृति विवि की शैक्षणिक पढ़ाई, शोध,अनुसंधान और छात्रों के संपूर्ण आयामों में से निष्ठावानता का साक्षात्कार है। एनएएसी मान्यता प्रक्रिया में ग्रेड प्राप्त करने पर राज्य विश्वविद्यालयों की 'शोभायमान चांसलर आनंदीबेन पटेल' ने एमजेपी रोहिलखंड विवि के कुलपति, शिक्षकों, कर्मचारी और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन का समय है क्योंकि उन्होंने विवि को सबसे उच्च ग्रेड की मान्यता प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शन किया है। पिछले तीन वर्षों में की गई कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया है।'चांसलर महोदया के मार्गदर्शन में विवि के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कई बार समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उसके बाद आवश्यक दिशा निर्देश और महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह के मार्गदर्शन में तैयार की गई स्व-अध्ययन रिपोर्ट में गुणवत्तापूर्ण मानकों सहित विभिन्न मानकों पर चर्चाएं और मार्गदर्शन शामिल किए गए। उल्लेखनीय है कि राज भवन के विशेष शिक्षा अधिकारियों ने भी एनएएसी स्व-अध्ययन रिपोर्ट की तैयारी में मदद करने के लिए दो बार विवि का दौरा किया था। इसके अलावा, इस काम को समन्वित करने के लिए राज भवन सचिवालय में विभिन्न समयों पर चर्चाएं और विचार-विमर्श हुए। आनंदीबेन पटेल और उनके नेतृत्व में दी गई प्रेरणा और मार्गदर्शन ने विवि को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। उसने उत्कृष्टता और गुणवत्ता की ओर एक कदम आगे बढ़ा है। सभी विश्वविद्यालयों के लिए मूल्यांकन, पहल और रैंकिंग को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखने वाले एनएएसी के मूल्यांकन, पहल और राज भवन में आयोजित की गई कार्यशालाएं विशेष आयोजन हैं। प्रोफेसर के पी सिंह ने इस असाधारण उपलब्धि को आनंदीबेन पटेल जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व की दी गई मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए संबोधित करते हुए जोड़ा। उन्होंने विवि समुदाय को सबका धन्यवाद देते हुए स्पष्ट किया कि सफल एनएएसी दौरे के लिए अग्रसर होने के लिए पूरे प्रक्रिया के दौरान तैयारी से लेकर पोस्ट-मान्यता चरण तक हर एक सदस्य द्वारा दिखाए गए सहयोग, समन्वय और असाधारण काम के नेतृत्व के कारण यह संभव हुआ। इसके अलावा, बेस्ट प्रैक्टिस और विशिष्टताओं के अलावा, पीयर टीम ने पाठ्यक्रम विकास, समूह के लिए विकसित कुल माहौल, समाज के लिए विस्तार गतिविधियां, खेल की सुविधाएं, विश्वविद्यालय की सामान्य सुविधाओं और वातावरण, लाइब्रेरी प्रबंधन सिस्टम, आईटी गवर्नेंस और रखरखाव, सहभागी अभ्यास, धन का संचयन, आई0क्यो0ए0सी0 का कार्यान्वयन, छात्रों के लिए समावेशी वातावरण आदि को भी सराहा और पूर्ण अंक दिए हैं।

सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना पीएस बेलागढ़ी

- बाउंड्री विहीन विद्यालय को हरा भरा एवं आकर्षक बनाना बड़ी चुनौती था
- आज विद्यालय बाउंड्रीयुक्त, हरा भरा, आकर्षक, किचन गार्डन युक्त है।

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सरकारी स्कूलों में शिक्षण का स्तर सुधरा तो अभिभावक आकर्षित होने लगे। बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन घाघरा नदी पार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ब्लॉक संसाधन केंद्र से लगभग 40 किमीए मुख्यालय लखीमपुर से लगभग 85 किमी की दूरी पर स्थित ब्लॉक ईसानगर के प्राथमिक विद्यालय बेलागढ़ी की सूरत बदलने के साथ शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त होने से छात्र संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही। अभिभावकों में विश्वास बढ़ा है। मात्र कुछ सालो में स्कूल में गुणवत्तायुक्त शिक्षा ही नहीं दी बल्कि विद्यालय का माहौल भी बदल दियाए जहां ज्यादातर अभिभावकों का कहना है कि अब सरकारी स्कूल पहले जैसे नहीं रहे। डीएम की अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ द वीकष् से नवाजे गए ईसानगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बेलागढी क्षेत्र के लिए नजीर बन चुका है। महकमे के मुताबिक इस विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता जिलेभर के अन्य सरकारी स्कूलों से काफी बेहतर है। वर्तमान में यहां 300 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। प्रधानाध्यापक राघवेन्द्र सिंह ने वर्ष 2015 में अपने समस्त स्टाफको एकता सूत्र में पिरोकर शिक्षा क्षेत्र में नित नई उपलब्धियों को प्राप्त करना शुरू किया। कार्यभार ग्रहण करने के वक्त विद्यालय सौंदर्य विहीन था। राघवेन्द्र ने देखा कि विद्यालय में किसी प्रकार की कोई भी हरियाली नहीं है। बाउंड्री विहीन विद्यालय को हराभरा एवं आकर्षक बनाना किसी चुनौती से कम न था किंतु योजनाबद्ध ढंग से कार्य, अथक प्रयासों से पूरे स्टाफ ने विभिन्न पर्यावरणीय नवाचारों से विद्यालय सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया। वृक्षारोपण कर हराभरा फील्ड बनाई। आज विद्यालय बाउंड्री बनवाकर हराभराए आकर्षकए किचन गार्डन युक्त है। ना चाहते हुए भी यहां आने वाले आगंतुकों को यह अपनी ओर आकर्षित कर लेता है।

लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की ली गयी शपथ

- आपातकाल की 48वीं बरसी पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

देश में आपातकाल लगाए जाने की 48 वीं बरसी के मौके पर महमूदाबाद के सरदार सिंह कांवेंट इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीतापुर जिले भर से आए लोकतंत्र सेनानियों ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की शपथ ली। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी व पूर्व विधायक डा राम नारायण वर्मा को अंग वस्त्र और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष राम सेवक यादव रहे जबकि अध्यक्षता विष्णु कुमार अवस्थी ने की। इस समारोह में पार्टी के निर्देश पर क्षेत्रीय सांसद राजेश वर्मा व भाजपा जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू ने शिरकत करते हुए समारोह में मौजूद सभी लोकतंत्र सेनानियों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में सांसद श्री वर्मा ने कहा कि इन्हीं योद्धाओं के बलिदान के चलते देश में फिर से लोकतंत्र की वापसी संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में पूरी तरह निरंकुश हो चुकी तानाशाह इंदिरा गांधी को अपदस्थ कर जनता सरकार लाने का संपूर्ण श्रेय इन्हीं सेनानियों को है। उन्होंने युवाओं से इनसे प्रेरणा लेने को कहा। अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश संगठन मंत्री आर पी अवस्थी ने मांग की कि केन्द्र सरकार पूरे देश में सभी आपातकाल पीड़ितों को सम्मानित कर एक रुपता लाने का काम करे। मुख्य अतिथि राम सेवक यादव ने आपातकाल के दिनों की विस्तार से चर्चा की। समारोह को मुस्तफा हुसैन, बसंत शर्मा, रमेश भार्गव दीपू, संगठन के जिलाध्यक्ष शिव कुमार खेतान, अमर सिंह पटेल व राम कुमार वर्मा सहित अनेक लोकतंत्र सेनानियों ने भी संबोधित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जेल में महिला कैदियों व बच्चों को बांटीं दैनिक उपयोग की वस्तुएं

संवाददाता। शाहजहांपुर

जेल में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर रत्नाकर दीक्षित व अन्य पदाधिकारियों-वेद वर्मा, समर्पित महन्त,,मुनीर खान, रेनुका मैसी व अनीता सिंह के सहयोग से महिला बंदियों को साड़ी, सलवार सूट, मौसमी फल -आम,साबुन आदि तथा उनके साथ रह रहे बच्चों को कपड़े- लड़कियों को फ्राक व लड़कों को सूट,खिलौने, फल ,चिप्स, कुरकुरे, बिस्कुट व चाकलेट भेंट किए गए। कारागार में निरुद्धि के दौरान अनेक महिला बंदियों के परिजन या तो उनकी मदद नहीं करते या वे गरीबी के कारण कर सकने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में अनेकानेक महिला बंदियों व उनके बच्चों के पास कपड़े व दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ यथा जूते चप्पल, कास्मेटिक का सामान या हाइजीन किट टूथपेस्ट, टूथब्रश, हेयर आयल, कंघी, हेयरपिन आदि की व्यवस्था स्वयं सेवी संगठन तथा सामाजिक सहयोग से सम्पर्क कर पूर्ति की जाती है।ताकि उन्हें इस तरह के सामान के लिए परेशान न होना पड़े। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी उपयोगी सामान पाकर सभी महिला बंदी व विशेष रूप से बच्चे खिलोने व मनपसंद खाद्य पदार्थ पाकर बहुत खुश दिख रहे थे।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने चार्ज संभाला

- शासन की मंशा के अनुसार समस्याओं का शत प्रतिशत होगा निस्तारण

संवाददाता। शाहजहांपुर

जनपद के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कार्यभार संभालते मीडिया से पुलिस लाइन स्थित सभागार में वार्ताकार कहा शासन की मंशानुरूप जनता की समस्याओं का जनसुनवाई कर शत प्रतिशत निस्तारण, मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर बनाने के अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जनपद पुलिस को अभियान चलाकर संबंधित अभियान को सफल बनाए जाने के लिए निर्देशित करने के संबंध में बताया गया। जनपद की यातायात व्यवस्था के संबंध में महोदय द्वारा बताया गया कि यातायात व्यवस्था का गंभीरता पूर्वक समीक्षा की जाएगी तथा जनमानस को यातायात से संबंधित कोई भी असुविधा न हो इसके लिए निरंतर अभियान चलाकर यातायात के नियमों का पालन कराया जाएगा जिसके लिए क्षेत्राधिकारी यातायात एवं निरीक्षक यातायात सहित समस्त यातायात कर्मियों को आवश्यक कड़े दिशा निर्देश दिए जाएंगे। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब, अवैध शस्त्र के कारोबार में संलिप्त एवं टॉप 10 तथा क्रियाशील अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाकर अपराध पर अंकुश लगाने की कार्यवाही की जाएगी।जनपदीय पुलिस का जनता के प्रति मृदुल व्यवहार तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाएगा साथ ही जनता, व्यापारी वर्ग, महिलाओं , स्कूली छात्र छात्राओं सहित सीनियर सिटीजन को सुरक्षा की भावना जागृत कर सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा।

क्विक न्यूज

एसपी ने थाना सदर बाजार का निरीक्षण किया

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना सदर बाजार का निरीक्षण किया तथा पुलिस बल को ब्रीफकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सदर बाजार के कार्यालय, अभिलेखों, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, मैस एवं माल खाना का निरीक्षण कर संबधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र सदर बाजार अंतर्गत प्रमुख बाजार, सर्राफा बाजार मुख्य चौराहे आदि में पैदल गस्त किया गया , इस दौरान श्री सुधीर कुमार जायसवाल अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री संजीव कुमार बाजपेई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री वीएस वीर कुमार क्षेत्र अधिकारी नगर, श्री रविन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार एवं अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

खंभे में करंट उतरने से भैंस व घोड़े की मौत

लखीमपुर/खीरी टाउन। खंभे में करेंट उतरने से भैंस व घोड़े की मौत मौत हो गई। खीरी टाउन। हल्की सी बारिश होने की वजह से रेलवे क्रॉसिंग के पास लगे हुए नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट के खंभे में करेंट उतर आया। जिस वजह से पास में ही घास चर रही भैंस खंभे के संपर्क में आने से मोहल्ला घोसियाना निवासी मंसूर घोषी की भैंस की मौत हो गई। कीमत लगभग 50 हजार रूपए थी। वही पास में मौजूद ईंट भट्ठा के घोड़े की भी मौत हो गई बिजली विभाग के कर्मचारी को जब जानकारी हुई तो फौरन मौके पर पहुंच कर लाइन बंद कर दिया वही जब नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी से बात की तो उन्होने बताया ऐसे जर्जर खंभों को बदल कर लाइट के लिए लाइन को सही कराया जायेगा ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना होने पाए बहर हाल नगर पंचायत खीरी की जर्जर लाइन की वजह से एक गरीब का नुकसान हुआ वा दो बेजुबान मौत के मुंह में समा गया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कैंप आयोजित

सीतापुर। जिले के थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कैंपो का आयोजन जारी है। इसी कड़ी में मानपुर थाना अंतर्गत फूलपुर स्थित राशन की दुकान पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यहां पर महिला आरक्षी पूजा, संगम और मुख्य आरक्षी राम आसरे यादव ने महिलाओं और बलिकाओं को एकत्र कर उन्हें महिला अधिकारों और हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 1076, 181 के बारे में विस्तार से बताया।

साइकिल सवार मजदूर की दुर्घटना में मौत

बरेली। मजदूरी करके साइकिल पर घर वापस लौट रहे मजदूर को तेजी से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय मजदूर की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सिरौली थाने के गांव हिया नगला निवासी 50 वर्षीय माखनलाल पुत्र बाबूराम कि बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि माखनलाल अविवाहित थे और कल दिन में मजदूरी करने के लिए साइकिल पर घर से निकले थे रात में लगभग 9 बजे वह बरसेर गांव से मजदूरी करने के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहा था लेकिन बरसेर शाहाबाद मार्ग पर तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक और उसे चला रहे युवक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और उसके घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्यवाही शुरु कर दी।

पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव ने जलभराव का जाना हाल

लखीमपुर खीरी। रविवार को हुई सुबह बारिश के बाद शहर में मिल रही। जलभराव की शिकायतों का निस्तारण करने डॉक्टर इरा श्रीवास्तव अध्यक्ष नगर पालिका लखीमपुर सड़कों पर निकली। लखीमपुर शहर के सीतापुर रोड पर जलभराव की शिकायत पर डॉ इरा ने टीम को बुलाकर जलभराव की समस्या को देखते हुए नालों की सफाई कराई। डा0 इरा रविवार को सफाई टीम के साथ एलआरपीए सौजन्य चौक समेत कई क्षेत्र में पहुंचकर नालों की जमा सिल्ट को निकल वाया। अध्यक्ष ने मोहल्ला वासियों से बात करते हुए सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

वीरेंद्र गंगवार दोबारा बने सहकारी बैंक के अध्यक्ष

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र गंगवार उर्फवीरू को पुनः दूसरी बार जिला सहकारी बैंक बरेली का (चेयरमैन) अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा नेता अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के युवा जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में कस्बे के भाजपाइयों ने वीरेंद्र कुमार उर्फवीरू के निवास पर बधाई दी। जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ निवर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार उर्फ वीरू दोबारा सहकारी बैंक के सभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। वही कंचन राणा निर्विरोध उपसभापति निर्वाचित हुए। इस चुनाव में किसी प्रतिनिधि दल ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। वीरेंद्र गंगवाल उर्फवीरू ने कहा कि किसानों को सही समय पर खाद मिलेगी और मैं हर समय किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ा रहूंगा। और वह किसानों की प्रगति के लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे। आज शनिवार को भाजपा नेता अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के युवा जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल सक्सेना, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, संजीव शर्मा, भाजपा नेता जगत सिंह उर्फसनी, सुचित अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, डॉ मुदित सिंह, शशांक अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, सुबोध पोरवाल, यश अग्रवाल, प्रेमपाल गंगवार आदि लोग जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार और वीरू के निवास पर पहुंचकर जिला सहकारी बैंक बरेली का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

थाना मितौली पर पीस कमेटी की बैठक

मितौली खीरी। पुलिस क्षेत्राधिकारी मितौली सुबोध जायसवाल की अध्यक्षता में थाना मितौली पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ईद एवं सावन माह में कांवड़ यात्रा पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य को लेकर नागरिकों को उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने ईद का पावन पर्व भाईचारे एवं सदभावना पूर्वक मनाए जाने की अपील की गई। वही सावन माह के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रियों को भी शांतिपूर्वक गंगाजल भरकर भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन करने की अपील की गई। पुलिस उपाधीक्षक मितौली ने शांति व्यवस्था की मीटिंग में उपस्थित नागरिकों को अपना सीयूजी नंबर देते हुए समाज में अराजकता फैलाने वाले व्यक्तियों की शिकायत तत्काल प्रभाव से देने की बात कही है।

कसमण्डा की ग्राम पंचायत में खड़ंजा मार्ग धंसा

सीतापुर। ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत ऊंचा खेड़ा कला मे खड़ंजा मार्ग कई जगहो पर धंस गया है। इसके चलते जरा सी भी बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। आमजन को आवागमन मे काफी दिक्कत को देखते हुए इसके लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन बरसात शुरू होने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

आईएमए बरेली ने सीबी गंज के गाँव पसतौर को गोद लिया

संवाददाता। बरेली

रविवार को आईएमए बरेली द्वारा श्आओ गाँव चलेंश् अभियान चलाया गया। अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी ने बताया कि यह अभियान आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसके अंतर्गत हर जिले की आईएमए शाखा को एक गाँव गोद लेकर उसके निवासियों का स्वास्थ संबंधित जीवन का उत्थान करना है ।डॉ. पागरानी ने बताया कि आईएमए बरेली की ओर से इसी क्रम में रविवार को सी बी गंज के गाँव पसतौर को गोद लिया गया है। इस गाँव में समय समय पर चेकअप कैम्प लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड की मशीन लगाई जाएगी और स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं में सरवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी स उन्होंने बताया कि यहां की आबादी लगभग 15 हजार है स गाँव में एक विशाल स्वास्थ शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य का चेकअप कर डॉ मधु गुप्ता एमओईसी-अर्बन पी एच सी सी बी गंज) की ओर से दवा भी दी गई। खुश लोक अस्पताल की टीम भी मौजूद रही स मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी स्वच्छता संबंधित और इस प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी भी दी गई स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पीआरओ चांसल्लर डॉ. अशोक अग्रवाल मौजूद रहे स इस प्रोजेक्ट में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, रूहेलखंड मेडिकल कॉलेज और आईएमए बरेली साथ में काम कर रहे हैं । कार्यक्रम में सचिव डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. राजीव गोयल,, आर एम सी एच के कम्यूनिटी सर्विस डिपार्टमेंट के एच ओ डी डॉ. अथर्व सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ मधु गुप्ता की टीम, डबलूएचओ, आईएमए बरेली के कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. विवेक मिश्रा,, सी.बी.गंज के भाजपा नेता मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश लोधी का विशेष सहयोग रहा।

एसपी के निर्देश पर धर्मांतरण कराने के आरोप में मां-बेटे को किया गिरफ्तार

सीतापुर। एसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर धर्मांतरण कराने के आरोप में एक मां बेटे को गिरफ्तार किया गया हैं। इस मामले को लेकर सीतापुर नगर कोतवाली में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने नामजद केस दर्ज कराया था। गिरफ्तार किए गए गीता मसीह पत्नी राजेश और अनुज मसीह पुत्र राजेश लखीमपुर खीरी जिले में मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के निवासी है। इन दोनों पर गरीब लोगों को पैसे व नौकरी का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप हैं। इनके पास से पुलिस टीम ने एक बाइबिल धर्म ग्रन्थ और सेंट्रल यूपी मिशन धर्म ग्रन्थ की एक किताब बरामद की है। इन्हे गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह तथा आरक्षी दीपक, राहुल और महिला आरक्षी कोमल शामिल रहे।

महिला पुरुष सोने की चेन व अंगूठी लेकर फरार, पुलिस कर रही तलाश

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

नगर के मोहल्ला बाजार गंज में जवाहर मार्केट के नजदीक अनुपम ज्वेलर्स की दुकान पर पल्सर मोटरसाइकिल से सवाल महिला पुरुष आए और एक सोने की अंगूठी और एक चौन लेने के लिए दिखाने के लिए कहा दुकानदार ने ट्रेन में कई अंगूठी और चेन् रखकर दिखाने को दी। महिला पुरुष काफी देर तक चेन और अंगूठी देखकर पसंद करते रहे और बाद में पसंद ना आने की बात कहकर अपनी बाइक से दोनों उठ कर चले गए। जब दुकानदार ने मिलान किया तो पता चला कि एक अंगूठी और एक चेन कम है। दुकानदार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने सीसी कैमरे में दोनों महिला पुरुष को अंगूठी और चेन चुराते देखा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बाइक और चोरों की तलाश जारी है। बहुत जल्द दोनों महिला पुरुष पकड़े जाएंगे। इस घटना से ज्वेलर्स काफी सशंकित हो गए हैं पुलिस को तत्काल कार्रवाई करना होगा।

जिला योजना समिति के सदस्य पद के लिए निर्वाचन हुआ संपन्न

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ की अधिसूचना द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार रविवार को जिले में नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समितिए निर्वाचित होने सदस्यों का अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में मतदान एवं मतगणना सम्पन्न हुआ। जनपद में जिला योजना समिति के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद पर रविवार को सम्पन्न हुए मतदान में कुल 215 मतदाताओं ;नर्वाचित सदस्योंद्ध में से 121 मतदाताओं द्वारा अपने मतों का प्रयोग किया। मतदान के उपरान्त सम्पन्न मतगणना में श्रीमती अर्चना वर्मा पत्नी प्रमोद कुमार वर्मा नगर पंचायत ओयल ढखवा कुल 41 मत पाकर निर्वाचित घोषित की गई तथा श्रीमती सलीमुन निशां पत्नी मो0 सईद नगर पंचायत खीरी 38 मत पाकर द्वितीय स्थान पर रही। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के निर्वाचित होने वाले सदस्यों के सम्पन्न हुए निर्वाचन में नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ से अंजू देवी (अनुसूचित जाति महिला) एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर से शमीम बानो (अनारक्षित वर्ग महिला) निर्विरोध निर्वाचित हुई। वही नगर पंचायत ओयल से अर्चना वर्मा (अन्य पिछड़ा वर्ग) 41 मत पाकर सविरोध निर्वाचित हुई।

मुश्ताक अहमद गद्दी बने जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का अध्यक्ष

बरेली। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव द्वारा बरेली निवासी मुस्ताक अहमद गद्दी को जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर आज उनका उनके क्षेत्र में और कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार तरीके से हार फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुस्ताक गद्दी ने कहा कि अब समस्त पिछड़ी जातियां को कांग्रेस से जोड़ने और उनकी भूमिका को सक्रिय करने तथा जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी पर काम करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और कांग्रेस में सभी वर्गो का हित सुरक्षित है और अब कहीं भी पिछड़े वर्ग के किसी समाज या व्यक्ति शोषण नहीं होने देंगे यही हमारा संकल्प है ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव चौधरी असलम मियां ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव दलितो पिछड़े सभी के लिए निष्पक्ष होकर संघर्ष करते हुए कार्य किया है और उनका हक दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जातीय जनगणना कराने हेतु आन्दोलनरत है और हर जिले में सम्मेलन आयोजित कर रही है ताकि जाए उनका पूरा हक दिया जाए । इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव मंडल प्रभारी हसनैन अंसारी, जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश बख्शी टोनू, कांग्रेस सेवादल के सचिव मोहम्मद हसन, कन्हईलाल मौर्या, मोतीराम कश्यप,राजीव यादव, रवि कश्यप, भानू यादव, आजम अंसारी, शाकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

समर कैंप का हुआ समापन

- इंडियन एकेडमी पटेल इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ समर कैंप समापन समारोह

संवाददाता। गोला गोकर्ण नाथ खीरी

ग्राम ममरी के इंडियन एकेडमी पटेल इंटर कॉलेज के ममरी में समर कैंप समापन समारोह का युवराज दत्त महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन करके किया। समर कैंप के आयोजक इंद्रेश बंसल ने मुख्य अतिथि अरविंद पांडे का तिलक एवं माल्यार्पण करके स्वागत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अरविंद पांडे ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में समर कैंप का आयोजन विशेष महत्त्व रखता है उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन अवकाश का सदुपयोग बच्चों ने किया है और बच्चों ने पूरे मनोयोग से एक माह तक अपने प्रशिक्षकों के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है एअरविंद पांडे ने समस्त छात्र.छात्राओं से अनुरोध किया किअपने जीवन को सुखमय वैभवशाली बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना होगा और लक्ष्य की प्राप्ति तक विश्राम नहीं करना है जब आप लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे तो भारत मां की सेवा कर सकेंगे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारत माता के मस्तक को ऊंचा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। समर कैंप में पटेल इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर उमेश चंद्र वर्माए प्रधानाचार्य जसकरन लाल वर्मा के द्वारा सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। समारोह में संजीव दीक्षित शाहनवाज वरिष्ठ पत्रकार पूर्णानंद बाजपेईए डॉ प्रदीप वर्माए अभय यादव एसलमा सिद्दी

एक माह से जारी विद्युत संकट से त्रस्त होकर लोगों ने लगाया जाम

● दो घंटे मान मनौव्वल के बाद आवागमन हुआ बहाल

संवाददाता। उरई, जालौन

पिछले एक माह से मोहल्ला इंदिरा नगर में विद्युत आपूर्ति संकट से त्रस्त हो चुके स्थानीय लोगों ने राठ रोड ओवरब्रिज मंडी गेट के सामने नारेबाजी करते हुये जाम लगा दिया। जाम लगाये लोगों का कहना था कि जब वह नियमित बिजली का बिल अदा करते हैं तो फिर कटौती के नाम पर लोगों को परेशान क्यों किया जा रहा है। करीब दो घंटे की मान मनौव्वल के बाद जाम लगाये आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया तब कहीं जाकर आवागमन बहाल हो सका। इस दौरान सैकड़ों वाहन जाम लें फंसे रहे।

रविवार को इंदिरा नगर सहित आसपास की बस्ती के लोगों को करीब एक माह से विद्युत आपूर्ति के नाम पर छलावा किया जा रहा था जिससे लोगों के सामने भीषण उमस भरी गर्मी में जीना हराम हो रहा था साथ ही पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया था। मोहल्ले में नियमानुसार विद्युत आपूर्ति जारी रखने के लिये अनेकों बार मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अनुरोध भी किया लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो उन्होंने एकत्रित होकर राठ रोड ओवरब्रिज मंडी गेट के सामने सड़क को अवरुद्ध कर जाम लगा दिया।

जाम लगाने में बड़ी तादाद में महिलाओं की भागीदारी होने से मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल शिवकुमार राठौर ने मौके का नजारा देखा तो उन्होंने उसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी। बाद में हुई वार्ता के बाद मोहल्लेवासियों का आक्रोश कम हुआ तो उन्होंने जाम खोल दिया।

कांग्रेस ने किया था लोकतंत्र को कुचलने का कुत्सित प्रयास: साध्वी

●भाजपाईयों ने हाथों में काली पट्टी बांध जताया विरोध

संवाददाता। फतेहपुर

1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को समाप्त करके आपातकाल को पूरे देश में लागू कर दिया था। इस आपातकाल को अहंकार व अराजकता की प्रतिमूर्ति बताते हुए भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाईयों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के माध्यम से 1975 में कांग्रेस ने लोकतंत्र को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया लेकिन राष्ट्रवादी संगठनों के कठिन संघर्ष के फलस्वरुप इंदिरा गांधी का ये स्वप्न पूरा नहीं हो सका। आपातकाल अहंकार और अराजकता की साक्षात प्रतिमूर्ति था। जिसकी त्रासदी को शब्दों से बताना मुश्किल है। आज के दिन हम लोकतंत्र सेनानियों का पुण्य स्मरण करते हुए भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को सदैव अक्षुण्ण रखने का संकल्प लें। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश राय, आदि मौजूद रहे।

चित्रकूट को सबसे स्वच्छ शहर बनाना प्राथमिकता: नरेंद्र गुप्ता

संवाददाता। चित्रकूट

जिले के प्रतिष्ठित समासेवी एवं सीए सौरभ अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खरे द्वारा पुरानी बाजार में आयोजित समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंकज अग्रवाल के जिला सहकारी बैंक बांदा-चित्रकूट का अध्यक्ष एवं नरेंद्र गुप्ता के चित्रकूटधाम नगर पालिका कर्वी का चेयरमैन निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करा बांदा-चित्रकूट के सहकारी बैंकों को यूपी के अग्रणी बैंक बनाना उनकी प्राथमिकता है।

●बांदा-चित्रकूट के सहकारी बैंकों को बनाएंगे यूपी का अग्रणी बैंक- पंकज अग्रवाल

उन्होंने जिले के व्यापारियों से सहकारी बैंकों में अधिक से अधिक खाता खोलकर उनका सहयोग करने की अपील की।

रविवार को मुख्यालय के पुरानी बाजार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे एवं सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समारोह के संयोजक सीए सौरभ अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खरे ने जिला सहकारी बैंक बांदा-चित्रकूट के अतिथियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल एवं चित्रकूटधाम कर्वी नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता का फूल-मालाओं से लादकर एवं रामदरबार भेट कर स्वागत -सम्मान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि देश और प्रदेश में मोदी-योगी सरकार द्वारा किये जा रहे गरीबों के कल्याण के कार्यो की बदौलत आज हर तरफ भाजपा का परचम लहरा रहा है। उन्होने कहा कि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पद पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल के निर्विरोध जीत से पूरे प्रदेश में व्यापारियों का सम्मान बढ़ा है।

अनियंत्रित ट्रक के कुचलने से दो श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

चित्रकूट। जिले में लेटी परिक्रमा लगा रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। ये हादसा पहाड़ी थाना क्षेत्र के प्रसिद्धपुर गांव में हुआ है। सकरौली गांव के रहने वाले कुछ श्रद्धालु देर रात परिवार के साथ लेटी परिक्रमा लगाकर देवस्थान सिंगरी बाबा के मंदिर जा रहे थे। प्रसिद्धपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनको रौंद दिया। हादसे में पिता-पुत्र बाबूलाल और बृजलाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद पीड़ित श्रद्धालुओं ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब सड़क हादसा हो गया तो पुलिस आकर तुरंत शव को मर्चरी ले जाने को दबाव बनाने लगी। विरोध करने पर पुलिस कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। इस मामले में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित परिजनों के आरोप पर जांच की जा रही है।

भाकियू अध्यक्ष की सिफारिश पर समापुर में होगा पुल का निर्माण

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में सांसद, विधायक तथा अन्य राजनीतिज्ञ लोगों ने विभिन्न स्थानों पर गंगा पुल के निर्माण की मांग की थी। जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश में दस पुलों का निर्माण होना है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने शासन को समापुर घाट पर पुल के निर्माण की उपयोगिता बताते हुए पत्र लिखा था। जिसके आधार पर प्रदेश सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश के दस बड़े गंगा के पुलों में श्री चौहान द्वारा दिए गए स्थान पर भी पुल के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के अनुज एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हथगाम भूपेंद्र सिंह चौहान मुन्ना ने बताया कि सेतु निगम एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से रायबरेली तथा समापुर दोनों तरफ की जांच हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर जितिन प्रसाद द्वारा पुल की उपयोगिता एवं लाभान्वित होने वाली आबादी का अध्ययन कराया जा चुका है। जल्द ही यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इस पुल की खास बात यह है कि यह अयोध्या और चित्रकूट दो धार्मिक स्थलों को जोड़ देगा। रायबरेली, सुल्तानपुर, लखनऊ, एम्स, रायबरेली के गदागंज हाईवे, जलालपुर धई रेलवे स्टेशन, गौरा जगतपुर, मुंशीगंज से सीधे सुल्तानपुर, गौरीगंज, अमेठी, अयोध्या तथा फतेहपुर में अकबरपुर चोराई, समापुर पट्टी शाह, बड़ी आबादी वाला गांव सिठौरा, छिवलहा कस्बा, थरियांव हाइवे आदि आबादी को समाहित करेगा।

बरसात से ढह गई जोधर पुल की साइडवाल, दुर्घटना की आशंका

●चार करोड़ की लागत से दो वर्ष पूर्व बना था पुल

संवाददाता। कालपी, जालौन

यमुना पट्टी के दर्जनों गांवों को सीधे कालपी नगर से जोड़ने के लिए मगरौल कालपी संपर्क मार्ग पर चार करोड़ की लागत से व्यास गंगा (जौधर नाला) पर दो वर्ष पूर्व पुल का निर्माण कराया गया था। जिसके एप्रोच मार्ग की साइडवाल बाढ़ और बारिश के पानी से टूट गई। निर्माण न होने से आवागमन में परेशानी व दुर्घटना का भय बना हुआ है।

मंगरौल कालपी मार्ग पर देवकली, हीरापुर, कीरतपुर, गुढ़ाखास, शेखपुर गुढ़ा, मंगरौल, पड़री, नया पुरवा आदि गांव के आवागमन की सुविधा के लिए पूर्व विधायक के प्रयास से व्यास गंगा पर के पुल निर्माण कार्य हेतु चार करोड़ 72 लाख 19 हजार की लागत से 70.80 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्यदायी संस्था राज्य सेतु निगम के द्वारा करवाया गया था। कीरतपुर के प्रधान पवनदीप निषाद ने बताया कि पुल के दोनों और 400 मीटर एप्रोच मार्ग का निर्माण कराया गया था। जिसके निर्माण में एक करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किए गए थे।

प्ले निर्माण होने के बाद सन 2022 में जुलाई अगस्त के महीने में यमुना नदी बाढ़ आने से उनके दोनों ओर बनाया गया एप्रोच मार्ग ध्वस्त हो गया था। उस समय भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि घटिया निर्माण की वजह से एप्रोच मार्ग ध्वस्त हो गया लेकिन बारिश के बाद एप्रोच मार्ग के जगह जगह गड्ढे भर दिए गए पर ध्वस्त साइडबाल का निर्माण अभी तक नही कराया गया है। दोनो ओर बोल्डर लगाकर पिच बनाई जानी थी एप्रोच मार्ग पर साइडबाल मजबूत न बनाकर घटिया किस्म का निर्माण कार्य कराकर कार्यदायी संस्था ने लाखो रुपया का घोटाला का उक्त पुल गवाही दे रहा है।

क्विक न्यूज

नगर कमेटी चुनाव का 25 से 27 जुलाई तक नामांकन

फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर कमेटी का चुनाव जल्द कराया जाये। इसके लिए चुनाव की रूपरेखा तैयार करते हुए चुनाव अधिकारियों को नियुक्त कर दिया गया। चुनाव कार्यक्रम शहर के हरिहरगंज स्थित एक होटल में सम्पन्न कराया जायेगा। मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर कमेटी भंग चल रही है। कमेटी के गठन के लिए चुनाव कराया जायेगा। जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। नामांकन 25, 26, 27 जुलाई को 12 से चार बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच 29 जुलाई व तीस जुलाई को नामांकन वापसी होगी। 24 अगस्त को 9 बजे से 4 बजे तक मतदान होगा। शाम 6 बजे से मत पत्रों की गिनती की जाएगी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

कोंच, जालौन। मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट प्रणाली के अन्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपनी-अपनी आवंटित बीट में जाकर पंचायत भवनमिशन शक्ति कक्ष में चौपाल का आयोजन प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को कोंच कोतवाली क्षेत्र की भेंड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम रवा में महिलाओं, युवतियों व किशोरियों को जागरुक किया गया। चौपाल में पुलिस एवं महिलाओं के मध्य समन्वय स्थापित कर राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विशेषकर महिला अपराध से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं एवं प्रक्रिया तथा विभिन्न हेल्प लाइन सेवाओं(112, 1090, 181, 108, 1076, 1098) इत्यादि की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

सींचपाल से पर्यवेक्षक बने कर्मियों की तैनाती में विभागीय खेल

फतेहपुर। सिंचाई विभाग निचली गंगा नहर प्रखंड में सींचपाल के पद से विभागीय प्रोन्नति पाकर सींच पर्यवेक्षक बने कर्मियों की नवीन तैनाती दिए जाने के आदेश का पालन करने की जगह उसे भ्रष्टाचार कर विभागीय अफसरों द्वारा दबा दिया गया। अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मंडल कानपुर की ओर से 19 जून 23 को अधिशाषी अभियंता प्रखंड निचली गंगा नहर को पत्र जारी करते हुए सींचपालो की प्रोन्नति होने व उन्हें सींच पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्ति दिए जाने व स्थानांतरण स्थल पर तैनाती का पत्र जारी किया गया। विभागीय अनियमितताओं के चलते अफसरों द्वारा सींच पर्यवेक्षकों को प्रोन्नति का लाभ तो दे दिया गया लेकिन उन्हें नवीन तैनाती स्थल पर स्थान्तरण नहीं किया गया। जानकारों की माने तो विभागीय प्रोन्नति पाने के बाद भी भ्रष्टाचार के चलते कर्मियों को नवीन तैनाती पर न भेजकर अधीक्षण अभियंता का आदेश ही दबा दिया गया।

5 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के कटेंगे कनेक्शन

कोंच, जालौन। राजस्व वसूली हेतु प्रदेश शासन के कड़े रुख को देखते हुए तमाम विभाग सक्रिय नजर आने लगे हैं। विद्युत विभाग भी राजस्व वसूली अभियान अब और तेजी से चला रहा है। विद्युत उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य ने रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि अभी तक राजस्व वसूली अभियान के तहत 10 हजार रुपये अथवा उससे ऊपर के बकायेदारों को टारगेट किया जाता था लेकिन प्राप्त नये निर्देशों के तहत अब 5 हजार अथवा इससे ऊपर के बकायेदारों को टारगेट कर उनसे बकाया धनराशि वसूली जाएगी और बकाया धनराशि जमा न करने पर संबंधित बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन बगैर ढील दिए काटे जाएंगे। उपखंड अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं को चेताते हुए कहा कि प्रत्येक माह अपना बिल जमा करें और बाईपास केबल डालकर अथवा मीटर में छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी न करें। विभागीय कर्मियों ने रविवार को बाजार क्षेत्र में शिविर लगा कर बकायेदार उपभोक्ताओं से डेढ़ लाख रुपये की राजस्व वसूली की।

प्रतिबंध के बाद भी आखेट करने से मत्स्य संपदा पर खतरा

संवाददाता। हमीरपुर

विभागीय अधिकारियों की शह पर प्रतिबंध के बाद भी मत्स्य आखेट करने से देशी प्रजाति की मछलियों के बंश वृद्दि पर खतरा उत्पन्न हो गया है। मत्स्य संपदा की हानि को देखते हुये मछुवारों ने इस मामले में रोक लगाये जाने पर आपत्ति जाहिर की है मगर उसका कोई असर नही हो रहा है।

मत्स्य सहकारी समिति के सचिव घसीटे निषाद, हरिहर निषाद, प्रेमचंद निषाद ने बताया कि शासन प्रत्येक साल नदियों में मत्स्य संपदा को बचाने के लिये हर जिले में मछलियों के छोटे बच्चे(रिवर हैचरिंग) छुड़वाती है, मगर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते हर साल शासन की मंशा में पानी फेर जाता है। प्रदेश के मत्स्य विभाग के केविनेट मंत्री संजय निषाद ने प्रतिवंध के बाद भी मत्स्य आखेट करने पर नाराजगी जाहिर की थी मगर उसका भी कोई असर नहीं हुआ। प्रतिबंध जून, जुलाई, अगस्त तक मत्स्य आखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़ की हजारों की चोरी

फर्रुखाबाद। कानून व्यवस्था से वेखौफ चोरों ने दुकीन के ताले तोडकर दो दुकानों से जनरेटर के अल्टरनेटर व ऑक्सीजन सिलेंडर ए बैटरी आदि सामान चुरा लिया और रफूचक्कर हो गये। मिली जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र जसमई दरवाजा कायमगंज रोड बाईपास भारत पेट्रोल पंप के पास 4 दुकाने हैं। उनको किराए पर दिया गया है। चोरों के ताले तोड़कर दो दुकानों से जनरेटर के अल्टरनेटर एऑक्सीजन सिलेंडर व बैटरी आदि सामान चुरा लिया।

ट्रकों की टक्कर से लगी आग तीन जीवित जले, तीन गंभीर

घाटमपुर। रविवार सुबह कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव जहागीराबाद के पास आवर टेक करने के दौरान तीन ट्रक टकरा गये, ट्रकों के टकराने के बाद आग लग गयी जिससे तीन लोग जिन्दा जल गये, तथा तीन लोग बुरी तरह से झुलस गये जिन्हें इलाज के लिये हैलट कानपुर भेजा गया है। हादसे के बाद करीब 4 घंटे तक हाइवे जाम रहा और हजारों वाहनों की दोनों ओर लाइनें लग गयीं। उधर जानकारी मिलने के बाद पुलिस फोर्स और दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पंहुची तथा आग बुझाने के साथ ट्रकों के केबिन में फंसे लोगों को बाहर निकला, हादसे में एक ट्रक के क्लीनर की मौत हो गयी जबकि दो ने इलाज को ले जाते समय मौत हो गयी। एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है जिनकी पहिचान उन्नाव जनपद के हरसिंहपुर थाना बीधापुर निवासी सचिन 30 वर्ष पुत्र जगदेवन तथा उन्नाव के ही जीतेन और कानपुर देहात के गांव भन्नापुरवा निवासी गुलाब के रुप में हुई है।

पेज एक का शेष

रणनीतिक साझेदारी...

लोगों को फायदा होगा। मैं राष्ट्रपति अल-सिसी, सरकार और मिस्र के लोगों को उनके स्नेह के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने हेलियोपोलिस राष्ट्रमंडल युद्ध कब्रिस्तान का भी दौरा किया जहां उन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान मिस्र में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने ट्विटर पर कहा कि भारत के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि, जिनके साहस को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हेलियोपोलिस युद्ध स्मारक पर, मैंने मिस्र में प्रथम विश्वयुद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मिस्र के समकक्ष मुस्तफा मैडबौली ने काहिरा के बाहरी क्षेत्र में गीज़ा के प्रतिष्ठित पिरामिडों का भी दौरा किया। मोदी ने कहा कि मैं पिरामिडों में मेरे साथ आने के लिए प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली को धन्यवाद देता हूं। हमने अपने राष्ट्रों के सांस्कृतिक इतिहास और आने वाले समय में इन संबंधों को कैसे गहरा किया जाए, इस पर गहन चर्चा की। प्रधानमंत्री शनिवार दोपहर यहां पहुंचे और हवाई अड्डे पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया, जहां उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण भी किया। मैडबौली ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बाद में, मोदी ने मैडबौली के नेतृत्व वाली मिस्र की इंडिया यूनिट के साथ बैठक की, जो भारत के साथ संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए अल-सिसी द्वारा गठित उच्चस्तरीय मंत्रियों का एक विशेष समूह है। शनिवार को, प्रधानमंत्री ने मिस्र के मुफ्ती ए आजम शॉकी इब्राहिम अब्देल-करीम अल्लम से मुलाकात की, और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने तथा चरमपंथ एवं कट्टरपंथ का मुकाबला करने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने मिस्र में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की जिन्होंने उनकी प्रशंसा की और उन्हें भारत का नायक बताया। प्रधानमंत्री ने मिस्र में प्रमुख हस्तियों से भी मुलाकात की, जिनमें पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में काम करने वाली मिस्र की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हसन अल्लम और प्रसिद्ध लेखक एवं पेट्रोलियम रणनीतिकार तारेक हेग्गी शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने दो प्रमुख युवा योग प्रशिक्षकों-रीम जाबक और नाडा एडेल के साथ भी गर्मजोशी से बातचीत की। उन्होंने योग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उनकी प्रशंसा की और उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री मोदी...

बीच स्थाई मित्रता का प्रतीक काहिरा में राष्ट्रपति अल सीसी ने प्रधानमंत्री मोदी को मिस्र के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया। ऑर्डर ऑफ द नाइल शुद्ध सोने से बना होता है, जिसमें वर्गाकार सोने की तीन इकाइयां शामिल हैं, जिनमें मिस्र पर शासन करने वाले बादशाह फिरौन (फराओ) के प्रतीक शामिल हैं। पहली इकाई राष्ट्र को बुराइयों से बचाने का विचार पेश करती है, जबकि दूसरी इकाई नील नदी द्वारा लाई गई समृद्धि एवं खुशी का प्रतीक है और तीसरी इकाई धन एवं सहनशीलता को संदर्भित करती है। ये तीनों इकाइयां एक-दूसरे से सोने से बने गोलाकार फूलों से जुड़ी होती हैं, जिसमें फिरोजा और रूबी रत्न जड़े होते हैं। पिछले नौ वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी को पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू, फिजी के द कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर, पलाऊ गणराज्य के एबाकल पुरस्कार, भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्याल्प से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा मोदी को अमेरिकी सरकार द्वारा लीजन ऑफ मेरिट, बहरीन द्वारा किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रिनेसांस, मालदीव द्वारा द ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्यूस्ड रूल ऑफ निशां इज्जुद्दीन, रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू से सम्मानित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड, फलस्तीन का द ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन अवॉर्ड, अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान द स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्ला खान और गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिए जाने वाले सऊदी अरब के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ अब्दुल अजीज अल सऊद से भी सम्मानित किया जा चुका है।

काहिरा की...

करके सम्मानित महसूस किया। यह मिस्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति का एक बड़ा प्रमाण है। विदेश मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बोहरा समुदाय के नेताओं से भी मुलाकात की, जो इस शिया मस्जिद का रखरखाव करने में सक्रिय रूप से शामिल हैं और भारत तथा मिस्र के लोगों के बीच आपसी मजबूत रिश्तों को रेखांकित किया। मस्जिद में मुख्य रूप से जुमे (शुक्रवार) और दिन की सभी पांच फर्ज़ नमाज़ होती है। अल हाकिम मस्जिद काहिरा की चौथी सबसे पुरानी मस्जिद है और शहर में दूसरी फातिमिया दौर की मस्जिद है। मस्जिद 13,560 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है, जिसका प्रांगण 5,000 वर्ग मीटर में है। भारत में बस गए बोहरा समुदाय का संबंध फातिमिया से है। मिस्र में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने पहले कहा था कि बोहरा समुदाय 1970 के बाद से मस्जिद का रखरखाव कर रहा है। गुप्ते ने कहा था, प्रधानमंत्री का बोहरा समुदाय से बहुत गहरा लगाव है, जो कई वर्षों से गुजरात में भी बसे हैं। यह उनके लिए बोहरा समुदाय के एक बहुत ही महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर फिर से जाने का अवसर होगा।

यूपी में...

मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि लोकतंत्र के ही खिलाफ खड़े हैं। समाजवादी पार्टी की ओर इशारा करते हुए कहा कि सपा का तो इतिहास रहा है। कभी कांग्रेस के साथ तो कभी बसपा के साथ, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगती। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में आज आजादी का अमृत काल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से 6 साल पहले जेवर और जंगल में कोई फर्क नहीं था। यह वही जेवर है जिसे आज विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट मिला है। लोग दिल्ली रहना पसंद करते थे मगर नोएडा-ग्रेटर नोएडा आने से कतराते थे। आज दिल्ली तो क्या देश के हर कोने के साथ ही विदेशों से लोग यहा आकर रह रहे हैं। यहां के इंस्ट्राफ्क्चर और सुरक्षित माहौल के चलते यहां बड़ी मात्रा में विदेशी निवेश हो रहा है। मुख्यमंत्री ने इससे इतर यहां प्राधकरणों, जिला प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस मौके पर मंच पर सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक पंकज सिंह, धीरेंद्र सिंह, तेजपाल नागर, विमला सोलंकी तथा मीनाक्षी सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, सत्येंद्र सिसोदिया, नंद गोपाल नंदी, जसवंत सैनी, बृजेश सिंह, लक्ष्मी राज सिंह, श्रीचंद शर्मा, नरेंद्र भाटी, मनोज गुप्ता, डॉ चंद्रमोहन और मनोज कुमार सिंह के सहित भाजपा के दिग्गज नेता व विधायक मौजूद रहे।

62 साल...

मुंगेशपुर में करीब 50-50 मिमी और एसपीएस मयूर विहार में 40 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में मॉनसून के जोर पकड़ने की बात कही है। आईएमडी के अनुसार, सामान्य से चार गुना अधिक बारिश दर्ज किए जाने या व्यापक बारिश को मॉनसून का जोर पकड़ना कहा जाता है। आईएमडी के अनुसार, मुंबई में मौसम की जानकारी देने वाली यहां की कोलाबा वेधशाला ने रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटे में 86 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि उपनगरीय क्षेत्रों में मौसम की जानकारी देने वाले सांताक्रुज मौसम केंद्र ने इसी अवधि में 176.1 मिमी बारिश दर्ज की। आईएमडी के एक बयान के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा के कुछ हिस्सों, उत्तराखंड के शेष हिस्सों और हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों सहित महाराष्ट्र के शेष हिस्सों की ओर आज (25 जून) आगे को बढ़ा।

नई दिल्ली...

बताया कि पीड़िता की बहन माधवी चोपड़ा ने संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि हमने भारतीय रेलवे के अधिकारियों से बात की है, जो अपने स्तर पर इस मामले की जांच कर रहे हैं कि लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है। गुप्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 287 (लापरवाही) और 304-ए (लापरवाही के कारण मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। महिला के परिवार में पति और दो बच्चे हैं।

नागरिकों की...

से रोका था। अधिकारियों ने कहा, सुरक्षा बलों ने बार-बार आक्रामक भीड़ से उन्हें कानून के तहत कार्रवाई करने देने की अपील की, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद सेना ने मणिपुर में व्याप्त अशांति के कारण जानमाल के अतिरिक्त नुकसान से बचने के लिए वहां से हटने का निर्णय किया। मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच मई की शुरुआत में भड़की जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

विपक्षी मोर्चे...

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यूपीए अभी भी अस्तित्व में है, हालांकि राजनीतिक प्रासंगिकता खो चुका है, गठबंधन के कुछ नेताओं ने इसके वर्तमान नाम को लेकर में चिंता व्यक्त की है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए की जगह संभव है कि मोर्चे को संभावित रूप से एक नया नाम दिया जा सकता है, जिसमें सभी हितधारकों का समान रूप से प्रतिनिधित्व हो।

वैग्नर प्रमुख...

यदि कोई होगी तो... जैसे कई सवालों के जवाब भी अभी तक नहीं मिल पाए हैं। प्रिगोझिन के नेतृत्व में वैग्नर के लड़ाकों के रूसी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में निर्बाध पहुंच जाने और मॉस्को की ओर सैकड़ों किलोमीटर आगे बढ़ने में सक्षम होने से रूसी सरकारी बलों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। वैग्नर के लड़ाके अपने उपकरणों के साथ मॉस्को से लगभग 360 किलोमीटर दक्षिण में लिपेत्स्क प्रांत तक पहुंच गए थे। रूस के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का ऐलान करने वाले प्रीगोझिन ने अपने लड़ाकों को रूस की राजधानी मॉस्को की तरफ कूच करने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में उन्होंने लड़ाकों से अचानक रास्ता बदलने को कहा था। वैग्नर प्रमुख ने शनिवार को कहा था कि उन्होंने अपने लड़ाकों को मॉस्को की तरफ न बढ़ने और यूक्रेन में अपने आधार शिविरों में लौटने का आदेश दिया है, ताकि रूसी नागरिकों का खून न बहे। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दशक से अधिक समय के कार्यकाल में यह उनके समक्ष पेश आई सबसे बड़ी चुनौती है। क्रेमलिन (रूस का राष्ट्रपति भवन) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को घोषणा की कि प्रीगोझिन बेलारूस जाएंगे जिसने यूक्रेन के खिलाफ रूस के आक्रमण का समर्थन किया था। प्रीगोझिन और उनके लड़ाको के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह भड़काने के आरोप हटा दिए जाएंगे और उनके साथ शामिल होने वाले लड़ाकों पर भी कोई मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। इससे पहले, पुतिन ने शनिवार को टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम दिए संबोधन में वैग्नर ग्रुप द्वारा सशस्त्र विद्रोह के ऐलान को वि

अब भारत-अमेरिका संबंधों के नया अध्याय खुलेगा : गार्सेटी

प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा से मिलेगा लाभ

भाषा। वाशिंगटन

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा इतिहास में दर्ज होगी क्योंकि इससे भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के नए साहसिक अध्याय की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीन दिवसीय राजकीय यात्रा का समापन शुक्रवार को किया और इससे पहले बृहस्पतिवार को उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन से व्हाइट हाउस में वार्ता की थी। इस दौरान दोनों देशों ने रणनीतिक संबंधों में लंबी छलांग लगाते हुए भारत में संयुक्त रूप से जेट इंजन निर्माण और सैन्य ड्रोन खरीदने सहित कई अहम समझौते किए थे। गार्सेटी ने यहां पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि यह यात्रा इतिहास में दर्ज होगी क्योंकि इससे रिश्तों के नए पन्ने खुलेंगे और अमेरिका-भारत संबंधों के नए साहसिक अध्याय की शुरुआत होगी। लॉस एंजिलिस के पूर्व महापौर और राष्ट्रपति बाइडन के करीबी माने जाने वाले गार्सेटी ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच संबंधों से बढ़कर है। उन्होंने कहा, यह मित्रता है, यह वास्तविक और गहरी है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कई उम्मीदों से कहीं आगे निकल गई है, चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन के बीच व्यक्तिगत संबंध हों, सरकारों के कार्यों की व्यापकता और गहराई हो, या फिर चाहे लोगों से लोगों के बीच संपर्क हो, कारोबारियों और सांस्कृतिक हस्तियों या रोजर्मा में अमेरिकी और भारतीयों के संबंध हों। उन्होंने कहा, वास्तव में यह भविष्य के बारे में है और मेरा मानना है कि अमेरिका व भारत भविष्य हैं। अगर यह संबंध गहरा होता है तो हम और मजबूत होंगे और रास्ता दिखाएंगे कि सभी के लिए दुनिया को कैसे और समृद्ध बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की यात्रा से निकले नतीजों के बारे में पूछे जाने पर 52 वर्षीय गार्सेटी ने चार पी यानी पीस(शांति), प्रॉस्पेरिटी (समृद्धि), प्लैनेट (ग्रह) और पीपुल्स (लोग) को इंगित किया। उन्होंने कहा कि जब शांति, वास्तविक रक्षा और प्रौद्योगिकी साझा करने की बात आती है तो अमेरिका ने यह किया है, यहां तक अपने सबसे करीबी साझेदारों के साथ। गार्सेटी ने कहा कि समृद्धि के मामले में अंततः व्यापार विवाद को पीछे छोड़ प्रौद्योगिकी सहयोग व आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग को गहरा किया गया, ग्रह के मुद्दे पर दोनों पक्ष जलवायु, अंतरिक्ष और समुद्र के मुद्दे पर काम करने को लेकर सहमत हुए। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि लोगों से लोगों के संपर्क मोर्चे पर दोनों पक्षों ने नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, अब ए संबंधों के क्षेत्र हैं और यह रिश्तों से कही बढ़कर हैं। यह मित्रता है जो वास्तविक और गहरी है। गार्सेटी ने कहा कि इस क्षण को उम्मीदों के साथ परिभाषित किया गया है और मैं नहीं देखता कि आने वाले सालों में भी यह उम्मीद कम होगी। लेकिन मेरा मानना है कि यह योजना केवल इसी क्षण के लिए नहीं होनी चाहिए बल्कि अगले 20 से 25 साल के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसे लोग हैं जो हमारे मूल्यों को साझा नहीं करते और जिन्होंने दीर्घकालिक योजना बनाई हैअ जो लोकतांत्रिक नहीं है, जो प्रौद्योगिकी को लोगों की जिंदगियों में बदलाव का माध्यम नहीं मानते, संभव है कि उनकी रुचि जलवायु परिवर्तन को रोकने या इससे निपटने में नहीं हो। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल में भारत और अमेरिका को और आज के मुकाबले कहीं अधिक तैयार रहना चाहिए। गार्सेटी ने कहा, ऐसे कई अच्छे काम हैं जो हम मिलकर कर सकते हैं, हमें भारत में मध्य वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने की जरूरत है, हमे रास्ता बनाने की तैयारी करनी है जिसपर चलकर अमेरिका और भारत आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण कर सके और दुनिया को खतरे में पड़ने से बचा सकें। उन्होंने आगे कहा कि नई दिल्ली और वाशिंगटन को सुनिश्चित करना होगा कि हमारा सैन्य सहयोग केवल महत्वाकांक्षी और क्षणिक नहीं हो बल्कि बुरे किरदारों का वास्तविक मुकाबला करने और दुनिया में नियम आधारित व्यवस्था को संरक्षित करने के लिए हो। मोदी और बाइडन के रिश्तों के बारे में गार्सेटी ने कहा कि विश्व नेताओं को एक दूसरे से बातचीत करने की जरूरत है, लेकिन उनके (मोदी और बाइडन) रिश्तों से आपस में बातचीत करने को लेकर प्रेम झलकता है। वे साथ समय बिताना भी पसंद करते हैं, यह अहम है। भले यह उन विषयों पर हो जिनपर बात करना आसान हो या उन अधिक मुश्किल चुनौतियों के बारे में जिनका हम सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी छह से सात अवसरों पर साथ रहे और दोनों के बीच उत्साह और गर्मजोशी पहली बार की मुलाकात की तरह अंत तक बनी रही। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि 2023 में भारतीय सपना मेरे लिए अमेरिकी सपने को प्रतिबिंबित करता है जो इतने लंबे समय से रहा है। यह विचार कोई मायने नहीं रखता कि आप कहां से आए हैं, अगर अपना लक्ष्य ऊंचा रखते हैं और थोड़े से भाग्य के साथ कड़ी मेहनत करते हैं, तो कोई भी उस मुकाम तक पहुंच सकता है जहां पर वह जाना चाहता है। उन्होंने कहा, जब लोग कहते हैं कि वे भारत को जानते हैं।

स्वीडन में रोलर कोस्टर पटरी से उतरा, एक की मौत, कई लोग घायल

स्टॉकहोम। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम मे रविवार को एक मनोरंजन पार्क मे रोलर कोस्टर के पटरी से उतर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्वीडन के टेलीविलन चैनल ने यह जानकारी दी। मनोरंजन पार्क के अधिकारियो ने सार्वजनिक प्रसारक एसवीटी को बताया कि ग्रोना लुंड मनोरंजन पार्क मे जेटलाइन रोलर कोस्टर का एक डिब्बा पटरी से उतर गया और जमीन पर गिर गया।

पाकिस्तान में पुलिस ने नौ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

लाहौर। पाकिस्तान पुलिस ने पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलो से आईएसआईएस और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नौ कथित आतंकवादियो को गिरफ्तार किया है जो अहम प्रतिष्ठानो एवं कुछ धार्मिक स्थलो को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।आतंकवाद निरोधक विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि पिछले सप्ताह विभाग ने पंजाब के कई जिलो मे खुफिया सूचना के आधार पर अभियान चलाया और नौ आतंकवादियो को हथियारो एवं विस्फोटको के साथ गिरफ्तार किया।

हॉटस्टार पर दिखेगी 71 की युद्ध की कहानी

मुंबई। भारत के सबसे बड़े जासूसी मिशन की अनकही गाथा के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की ऐतिहासिक जीत का खुलासा होने जा रहा है। डिज़्नी हॉटस्टार ने आईबी एजेंट देव जामवाल विद्युत जामवाल के रहस्यमयी सफर वाले अपने आगामी स्पाय थ्रिलर आईबी 71 की घोषणा कर दी है। टी-सीरीज, रिलायंस एंटरटेनमेंट और ऐक्शन हीरो फि ल्म्स द्वारा निर्मित और संकल्प द्वारा निर्देशित यह थ्रिलर 7 जुलाई 2023 को सिर्फ डिज़्नी हॉटस्टार पर रिलीज हो रहा है। इस फिल्म में एक्शन से भरपूर विद्युत जामवाल के अलावा अनुपम खेर, विशाल जेठवाए फैज़ान खानए अश्वथभट्ट, डैनी सूश, दिलीप ताहिल, सुव्रत जोशी,आदि की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो बसों की टक्कर में सात यात्रियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत मे दो यात्री बसो की भिड़ंत मे कम से कम सात लोगो की मौत हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। बेनजीराबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीजीआईपी) मोहम्मद यूनुस चांडियो ने कहा कि दुर्घटना तड़के करीब चार बजे नवाबशाह के निकट मेहरान राजमार्ग पर हुई जब कराची और पेशावर जा रही दो यात्री बसे एक-दूसरे से भिड़ गईं। डॉन न्यूज ने उनके हवाले से कहा कि घायलो का पीपुल्स मेडिकल एवं साइंस विश्वविद्यालय मे इलाज किया जा रहा है। डीजीआईपी के अनुसार वाहनो की तेज रफ्तार के कारण भिड़ंत हुई।

एक्जिट पोल में यूनान में न्यू डेमोक्रेसी पार्टी की जीत के आसार

एथेंस। यूनान मे पांच हफ्ते मे दूसरी बार होने जा रहे चुनाव के एक्जिट पोल से संकेत मिला है कि रूढ़िवादी न्यू डेमोक्रेसी पार्टी भारी बहुमत से जीत रही है और दूसरी बार चार साल के कार्यकाल के वास्ते सरकार बनाने के लिए वह पर्याप्त संसदीय सीट जीत हासिल करने जा रही है। एक्जिट पोल के अनुमान के अनुसार किरियोकोस मित्सोटाकिस की पार्टी को 40-44 प्रतिशत वोट मिलेंगे जबकि उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी वामपंथी सीरिजा पार्टी को महज 16-19 प्रतिशत वोट मिलने के साथ करारी शिकस्त मिलेगी। मई के चुनाव मे उसे 20 प्रतिशत वोट मिले थे। रविवार का एक्जिट पोल ऐसे समय मे आया है जब एक सप्ताह पहले ही एक प्रवासी जहाज यूनान के पश्चिमी तट पर डूब गया था।

सीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत

भाषा। जिस्र अश-शुगूर (सीरिया)

सीरिया के उत्तर-पश्चिमी हिस्से स्थित एक व्यस्त सब्जी बाजार में रविवार तड़के किए गए एक हवाई हमले में कम से कम नौ व्यक्तियों की मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं और बचाव कर्मियों ने यह जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ताओं और ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद के शीर्ष सहयोगी रूस ने तुर्की की सीमा के समीप विरोधियों के कब्जे वाले जिस्र अश-शुगूर में हवाई हमला किया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही रूस की एक निजी सेना ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ कुछ देर के लिए सशस्त्र विद्रोह कर दिया था। विरोधियों के कब्जे वाले उत्तर पश्चिमी सीरिया के नागरिक रक्षा संगठन व्हाइट हेलमेट्स ने कहा है कि इस हमले में 30 से अधिक लोग घायल हुए है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। व्हाइट हेलमेट्स के अहमद यजीजी ने कहा, हमें जानकारी मिली है कि गंभीर रूप से घायल लोग अस्पताल में दम तोड़ रहे हैं। यह मुख्य सब्जी बाजार में लक्षित हमला था जहां उत्तरी सीरिया के नजदीकी क्षेत्रों से किसान एकत्रित होते हैं। रूस और सीरिया ने इस हवाई हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि सीरिया ने कहा कि इन हमलों के निशाने पर सशस्त्र आतंकी संगठन थे। सीरिया के सरकार समर्थक अखबर अल-वतन ने अज्ञात सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा कि इस हवाई हमले में आतंकवादियों एवं उनके हथियारों के डिपो को निशाना बनाया गया। सीरिया के उत्तरपश्चिमी हिस्से में ज्यादातर क्षेत्रों पर आतंकवादी संगठन हयात तहरीर अल शैम एवं तुर्की समर्थित बलों का कब्जा है।

नेपालः भ्रष्टाचार रोधी निकाय ने पशुपति मंदिर को अपने नियंत्रण में लिया, श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित

भाषा। काठमांडू

नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में 100 किलोग्राम के आभूषणों में से 10 किलोग्राम सोना गायब होने संबंधी रिपोर्ट की जांच के लिए भ्रष्टाचार रोधी निकाय ने मंदिर परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया है, जिसके चलते रविवार को इसे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया। पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में सबसे पुराना हिंदू मंदिर है। दस किलोग्राम सोना गायब होने की रिपोर्ट के बाद संसद में सवाल उठाए जाने पर सरकार ने अधिकारों के दुरुपयोग की जांच से जुड़े एक आयोग (सीआईएए) को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। सीआईएए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए नेपाल सरकार की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था है।पशुपति क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने दावा किया कि उसने जलाहारी बनाने के लिए 103 किलोग्राम सोना खरीदा था लेकिन आभूषण से 10 किलोग्राम सोना गायब था। पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक, घनश्याम खातीवाड़ा ने मीडिया को बताया कि गायब हुए सोने पर सवाल उठने के बाद पशुपतिनाथ की सोने से बनी जलाहारी को उसकी गुणवत्ता और वजन निर्धारित करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच प्रक्रिया के लिए पशुपति मंदिर परिसर में नेपाल सेना के जवानों सहित कई सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि अपराह्न साढ़े तीन बजे से श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई और मंदिर मध्य रात्रि तक बंद रहेगा।

अफगानिस्तान में महिलाओं का जीवन बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए गएः तालिबान

इस्लामाबाद। तालिबान के सर्वोच्च नेता हिब्तुल्ला अखुंदजादा ने रविवार को संदेश जारी कर दावा किया कि उनकी सरकार ने अफगानिस्तान में महिलाओं का जीवन बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। ईद-उल-अजहा से कुछ दिन पहले अखुंदजादा का एक बयान सार्वजनिक किया गया है। अखुंदजादा ने ईद के संदेश में कहा कि इस्लामी अमीरात के शासन में महिलाओं को जबरन विवाह समेत अनेक अत्याचारों से बचाने के लिए ठोस उपाय किए गए हैं और उनके शरिया अधिकारों की सुरक्षा की गई है। संदेश में कहा गया है कि इसके अलावा इस्लामी शरिया के अनुसार महिलाओं को सुखद और समृद्ध जीवन प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। यह संदेश पांच भाषाओं अरबी, दारी, अंग्रेजी, पश्तो और उर्दू में वितरित किया गया है। अखुंदजादा ने कहा कि पिछले 20 वर्ष के दौरान महिलाओं के हिजाब पहनने को लेकर जो नकारात्मक धारणाएं थीं, वे जल्द खत्म हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया, एक स्वतंत्र और गरिमापूर्ण मानव के रूप में महिलाओं की स्थिति बहाल कर दी गई है और सभी संस्थाएं महिलाओं को विवाह, उत्तराधिकार और अन्य अधिकार हासिल करने में मदद करने के लिए आबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2021 में अमेरिका और नाटो सौनिकों के अफगानिस्तान से जाने के बाद, तालिबान ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया था और 1990 के दशक के अपने पिछले शासनकाल की तुलना में अधिक उदारवादी शासन प्रदान करने का वादा किया था। हालांकि, उसने अपना यह वादा पूरा न करते हुए महिलाओं के काम करने और लड़कियों के शिक्षण संस्थान जाने पर पाबंदी लगा दी।

मक्का से मीना रवाना होने से पहले ज़ायरीन ने खाना-ए-काबा में की इबादत

भाषा। मक्का

हज के लिए दुनिया भर से सऊदी अरब पहुंचे ज़ायरीन ने मीना रवाना होने से पहले मक्का स्थित मस्जिद हल हराम (खाना-ए-खाका) में इबादत की। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। ज़ायरीन ने शनिवार को इस्लाम के सबसे मुकद्दस (पवित्र) स्थल खाना-ए-काबा का तवाफ (परिक्रमा) किया। काबा के पास भूतल पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी की वजह से अन्य को ऊपरी मंजिलों पर जाना पड़ा और उन्हें तवाफ के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ी। ज़ायरीन ने तवाफ के दौरान दुआएं मांगने के लिए अपने हाथ उठाए और अपने फोन से सेल्फी तथा वीडियो भी बनाए। इसके बाद उन्होंने हाजरा की तरह दो पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाए। हाजरा ने अपने बेटे (पैगंबर) इस्माइल के लिए पानी की तलाश में इन दो पहाड़ियों के बीच कई चक्कर लगाए थे। इस कहानी का मुस्लिम, ईसाई और यहूदी परंपराओं में अलग-अलग तरीके से उल्लेख किया गया है। हज के लिए ज़ायरीन को एहराम (सफेद रंग का बिना सिला पकड़ा) पहनना होता है। महिलाओं को अपना शरीर और बालों को ढकना होता है। सऊदी अरब ने इस साल पूर्ण क्षमता के साथ हज यात्रा बहाल कर दी है और 20 लाख लोगों के इस बार हज करने की उम्मीद है। पिछले तीन सालों से महामारी के कारण हज यात्रियों की संख्या को काफी सीमित कर दिया गया था। बांग्लादेश के 42 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर महबूब मुर्शद ने कहा, मेरे ख्याल से इस बार भीड़ बहुत ज्यादा है।

एआई से बनने वाली तस्वीरों को लेकर चिंतित हैं कलाकार

भाषा। न्यू जर्सी (अमेरिका)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कला के क्षेत्र में किया जाना कोई नई बात नहीं है। यह एआई जितना ही पुराना है। इसमें नया पहलू यह है कि कई नए तरीके के उपकरण (टूल) आने से टेक्स्ट प्रॉम्प्ट (संकेत के लिए कोई शब्द या वाक्य लिखना) के जरिए अधिकतर लोग तस्वीरें बना रहे हैं। इसके लिए आपको बस एक टेक्स्ट बॉक्स में लिखना है वैन गॉग (डच चित्रकार) की शैली का एक परिदृश्य और एआई इसके अनुसार एक सुंदर तस्वीर पेश कर देगा। इस तकनीक का बेहतर इस्तेमाल मानव भाषा के सही इस्तेमाल में निहित है... लेकिन क्या ए प्रणालियां किसी कलाकार के दृष्टिकोण को सटीक रूप दे सकती हैं? क्या भाषा को कला-निर्माण में लाने से वास्तव में कलात्मक सफलताएं मिल सकती हैं?मैंने वर्षों तक एक कलाकार और कंप्यूटर वैज्ञानिक के रूप में जेनरेटिव एआई के साथ काम किया है और मैं कहूंगा कि यह नए प्रकार का उपकरण रचनात्मक प्रक्रिया को बाधित करता है। जब एआई से छवि बनाने के लिए टेक्स्ट प्रॉम्प्ट लिखते हैं तो असीमित संभावनाएं होती हैं। अगर आप आम उपयोगकर्ता हैं तो आपको एआई द्वारा बनाई गई हर तस्वीर अच्छी लगेगी। स्टार्टअप और निवेशकों ने इस तकनीक में अरबों का निवेश किया है। इसे लेखों, वीडियो गेम पात्रों और विज्ञापनों के लिए ग्राफिक्स बनाने का एक आसान तरीका माना जाता है। इसके विपरीत एक कलाकार को एक उच्च गुणवत्ता वाली छवि बनाने के लिए बड़ा निबंध जैसा संदेश लिखने की जरूरत हो सकती है, जिससे की छवि की रचना और उसका रूप उनके दृष्टिकोण के अनुरूप हो। लंबा संदेश आवश्यक रूप से छवि का वर्णन करने वाला हो ऐसा जरूर नहीं है। इसमें आमतौर पर कलाकार के दिमाग में क्या है, इसको स्पष्ट रूप से जाहिर करने के लिए कई कीवर्ड का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए एक अपेक्षाकृत नया शब्द प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग है। मूल रूप से इन उपकरणों का उपयोग करने वाले कलाकार की भूमिका रिवर्स-इंजीनियरिंग तक सीमित हो जाती है जिसमें वांछित परिणाम पाने के लिए सही कीवर्ड तलाशने की जरूरत होती है।

रोबोटिक सर्जरी ने कैंसर रोगियों के लिए जगाई आशा

नई दिल्ली। पर्यावरण में गिरावट और दोषपूर्ण जीवनशैली के चलते देश में कैंसर की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से कैंसर को काफ ी हद तक रोकने में मदद मिल सकती है। साथ ही स्क्रीनिंग के माध्यम से जल्दी जांच और उचित उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। क्योंकि जल्दी जांच और निदान की जाये तो कैंसर का इलाज काफी हद तक संभव है। इसके अतिरिक्त नई तकनीकों ने भी कैंसर के इलाज में क्रांति ला दी है। यह बात राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट ;नई दिल्ली के दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञों डॉ. मुदित अग्रवाल और डॉ सुमित गोयल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर द्वारा आयोजित डॉक्टरों के एक सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ पंकज गुलाटी ने की। सिर और गर्दन के कैंसर में रोबोटिक सर्जरी पर बोलते हुए आरजीसीआई में हेड और नेक ऑन्कोलॉजी यूनिट हेड और सीनियर कंसल्टेंट डॉ मुदित अग्रवाल ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी जैसी नई तकनीकों ने कैंसर के इलाज में क्रांति ला दी है क्योंकि रोबोट ट्यूमर के किसी भी स्थान तक पहुंच सकता है जो पहले होने वाली पारंपरिक सर्जरी के माध्यम से मुश्किल था। रोबोटिक सर्जरी में सर्जन के पास 10 गुणा मैग्नीफिकेशन के साथ 3डी दृश्य मिलता है जिससे सटीकता में वृद्धि होती है और अंततः रोगी को शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलती है। कैंसर की सर्जरी में अंगों की विकृति और निशान आम बात रही हैए लेकिन रोबोटिक सर्जरी ने अंगों को संरक्षित करने में काफी मदद की हैए जिससे मरीज न केवल ठीक हो जाता हैए बल्कि अंग भी क्रियाशील रहते हैं। आरजीसीआई भारत का पहला संस्थान है जिसके पास सिर और गर्दन की सर्जरी के लिए तीन रोबोट हैं।

दमनकारी बेलारूस रूस की निजी सेना के विद्रोही प्रमुख के लिए उचित स्थान नहीं होगा

मॉस्को। रूस में निजी सेना वैग्नर ग्रुप के प्रमुख एवगेनी प्रीगोझीन विद्रोह करने से पहले भी सत्ता को चुनौती देने के लिए कुख्यात थे। बगावत के बाद एक कथित समझौता हुआ है जिसके तहत प्रीगोझीन को बेलारूस में निर्वासन में रहना होगा। यह एक ऐसा देश है जहां बागी तेवर उनके अपने वतन (रूस) से भी ज्यादा अस्वीकार्य हैं। प्रीगोझीन रविवार को अस्वाभाविक रूप से शांत रहे जबकि उनकी निजी सेना के बल रूस के शहरों से हट गए। इससे पहले क्रेमलिन (रूस का राष्ट्रपति भवन) ने ऐलान किया था कि प्रीगोझीन बेलारूस जाने के लिए राज़ी हो गए हैं लेकिन यह अब तक साफ नहीं है कि वह असल में हैं कहां? बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कथित रूप से यह समझौता कराया है। मगर प्रीगोझीन का विद्रोही रवैया, लुकाशेंके की कार्य पद्धति के प्रतिकूल है जो असंतोष और स्वतंत्र मीडिया का बुरी तरह से दमन करते हैं। वह 1994 से सत्ता में हैं और उन्हें अक्सर यूरोप का आखिरी तानाशाह कहा जाता है। लुकाशेंको ने 2020 में उनके शासन के खिलाफ हुए प्रदर्शनों को बुरी तरह से कुचल दिया था और सैंकड़ों लोगों को लंबे वक्त तक जेल में रखा गया जिनमें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एलेस बियालियात्स्की भी शामिल हैं। प्रीगोझीन का रवैया विद्रोही था और उनके लड़ाके शनिवार को तेज़ी से मॉस्को की ओर बढ़े। प्रीगोझीन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सीधे तौर पर आलोचना नहीं की और दावा किया कि उनका मकसद रूस के रक्षा प्रतिष्ठान को बेदखल करना है। समझौते के तहत प्रीगोझीन का नियंत्रण वैग्नर से खत्म कर दिया है लेकिन यह अभी साफ नहीं है कि उनके लड़ाके उनके साथ बेलारूस जाएंगे या नहीं।

वैग्नर ग्रुप का विद्रोह असफल होने के बाद चीन पहुंचे रूसी राजनयिक

ताइपे (ताइवान)। वैग्नर ग्रुप का विद्रोह असफल होने के एक दिन बाद रविवार को रूस के शीर्ष राजनयिक आंद्रेई रूडेन्को चीन सरकार से बातचीत के लिए बीजिंग पहुंचे। रूसी उप विदेश मंत्री रूडेन्को ने चीनी विदेश मंत्री छिन कांग से मुलाकात कर साझा हितो वाले अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दो पर चर्चा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एक संक्षिप्त बयान मे यह जानकारी दी। रूस और चीन औपचारिक सहयोगी नही है, लेकिन यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से ही मास्को से बीजिंग करीबी संबंध कायम रखे हुए है। चीन, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा करने से इनकार कर चुका है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध मे रूसी सेना के साथ मिलकर लड़ रही निजी सेना वैग्नर ग्रुप ने कुछ दिन पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को चुनौती देते हुए बगावत कर दी।

क्विक न्यूज

लंदन में यंग लीडर्स फोरम के साथ ब्रिटेन-भारत सप्ताह की शुरुआत

लंदन। लंदन मे यंग लीडर्स फोरम के साथ ही ब्रिटेन-भारत सप्ताह 2023 की शुरुआत हो गई। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई, गायक-गीतकार अरमान मलिक, लंदन के बिजनेस डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल और भारत तथा ब्रिटेन के प्रमुख उद्यमी और पेशेवर यंग लीडर्स फोरम के लिए एक मंच पर आए। भविष्य के परिवर्तनकर्ताओं का सशक्तीकरण विषय पर आधारित छह दिनो के कार्यक्रम के दौरान सहयोग के सभी क्षेत्रो मे द्विपक्षीय संबंधो का पता लगाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियो, नीति निर्माताओ और प्रमुख कारोबारियो को एक साथ लाने के लिए ब्रिटेन मुख्यालय वाले इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) द्वारा शनिवार को इस वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लंदन स्थित नेहरू केंद्र मे छात्रो के नेतृत्व वाली सभा मे भारतीय लोकतंत्र के बारे मे पश्चिमी मीडिया की धारणाओ और भारतीय प्रवासियो के लिए दोहरी नागरिकता की संभावनाओ से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) परिदृश्य मे रोजगार के अवसरो तक के विषयो को शामिल किया गया।

दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रमकता तेजी से बढ़ रही है : ताइवान के विदेश मंत्री

ताइपे। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू का कहना है कि दक्षिण चीन सागर मे चीनी खतरा काफी बढ़ रहा है क्योंकि चीन ने इस क्षेत्र मे युद्धपोतो और अन्य सैन्य साजो-सामान के अलावा बड़ी संख्या मे सशस्त्र नौसैनिको को तैनात किया है। उन्होने चुनौती से निपटने के लिए सभी हितधारको से एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया। वू ने हिंद महासागर क्षेत्र मे चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियो का भी हवाला दिया, जिसमे पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमा और जिबूती मे प्रमुख बंदरगाहो को नियंत्रित करने का प्रयास भी शामिल है। ताइवानी विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली इस मामले मे करीबी नजर बनाए हुए है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह के साथ बातचीत मे ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा कि दक्षिण चीन सागर मे दखल रखने वाले देशो को क्षेत्र मे चीन की बढ़ती सैन्य ताकत से उत्पन्न चुनौती से निपटने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। उन्होने कहा कि ताइवान चीनी खतरे से निपटने मे अपना अनुभव साझा करने के लिए भी तैयार है।

कैलिफोर्निया के पर्वतीय क्षेत्र में मानव अवशेष मिले

सैन बर्नार्डिनो (कैलिफोर्निया)। अमेरिका मे दक्षिण कैलिफोर्निया के पर्वतीय क्षेत्र मे शनिवार को मानव अवशेष मिले। इस क्षेत्र मे अभिनेता जूलियन सैड्स पांच महीने पहले लापता हो गए थे। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। सैन बर्नार्डिनो काउंटी शेरिफ विभाग ने एक बयान मे बताया कि शनिवार को पूर्वाह्न लगभग दस बजे बाल्डी पर्वतीय क्षेत्र के निकट एक शव मिला जिसकी पहचान अभी नही हो पाई है। इस संबंध मे विस्तृत जानकारी नही दी गई है। सैड्स लॉस एंजिलस के पूर्व मे 3048 मीटर चोटी के लिए पर्वतारोहण शुरू करने के बाद 13 जनवरी को लापता हो गए थे। वहां उन दिनो सर्दियो मे भयंकर बर्फीली तूफान चल रहा था। सैड्स के लापता हो जाने के बाद शुक्रवार को उनके परिवार ने पहली बार एक बयान जारी किया। बयान मे कहा गया है, शानदार पिता, पति और प्राकृतिक सुंदरता एवं कला प्रेमी के रूप मे हमारे दिलो मे उनकी सुंदर यादे संजोई हुई है।

ब्रिटेन में किराए को लेकर सिख टैक्सी चालक की हत्या के मामले में एक व्यक्ति दोषी करार

लंदन। मध्य इंग्लैड मे 2022 मे किराए के भुगतान के तरीके को लेकर हुई कहासुनी के बाद सिख टैक्सी चालक की हत्या करने के मामले मे एक व्यक्ति को दोषी करार दिया गया है। टोमाज़ मार्गोल (36) को अक्टूबर 2022 मे हुई एक घटना के दौरान 59 वर्षीय अनख सिंह की हत्या के लिए इस सप्ताह वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट मे दोषी पाया गया। उसे अगले महीने अपराध के लिए सजा सुनाई जाएगी। वॉल्वरहैम्प्टन पुलिस सीआईडी के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर (डीआई) मिशेल थर्गूड ने कहा,"यह हिंसा का एक संवेदनहीन और दुखद कृत्य था। उन्होने कहा, सिंह कानून का पालन करने वाले अच्छे चरित्र के व्यक्ति थे जो बस अपना काम करने की कोशिश कर रहे थे। इस कठिन समय मे हमारी संवेदनाएं सिंह के परिवार के साथ है। अदालत ने 30 अक्टूबर, 2022 की सुबह नाइन एल्म्स लेन मे अनख सिंह के गंभीर रूप से चोटिल पाए जाने और फिर घटनास्थल पर ही उनकी मौत होने के मामले की सुनवाई की।

दक्षिण अफ्रीकी सरकार योग का पूरा समर्थन करती है : उपराष्ट्रपति पॉल मशाटिल

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल मशाटिल ने यहां वांडरर्स स्टेडियम के मैदान मे एक भव्य योग सत्र के आयोजन के लिए जोहानिसबर्ग स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की सराहना की। वैश्विक स्तर पर 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे शनिवार को आयोजित इस सत्र मे रिकॉर्ड 6,000 से अधिक लोगो ने हिस्सा लिया था। रंग-बिरंगे योग मैट पर बैठे हजारो प्रतिभागियो की तालियो की गड़गड़ाहट के बीच मशाटिल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी सरकार योग का पूरी तरह से समर्थन करती है। उन्होने अलग-अलग समुदाय के लोगो को इस योग सत्र मे शामिल होने के लिए एकजुट करने के वास्ते कड़ी मेहनत के लिए भारतीय महावाणिज्य दूत महेश कुमार और उनकी टीम की

आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता : प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने 1975 के आपातकाल की बरसी पर रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा, जो नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर देश में असहमति को दबाने, लोकतंत्र का गला घोंटने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का आरोप लगा रही है। गौरतलब है कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की गई थी और उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। आपातकाल के दौरान लोगों के मौलिक अधिकारों को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया और प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। 21 महीने बाद आपातकाल को हटाया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ट्वीट में कहा, मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। आपातकाल के काले दिन हमारे इतिहास का वह कालखंड हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। यह हमारे संवैधानिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अपने सत्ता-स्वार्थ के लिए लगाया गया आपातकाल, कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का प्रतीक और कभी न मिटने वाला कलंक है। उन्होंने ट्वीट किया, आज ही के दिन 1975 में एक परिवार ने अपने हाथ से सत्ता निकलने के डर से जनता के अधिकारों को छीन कर व लोकतंत्र की हत्या कर देश पर आपातकाल थोपा था। उस कठिन समय में अनेक यातनाएं सहकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए लाखों लोगों ने संघर्ष किया। मैं उन सभी देशभक्तों को दिल से नमन करता हूं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आपातकाल के दिन उनकी पीढ़ी के लिए निर्णायक राजनीतिक अनुभव और जीवन भर का सबक थे। जयशंकर ने ट्वीट किया, आपातकाल की घोषणा की बरसी पर, उन काले दिनों को याद करें और कैसे देश ने इस चुनौती पर काबू पाया। यह मेरी पीढ़ी का निर्णायक राजनीतिक अनुभव और हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत करने के लिए एक आजीवन सबक था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आपातकाल के दौरान प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के खिलाफ संघर्ष के बारे में याद दिलाने के लिए अखबार की कतरनों के साथ ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में कहा, मीडिया ने आपातकाल के तहत अभिव्यक्ति की आजादी और प्रेस की आजादी पर रोक लगाने का विरोध किया। सत्ता की भूखी कांग्रेस ने मीडिया का मुंह बंद कर दिया, पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया और संविधान में एकतरफा संशोधन किया। सीतारमण ने कहा, कांग्रेस वंशवाद की सेवा करती है, भारत के लोगों की नहीं। भाजपा प्रमुख जे पी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की निर्दयता ने सैकड़ों वर्षों के विदेशी शासन के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने ट्वीट किया, 25 जून 1975 को एक परिवार ने अपनी तानाशाही प्रवृत्ति के कारण देश के महान लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल जैसा कलंक थोपा था। ऐसे कठिन समय में असीम यातनाएं सहकर लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले सभी राष्ट्र भक्तों को नमन करता हूं।

सत्ता का लालच कांग्रेस पार्टी की विशेषता: गोयल

जयपुर। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा आपातकाल लगाए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता का लालच कांग्रेस पार्टी की विशेषता है।गोयल ने यहां आपातकाल दिवस पर प्रबुद्ध जन सम्मेलनै को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल केवल इसलिए लगाया गया क्योंकि अदालत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को भ्रष्ट सरकार घोषित कर दिया था और कहा था कि वह छह साल तक कोई पद नहीं संभाल सकतीं।उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी सत्ता में आए बिना नहीं रह सकती। सत्ता में आने का लालच पार्टी की विशेषता है। गोयल रविवार को केंद्र में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए पार्टी के अभियान के तहत यहां पहुंचे थे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देश में आपातकाल के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि आज का दिन स्वतंत्र भारत के लिए काला दिन है। उन्होंने कहा कि 25 जून, 1975 को कांग्रेस सरकार ने आपातकाल की घोषणा कर दी और 1.40 करोड़ से अधिक लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए जेल में डाल दिया गया। उस दौरान अल्पसंख्यकों के घरों के अलावा आजादी और लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश के लोगों की जबरन नसबंदी की गई। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता की मानसिकता कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के एक टीवी इंटरव्यू में दिए गए बयान से भी झलकती है जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में गांधी परिवार के लिए अलग कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ना तो राहुल गांधी, ना ही मल्लिकार्जुन खरगे या सोनिया गांधी ने तिवारी के बयान का खंडन किया।

मणिपुर के सीएम ने शाह को राज्य के हालात के बारे में जानकारी दी

भाषा। नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य में बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकारें हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में कामयाब हुई हैं।

इंफाल से रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे सिंह, शाह से मिलने उनके आवास पर गए। सिंह ने ट्वीट किया, आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मणिपुर में जमीनी स्तर पर बदलती स्थिति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह की करीबी निगरानी में, राज्य और केंद्र सरकार पिछले सप्ताह में काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में कामयाब हुई है। सिंह ने कहा कि 13 जून के बाद से हिंसा के कारण किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। सिंह ने कहा कि शाह ने हमें स्थाई शांति प्राप्त करने की दिशा में अपने काम को पुख्ता करने की सलाह दी और शांति सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर में प्रत्एक हितधारक से सहयोग भी मांगा। शाह के साथ मुलाकात के समय सिंह के साथ भाजपा के कुछ नेता भी थे। एक दिन पहले, गृह मंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की थी। तीन घंटे तक चली बैठक में 18 राजनीतिक दल, पूर्वोत्तर के चार सांसद और क्षेत्र के दो मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। गृह मंत्री ने सर्वदलीय बैठक में बताया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले दिन से ही मणिपुर की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और समस्या का समाधान निकालने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। शाह ने बैठक में कहा था कि मणिपुर में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं।

क्विक न्यूज

उपग्रह स्पेक्ट्रम के लिए मस्क, टाटा, मित्तल और अमेजन एक तरफ, अंबानी दूसरी तरफ

नई दिल्ली। एलन मस्क चाहते है कि उनका स्टारलिंक पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहो से भारत मे वायरलेस इंटरनेट को प्रसारित करे। हालांकि, उनका समूह जिस लाइसेंस व्यवस्था का समर्थन कर रहा है, उसके चलते उन्हे मुकेश अंबानी की रिलायंस के साथ मुकाबला करना पड़ सकता है। पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क मे प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी से मुलाकात के बाद मस्क ने 21 जून को कहा कि वह भारत मे स्टारलिंक की शुरुआत करना चाहते है। इस सेवा की मदद से बुनियादी ढांचे की कमी वाले दूरदराज के गांवो मे इंटरनेट को पहुंचाया जा सकता है। स्टारलिंक चाहता है कि भारत सिर्फ सेवा के लिए लाइसेंस दे और सिग्नल वाले स्पेक्ट्रम या एयरवेव्स की नीलामी पर जोर न दे। मस्क का यह रुख टाटा, सुनील भारती मित्तल और अमेजन से मेल खाता है। दूसरी ओर अंबानी की रिलायंस का कहना है कि विदेशी उपग्रह सेवा प्रदाताओ के वॉयस और डेटा सेवाएं देने के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए। रिलायंस का कहना है कि पारंपरिक दूरसंचार कंपनियो को समान अवसर देने के लिए ऐसा करना जरूरी है, जो सरकारी नीलामी मे खरीदे गए एयरवेव्स का उपयोग करके ऐसी ही सेवाएं देते है। ब्रोकरेज कंपनी सीएलएसए ने एक टिप्पणी मे कहा, भारत की अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवा (एसएस) के लिए स्पेक्ट्रम निर्णय महत्वपूर्ण है। सरकार ने 2010 से 77 अरब अमेरिकी डॉलर के मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी की है और कई कंपनियां एसएस के लिए उत्सुक है। सीएलएसए ने कहा कि स्टारलिंक सहित कई कंपनियां भारतीय एसएस के लिए उत्सुक है। टिप्पणी मे कहा गया है कि अमेजन, टाटा, भारती एयरटेल समर्थित वनवेब और लार्सन एंड टुब्रो नीलामी के खिलाफ है, जबकि रिलायंस जियो और वोडाफोन-आइडिया भारत एसएस नीलामी का समर्थन करते है।

अमेरिका के साथ ड्रोन सौदे की कीमत अभी तय नहीं, सोशल मीडिया रिपोर्ट गलत: रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के साथ हुए ड्रोन सौदे मे मूल्य घटक के साथ अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर सोशल मीडिया मे साझा की जा रही रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि भारत ने अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की खरीद के लिए कीमत एवं अन्य शर्तों को अभी तय नही किया है। मंत्रालय ने कहा कि वह ड्रोन खरीद लागत की तुलना इसके विनिर्माता जनरल एटॉमिक्स (जीए) द्वारा अन्य देशो को बेची गई कीमत से करेगा और खरीद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने ड्रोन खरीद समझौते को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान मे ड्रोन सौदे से संबंधित कीमत और खरीद की शर्तों पर सोशल मीडिया मे प्रसारित की जा रही रिपोर्ट को अटकलबाजी बताया और कहा कि इन्हे किसी प्रयोजन से फैलाया जा रहा है। बयान मे कहा गया है, इसके निहित स्वार्थ है और इनका उद्देश्य उचित अधिग्रहण प्रक्रिया को बाधित करना है। खरीद की कीमत और अन्य शर्तों को अभी अंतिम रूप नही दिया गया है और इस पर बातचीत हो रही है। बयान के अनुसार, इस संबंध मे सभी से अनुरोध है कि वे फर्जी खबरे न फैलाएं, जो सशस्त्र बलो के मनोबल पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है और अधिग्रहण प्रक्रिया को बाधित कर सकती है।

समान नागरिक संहिता से संवैधानिक प्रावधान कमजोर होंगे: नगालैंड चर्च निकाय, आदिवासी संगठन

कोहिमा। विधि आयोग द्वारा देश मे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता पर विभिन्न हितधारको के विचार मांगे जाने के बीच नगालैंड के एक चर्च निकाय और एक आदिवासी संगठन ने कहा है कि इस तरह की संहिता के कार्यान्वयन से अल्पसंख्यको और जनजातीय लोगो के मौलिक अधिकारो का उल्लंघन होगा। नगालैंड बैपटिस्ट चर्च काउंसिल (एनबीसीसी) ने आशंका व्यक्त की है कि यदि यूसीसी लागू होती है, तो इससे अपने धर्म का पालन करने के अल्पसंख्यको के अधिकार का उल्लंघन होगा। वही, नगालैंड ट्राइबल काउंसिल (एनटीसी) ने दावा किया कि यूसीसी संविधान के अनुच्छेद 371ए के प्रावधानो को कमजोर कर देगी, जिनमे कहा गया है कि नगाओ की धार्मिक या सामाजिक प्रथाओं, नगा प्रथागत कानून एवं प्रक्रिया से संबंधित, तथा अन्य मामलो मे संसद का कोई भी अधिनियम राज्य पर लागू नही होगा। एनबीसीसी के महासचिव डॉ. ज़ेल्हा कीहो ने एक बयान मे दावा किया कि केंद्र का कदम अल्पसंख्यको के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक अधिकारो मे हस्तक्षेप करेगा। उन्होने दावा किया कि लागू होने के बाद यूसीसी संविधान के अनुच्छेद 25 को कमजोर कर देगी जो धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। एनटीसी ने मांग की कि नगालैंड को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाए ताकि अनुच्छेद 371ए के कड़ी मेहनत से अर्जित अविभाज्य प्रावधान अछूते रहे। यूसीसी का कार्यान्वयन भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा रहा है।

असम में 18 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, दो व्यक्ति गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी और कामरूप जिले मे रविवार को मणिपुर के दो व्यक्तियो के पास से 18 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त होने के बाद दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मादक पदार्थ की तस्करी से निपटने मे उत्कृष्ट प्रयासो के लिए असम पुलिस की प्रशंसा की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियो ने कामरूप पुलिस के साथ मिलकर दो कथित तस्करो के वाहन का पीछा किया और उन्हे पकड़ लिया। एसटीएफ के उपमहानिरीक्षक पार्थ सारथी महंत ने बताया कि मणिपुर के एक समूह द्वारा असम मे मादक पदार्थ की खेप लेकर आने की सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मियो को तैनात किया गया था। उन्होने कहा रविवार सुबह एक विशेष सूचना मिली कि तस्करो का समूह एक लक्जरी वाहन मे मादक पदार्थ की खेप लेकर आ रहा है। महंत ने कहा, तस्करो के वाहन का पता लगाया गया और कामरूप जिला पुलिस के साथ एसटीएफ की टीम ने वाहन का पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए तस्करो ने मौके से भागने की कोशिश की जिसकी वजह से तस्करो ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वह हाजो मे पोवा मक्का की पहाड़ी से लगभग 100 फुट नीचे गिर गया। उपमहानिरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने मणिपुर के रहने वाले दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया और पलटे हुए वाहन की तलाशी ली गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ट्विटर पर लिखा, "आज सुबह, कामरूप पुलिस ने पड़ोसी राज्य के मूल निवासी दो मादक पदार्थ तस्करो को पकड़ा, जो असम मे नशीले पदार्थों की तस्करी मे शामिल थे। उनके पास से 2.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। मादक पदार्थ को साबुन के डिब्बो मे छुपाया गया था। मादक पदार्थ की तस्करी से निपटने मे उत्कृष्ट प्रयासो के लिए असम पुलिस को बधाई। महंत ने बताया, क्षतिग्रस्त वाहन की तलाशी के दौरान साबुन के 100 डिब्बो मे हेरोइन बरामद की गई जिसका वजन 1.3 किलोग्राम था। इसके बाद गिरफ्तार व्यक्तियो के गुवाहाटी शहर के जालुकबारी स्थित किराए के मकान की तलाशी ली गई जहां से हेरोइन के 65 और पैकेट बरामद किए गए जिनका वजन 900 ग्राम था। उन्होने बताया कि तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगो का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

थलसेना अध्यक्ष मनोज पांडे ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

अमृतसर। थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने रविवार को अपनी पत्नी अर्चना पांडे के साथ अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर मे मत्था टेका। उन्होने कुछ समय गर्भगृह के वीआईपी प्रांगण मे बिताया और शबद कीर्तन सुना। पांडे ने बाद मे अकाल तख्त पर मत्था टेका। स्वर्ण मंदिर के सूचना केंद्र पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के पदाधिकारियो ने पांडे को सम्मानित किया और सिख धर्म से जुड़ी किताबे, स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति और शॉल भेट की।

बंगाल सरकार के कर्मचारियों ने हर मतदान केंद्र पर केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की

भाषा। कोलकाता

पंचायत चुनाव :

राज्य सरकार के कर्मचारियों की संयुक्त कार्वाई समिति के फोरम ने रविवार को मांग की कि आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों में पश्चिम बंगाल के हर मतदान केंद्र पर केंद्रीय बल तैनात किए जाएं।यह फोरम राज्य सरकार कर्मचारियों के 20 संगठनों का एक मंच है।राज्य सरकार के कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग या राज्य निर्वाचन आयोग विभिन्न चुनावों- विधानसभा, लोकसभा तथा स्थानीय निकाय चुनावों में चुनाव ड्यूटी में तैनात करता है। फोरम के एक प्रवक्ता ने संवाददाताओं को बताया कि पांच सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अधिकारियों से दिन में मुलाकात की।इससे पहले राज्य सरकार के सौ से अधिक कर्मचारियों ने एसईसी कार्यालय की ओर मार्च किया। इन कर्मचारियों का कहना था कि अगर प्रत्एक बूथ पर केन्द्रीय बल नहीं तैनात किए जाते तो वे पंचायत चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे।

फोरम के पांच-छह प्रतिनिधि एसईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी से मिलने गए लेकिन एसईसी ने उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। प्रतिनिधिमंडल ने एसईसी अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा, राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि हम चुनाव के दौरान आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे लेकिन इतना काफी नहीं है। हम यह आश्वासन चाहते हैं कि प्रत्एक बूथ पर केन्द्रीय बल तैनात किए जाए। प्रत्एक निर्वाचन अधिकारी की सुरक्षा जरूरी है। एसईसी ने कुछ वक्त मांगा हैं और हम सहमत हो गए हैं। देखते है क्या होता है। एसईसी ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि उसने केन्द्रीय बलों की 485 कंपनियों का अनुरोध किया है, इससे पहले 337 कंपनियों का अनुरोध किया जा चुका है, इस प्रकार पंचायत चुनाव के लिए कुल कंपनियों की संख्या 822 है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एसईसी को पंचायत चुनावों में तैनाती के लिए 82,000 से अधिक केंद्रीय बलों की मांग करने का 21 जून को निर्देश दिया था। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि 2013 में पश्चिम बंगाल में जिलों की संख्या 17 थी, जो बढ़कर वर्तमान में 22 हो गई है, और इन 10 वर्षों में मतदाताओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है। संयुक्त कार्वाई समिति के सदस्य केंद्र में अपने समकक्षों के महंगाई भत्ते (डीए) के अनुरूप राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी की मांग को लेकर 130 दिन से अधिक समय से साहिद मीनार के पास धरने पर बैठे हैं। तृणमूल कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रवक्ता जॉय प्रकाश मजूमदार ने फोरम की इस मांग पर कहा कि कर्मचारियों को राज्य सरकार के लिए ड्यूटी करते वक्त राजनीतिक दलों की भाषा में बात नहीं करनी चाहिए।

हैदराबद पहुंचने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते लोग

भारत सरकार के सहयोग से श्रीलंका ने अधिकतर समस्याओं का कर लिया है हल

भाषा। नागपुर

श्रीलंका के मंत्री विजयदासा राजपक्षे ने अपने देश में आर्थिक और राजनीतिक संकट के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत भारत सरकार के सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका सरकार जल्द ही सत्य एवं सुलह आयोग गठित करेगी, ताकि द्विपीय देश में सभी समुदायों की आपसी सहमति से लंबे समय से लंबित शांति को बहाल किया जा सके। मंत्री ने कहा कि श्रीलंका सरकार दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद तमिल लोगों और नेताओं से नियमित रूप से संवाद कर रही है। श्रीलंका के न्याय मंत्री राजपक्षे ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित शांति सम्मेलन के इतर पीटीआई-भाषा से कहा, हमनें अपनी अधिकतर समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री मोदी नीत भारत सरकार से मिले समर्थन से कर लिया है। हमें श्रीलंका में जल्द ही समान्य स्थिति बहाल हो जाने की उम्मीद है। श्रीलंका पिछले साल अभूतपूर्व आर्थिक संकट में घिर गया था, जिसके बाद राजनीतिक उठापटक की स्थिति उत्पन्न हुई एवं शक्तिशाली राजपक्षे परिवार को सत्ता से पदच्युत होना पड़ा। श्रीलंका में यह संकट पैदा होने के बाद, रानिल विक्रमसिंघे के नेतृत्व में सरकार बनी, जिस पर देश की अर्थव्यस्था को स्थिर करने की जिम्मेदारी है।

राजपक्षे ने कहा कि श्रीलंका ने 30 साल तक गृहयुद्ध का गवाह रहा है जिसमें करीब 60 हजार लोगों की जान गई। उन्होंने कहा, मैंने युद्ध प्रभावित लोगों की मदद के लिए कई कदम उठाए हैं। हमने वर्ष 2016 में प्रक्रिया शुरू की और लापता लोगों, शांति स्थापना और सुलह के लिए कार्यालय खोला। वह श्रीलंका में जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों की शिकायत, कथित अन्याय एवं भेदभाव और श्रीलंकाई न्याय प्रणाली की भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, श्रीलंका सरकार सत्य एवं सुलह आयोग का गठन करेगी। हम सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि लंबे समय से लंबित शांति को सभी समुदायों की आम सहमति से बहाल किया जाए। राजपक्षे ने कहा, हमने कई मुद्दों का समाधान किया है। कई मुकदमे और जेल में कई कैदी हैं। हालांकि, अब ए मामले बहुत कम हो गए हैं। श्रीलंका सभी मुद्दों का सभी कोणों से समाधान कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका सरकार समझौते तक पहुंचने और मुद्दों का समाधान करने के लिए तमिल समुदाय के साथ बातचीत कर रही है। मंत्री ने कहा, हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे तमिल समुदाय के लोगों और नेताओं से लगातार संवाद कर रहे हैं। अब सभी ने शांति स्थापना का समर्थन किया है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा है कि श्रीलंका में सभी को इसका (युद्ध का)खामियाजा भुगतना पड़ा है और यह देश के किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का रुख है कि इन समस्याओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए नहीं छोड़ना है। मंत्री ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारे देश में सभी श्रीलंकाई, चाहे वे मुस्लिम, तमिल या सिंघली हों, शांति से श्रीलंकाई पहचान के साथ रहें। हमें उम्मीद है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। राजपक्षे ने महामारी के बाद आर्थिक संकट से निपटने के प्रयासों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, जब हमने सत्ता संभाली तो अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही थी, महंगाई दर 97 प्रतिशत थी। हम बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहे थे। जब सत्ता में आए तो हमारे पास 20 लाख अमेरिकी डॉलर भी नहीं थे और यह सच्चाई हमने जनता से साझा की। मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य महंगाई दर को एकल अंक में लाना, लोगों के लिए भोजन, कोयला और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना और विदेशी मुद्रा भंडार को पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना था।

उन्होंने कहा, हम महंगाई दर 21 प्रतिशत तक लाने में सफल रहे। लोगों को अब बिजली कटौती और कोयले की कमी का सामना करना नहीं पड़ रहा। आवश्यक वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

परिसीमन के मसौदा प्रस्ताव से कोई समस्या नहीं: असम के मुख्यमंत्री

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों की परिसीमन कवायद में कोई समस्या नहीं है, जिसका मसौदा प्रस्ताव पिछले सप्ताह प्रकाशित किया गया था। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव का विरोध केवल उन लोगों द्वारा किया गया है, जो प्रक्रिया को नहीं समझते हैं या जिन्हें चुनावी हार नजर आ रही है। एक कार्यक्रम से इतर यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, हम एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं, जहां निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण सभी की भलाई को ध्यान में रखकर किया जाता है। आरक्षण एक विशिष्ट समुदाय की जनसंख्या के आधार पर किया जाता है।

उन्होंने कहा कि असम में विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया में कोई समस्या नहीं हुई है। शर्मा ने कहा, केवल कुछ लोग आसन्न चुनावी हार के चलते इसके खिलाफ शोर मचा रहे हैं।

भारत डब्ल्यूटीओ में चीनी विवाद सुलझाने के लिए ब्राजील के साथ कर रहा है बात

नई दिल्ली। भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मे चीनी विवाद को सुलझाने के लिए ब्राजील के साथ बातचीत कर रहा है। सरकारी सूत्रो ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इसके लिए संबंधित विभागो के साथ समन्वय कर रहा है। उन्होने कहा कि भारत जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ मे चीनी विवाद के अन्य शिकायतकर्ताओ के साथ भी बातचीत कर रहा है। ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने 2019 मे डब्ल्यूटीओ मे शिकायत कर कहा था कि भारत द्वारा किसानो को दी जाने वाली चीनी सब्सिडी वैश्विक व्यापार नियमो के खिलाफ है। पूरे घटनाक्रम से परिचित एक सूत्र ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय संभावित विकल्पो पर पहुंचने के लिए सभी संबंधित मंत्रालयो के साथ समन्वय कर रहा है। गौरतलब है कि 14 दिसंबर, 2021 को डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान पैनल ने कहा था कि चीनी क्षेत्र के लिए भारत द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी वैश्विक व्यापार मानदंडो के साथ मेल नही खाते है। भारत ने इस फैसले के खिलाफ डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय मे अपील की है।

आस्क ने सेबी में अर्जी दाखिल की

मुंबई। भारत में दोपहिया के लिए ब्रेक.थ्रू और एडवांस्ड ब्रेकिंग सिस्टम्स के सबसे बड़े निर्माता आस्क ऑटोमोटिव लिमिटेड ने बाजार विनियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस -डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम - आईपीओ के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी की पेशकश के जरिए धन जुटाने की योजना बनाई है। पब्लिक ऑफर में 2 रुप अंकित मूल्य के 29,571,390 इक्विटी शेयर्स तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कुल ऑफर फॉर सेल में कुलदीप सिंह राठी के 20,699,973 इक्विटी शेयर और प्रमोटर सेलिंग शेयर होल्डर विजय राठी के 8,871,417 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी इन हाउस डिजाइनिंग और विनिर्माण क्षमताओं के साथ तीन दशकों से अधिक समय से सुरक्षा प्रणालियों और महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग समाधानों की आपूर्ति कर रही है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार दोपहिया, असली उपकरण निर्माताओं, असली उपकरण आपूर्तिकर्ताओं और स्वतंत्र आफ्टरमार्केट के संयुक्त उत्पादन की मात्रा के मामले में वित्त वर्ष 2022 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत है। कंपनी की पेशकश पावरट्रेन एग्नॉस्टिक है, जो इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ आंतरिक दहन इंजन ओईएम की जरूरतों को पूरा करती है।

नवी मुंबई में घरों पर चिपकाए गए पीएफआई के समर्थन वाले स्टिकर

● पुलिस ने कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है

भाषा। ठाणे

नवी मुंबई में कुछ घरों पर प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के समर्थन वाले स्टिकर चिपकाने और पटाखे बांधने के आरोप में पुलिस ने कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएफआई समर्थक पोस्टर व पटाखे जब्त कर लिए गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, नवी मुंबई के पनवेल इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार तड़के एक व्यक्ति के घर के बाहर हरी स्याही से पीएफआई जिंदाबाद और 786 लिखे स्टिकर चिपकाए थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के दो अन्य घरों से पटाखे और अगरबत्ती बांधी गई थी। अधिकारियों के अनुसार, खंडेश्वर पुलिस ने शनिवार रात कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-153ए (धर्म, नस्ल, जन्मस्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

केंद्र सरकार ने पिछले साल सितंबर में पीएफआई और उससे जुड़े कई लोगों को सख्त गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। पीएफआई और उससे जुड़े लोगों पर आईएसआईएस सहित अन्य वैश्विक आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोपों के मद्देनजर यह कार्वाई की गई थी।

जब राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने जीवन की महत्वपूर्ण फोन काल मिस कर दी

भाषा। नई दिल्ली

द्रौपदी मुर्मू को मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने की आदत नहीं रही है और इसी कारण शायद उन्होंने अपने जीवन की एक बहुत महत्वपूर्ण कॉल मिस कर दी थी। यह कॉल उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय से आई थी, ए बताने के लिए कि उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा रहा है। एक नई पुस्तक में यह दावा किया गया है। कुछ ही देर में बिकाश चंद्र मोहंतो हाथ में अपना फोन लिए भागे-भागे मुर्मू के घर आए और कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से फोन आया था और आपसे संपर्क करने के लिए कहा गया है। मोहंतो झारखंड में उनके ओएसडी (विशेष सेवा अधिकारी) रह चुके थे। हाल में रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, पत्रकार कस्तूरी रे की पुस्तक द्रौपदी मुर्मू: फ्रॉम ट्राइबल ह

बजरंग पर योगेश्वर ने झूठ बोलने का लगाया आरोप

● हारने के लिए कभी नहीं कहा: योगेश्वर

भाषा। नई दिल्ली

देश के दो शीर्ष पहलवानों के बीच जारी जुबानी जंग में योगेश्वर दत्त ने बजरंग पूनिया के उस बयान को सरासर झूठ करार दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने उन्हें जानबूझकर मुकाबला गंवाने के लिए कहा था। बजरंग ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा था कि योगेश्वर ने उन्हें कई बार मुकाबला गंवाने के लिए कहा था। बजरंग के दावे के बारे में जब योगेश्वर से पूछा गया तो उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने उसे कभी हारने के लिए नहीं कहा, यह सरासर झूठ है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन (2016) के दौरान, वह 65 किग्रा ट्रायल का हिस्सा था लेकिन हमने एक-दूसरे का सामना नहीं किया था। अमित धनखड़ ने उसे हराया था। इसके बाद आखिरी मुकाबले में मैंने अमित का सामना किया था। उन्होंने कहा, प्रो रेसलिंग लीग में हमने एक-दूसरे का मुकाबला किया था। मैंने वहां 3-0 की जीत दर्ज की थी। अगर मैं चाहता तो और अधिक स्कोर कर सकता था। हर कोई जानता है कि यह सिर्फ दिखावे का मुकाबला था। कुश्ती छोडने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता बने योगेश्वर ने कहा कि वह विदेशी दौरे हमेशा अपने अभ्यास सहयोगी के तौर पर बजरंग को लेकर जाते थे। ओलंपिक 2016 से पहले मैं जब भी विदेश जाता था तब बजरंग को अपने अभ्यास सहयोगी के तौर पर लेकर जाता था लेकिन उसने मेरे साथ धोखा किया है। मुझे नहीं पता कि वह मेरे पर आरोप क्यों लगा रहा है और मेरी मेरी छवि खराब कर रहा है। योगेश्वर को लगता है कि 2018 में उनसे अलग होने का फैसला करने के बाद बजरंग इस तरह के झूठे आरोप लगाकर उन पर हिसाब बराबर करने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने दावा किया, 2018 में बजरंग ने मुझसे कहा कि मुझे राष्ट्रमंडल खेलों में जाने दो और तुम एशियाई खेलों में चले जाना लेकिन मैंने उससे कहा कि मैं ट्रायल्स खेलकर जाऊंगा। उसके बाद वह मुझसे नाराज हो गया और हमने एक-दूसरे से बात करना बंद कर दिया। मैंने रियो ओलंपिक 2016 के बाद किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया, मैंने कभी किसी शिविर में भाग नहीं लिया। शिविरों में एक वजन वर्ग में कई पहलवान होते हैं। कोई भी किसी को भी हरा सकता है। इस पहलवान ने कहा, मैं टीम में जगह बनाने की दौड़ में नहीं था, मैंने कुश्ती छोड़ दी क्योंकि उस समय कोई भी मुझे आसानी से हरा सकता था। मैंने 2018 में प्रतिस्पर्धी कुश्ती छोड़ दी, अब मैं एक पूर्व पहलवान हूं। बजरंग ने दावा किया था कि योगेश्वर ने इटली में एक फाइनल मैच में उन्हें हारने के लिए कहा था। आपने (योगेश्वर) मुझे कहा था कि आप शीर्ष पहलवान है और मैं दूसरे स्थान पर हूं। आपने ए क्यों नहीं सोचा कि अगर आपका जूनियर खिलाड़ी जीतेगा तो इससे आपको भी फायदा होगा। योगेश्वर ने हालांकि इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। हमारे धर्म में गौ माता को पवित्र माना जाता है और मैं गौ माता की कसम खाकर कह सकता हूं कि मैंने कभी भी बजरंग से मैच हारने के लिए नहीं कहा। योगेश्वर ने शुक्रवार को भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल के उस फैसले पर सवाल उठाया था जिसमें इन पहलवानों को सिर्फ एक मुकाबले के ट्रायल में हिस्सा लेना होगा। योगेश्वर ने इसके साथ ही ट्विटर पर बजरंग के अगस्त 2019 के पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, किस हद तक गिरोगे।

फोगाट ने बिना तारीख वाला पत्र साझा किया

ट्रायल्स से छूट नहीं, समय मांगा था

नई दिल्ली। विनेश फोगाट ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह साबित करने के लिए बिना तारीख वाला एक पत्र साझा किया कि प्रदर्शन कर रहे छह पहलवानों ने एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट देने की मांग नहीं की थी और केवल उन्होंने तैयारी के लिए अगस्त तक समय मांगा था। विनेश ने इस पत्र की फोटो साझा की जिसमें उनके सहित छह पहलवानों का जिक्र है जिन्होंने ट्रायल्स से पहले ट्रेनिंग के लिए कुछ अतिरिक्त समय मांगा था। आईओए के तदर्थ पैनल ने प्रदर्शनकारी इन छह पहलवानों को छूट देते हुए केवल एक मुकाबले का ट्रायल कराने का फैसला किया था लेकिन कई स्थापित और उभरते हुए पहलवानों ने इसकी आलोचना करते हुए प्रतएक के लिए निष्पक्ष ट्रायल्स की मांग की थी। विनेश ने हालांकि यह नहीं कहा कि वे पूरे ट्रायल्स में हिस्सा लेने के इच्छुक है जैसे कि सभी अन्य पहलवान ले रहे है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को संबोधित करते हुए इस बिना तारीख वाले पत्र में लिखा है, निवेदन है कि विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले कुछ पहलवानों को एशियाई खेल 2023 और विश्व चैम्पियनशिप 2023 के ट्रायल्स की तैयारी के लिए कुछ समय की आवश्यकता है जिनके नाम निम्नलिखित है। इसमें अनुरोध विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया (65 किग्रा), साक्षी मलिक (62 किग्रा) और उनके पति सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा), संगीता फोगाट (57 किग्रा), जितेंदर कुमार (86 किग्रा) और खुद विनेश (53 किग्रा) के लिए किया गया था। इस पत्र में छह पहलवानों के हस्ताक्षर है जिसमें लिखा, कृपया करके इन पहलवानों के ट्रायल्स 10 अगस्त 2023 के बाद कराए जाएं। पत्र के साथ ही विनेश ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, हम आंदोलित पहलवानों ने ट्रायल्स को सिर्फ आगे बढ़ाने के लिए चिट्ठी लिखी थी क्योंकि पिछले छह महीने से आंदोलन में शामिल होने के कारण हम अभ्यास नहीं कर पाए। उन्होंने साथ ही लिखा, हम इस मामले की गंभीरता को समझते है इसलिए यह चिट्ठी आपसे साझा कर रहे है। दुश्मन पहलवानों की एकता में सेंध लगाना चाहता है, हम उन्हे कामयाब नहीं होने दे सकते।

गौहाटी उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाई

गुवाहाटी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव कई बार विलंबित किए जा चुके है और रविवार को गौहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ की याचिका पर एक बार फिर इसके चुनाव पर रोक लगा दी जिन्हे 11 जुलाई को कराया जाना था। असम कुश्ती संघ ने डब्ल्यूएफआई, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय के खिलाफ दायर याचिका में कहा कि वे डब्ल्यूएफआई से सदस्य के रूप में मान्यता के हकदार है लेकिन उत्तर प्रदेश के गोंडा में 15 नवंबर 2014 को डब्ल्यूएफआई की आम परिषद को तत्कालीन कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद ऐसा नहीं किया गया।तदर्थ समिति ने मतदाता सूची के लिए नाम भेजने की आखिरी तारीख 25 जून तय की थी जबकि नई संचालन संस्था के चयन के लिए चुनाव 11 जुलाई को होने थे। याचिकाकर्ता ने कहा कि जब तक कि उनकी संस्था को डब्ल्यूएफआई से मान्यता नहीं मिलती और वे मतदाता सूची के लिए अपने प्रतिनिधि को नामांकित नहीं कर पाते तब तक चुनाव प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए।अदालत ने प्रतिवादियों डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय को निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख तक वे डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के चुनाव की प्रक्रिया पर आगे नहीं बढ़े।सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई तय की गई है।असम कुश्ती संघ ने अपनी याचिका में कहा कि वे राज्य में कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से शामिल थे और उन्होंने डब्ल्यूएफआई के आदेश के अनुसार विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए थे।

खबरें स्टेडियम से

विश्व कप क्वालीफायर में आयरलैंड पर बडी जीत से श्रीलंका सुपर सिक्स में

बुलावायो। श्रीलंका ने रविवार को यहां आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर में आयरलैंड की उम्मीदें पस्त करते हुए 133 रन की बड़ी जीत दर्ज कर सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई किया। इस नतीजे से स्कॉटलैंड और ओमान ने भी सुपर सिक्स में स्थान पक्का कर लिया।दिमुथ करुणारत्ने ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखते हुए 103 रन की पारी खेली जिससे श्रीलंका ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 325 रन बनाए। करुणारत्ने ने संयुक्त अरब अमीरात और ओमान पर जीत के दौरान क्रमशः 52 और नाबाद 61 रन की पारी खेली थी। फिर वानिंदु हसारंगा (79 रन देकर पांच विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की जिससे आयरलैंड की टीम 192 रन पर सिमट गई। हसारंगा ने तीसरी बार पांच विकेट झटके। टूर्नामेंट के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड ने ओमान को 76 रन से शिकस्त दी। ब्रैंडन मैकमुलेन की 136 रन की पारी से स्कॉटलैंड की टीम ने 50 ओवर में 320 रन बनाए। ओमान की टीम इसके जवाब में नौ विकेट पर 244 रन ही बना सकी।

पोंटिंग ने लाबुशेन, हेड को तकनीकी सलाह की पेशकश की

लंदन। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने लार्ड्स में बुधवार से शुरू हो दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट से पूर्व इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण से निपटने के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड को तकनीकी सलाह की पेशकश की है।ऑस्ट्रेलिया ने बर्मिंघम के एजबस्टन में पहला टेस्ट दो विकेट से जीता जो नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का पहला मुकाबला था।ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत रूप से अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन लाबुशेन और हेड पहले एशेज टेस्ट में जूझते दिखे।पोंटिंग चाहते है कि सफलता हासिल करने के लिए लाबुशेन बेसिक्स पर ध्यान दे और उन्होंने 28 साल के दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के साथ समय बिताने की पेशकश की। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, मैं उनके आने और मेरे से पूछने का इंतजार करूंगा। यह मेरी जगह नहीं है, मैं उनके कोच की सूची में शामिल नहीं हूं, मैं बस एक पूर्व खिलाड़ी हूं और आकलन कर रहा हूं कि वे क्या कर रहे है। लेकिन मैं उसके (लाबुशेन) साथ उसकी बल्लेबाजी पर बात करना पसंद करूंगा क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में मैंने जो देखा उससे मुझे पता चला कि वह चीजों को थोड़ा जटिल कर रहा है। पोंटिंग ने कहा, मुझे पता है कि उसे उस चीज पर भरोसा और विश्वास करने की जरूरत है जिसने पिछले कुछ वर्षों में उसे टेस्ट क्रिकेट में दुनिया का दूसरे नंबर का बल्लेबाज बनाया। मैं उसे कहूंगा कि उस समय के कुछ वीडियो देखे जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा था और उन चीजों को याद करे और दोबारा वैसा करे। पोंटिंग का साथ ही मानना है कि हेड को शुरुआत में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की बाउंसर से निपटना होगा। इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, सबसे पहले तो उसे समझना होगा कि ऐसा होगा। उसे ऐसा होने की उम्मीद करनी होगी। मुझे लगता है कि उसे इस पर अपने दिमाग में काम करना होगा। इस तरह की गेंदबाजी से निपटने के लिए उसके लिए सर्वश्रेष्ठ तरीका क्या है। क्या गेंदबाजों को निशाना बनाना है। क्या शरीर की तरह आ रही गेंदों के खिलाफ हुक और पुल करना है। क्या वह गेंद को छोड़ने का तरीका ढूंढ सकता है।

बांग्लादेश ने मालदीव को हराकर सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार रखा

बेंगलुरु। बांग्लादेश ने रविवार को यहां मालदीव पर 3-1 की जीत से सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल की दौड़ में खुद को बनाए रखा। हम्जा मोहम्मद ने 17वें मिनट में गोल कर मालदीव की टीम को बढ़त दिलाई। पर बांग्लादेश ने राकिब हुसैन के 42वें मिनट, तारीक काजी के 67वें मिनट और शेख मोर्सालिन के 90वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत ग्रुप बी के इस मैच में तीन महत्वपूर्ण अंक अपने खाते में डाले। मालदीव के भी तीन अंक है, उसने पहले मैच में भूटान पर 2-0 से जीत दर्ज की थी।

मोहन बागान ने अल्बानिया के फारवर्ड सादिकु को जोड़ा

कोलकाता। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान की अग्रिम पंक्ति को मजबूती मिली जब क्लब ने अल्बानिया के शीर्ष सेंटर फारवर्ड अरमांडो सादिकु से अनुबंध किया। यूरो 2016 में रोमानिया के खिलाफ अल्बानिया की एतिहासिक जीत में एकमात्र गोल करके सुर्खियां बटोरने वाले 32 साल के सादिकु ने मोहन बागान के साथ दो साल का करार किया है।

वाजक्वेजज के गोल से अमेरिका ने जमैका को 1-1 से बराबरी पर रोका

शिकांगो। ब्रेंडन वाजक्वेज के 88वें मिनट में दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अमेरिका ने कोनकाकाफ गोल्फ कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच में जमैका को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।डेमियन लोव ने शनिवार रात दुनिया की 63वें नंबर की जमैका की टीम को 13वें मिनट में बढ़त दिलाई। लोव का 53 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में यह तीसरा गोल है। उन्होंने डेमारागे ग्रे की फ्री किक पर हेडर से गोलकीपर मैट टर्नर को छकाते हुए गोल किया। वाजक्वेज ने इसके बाद मैच के अंतिम लम्हों में सात यार्ड की दूरी से अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर अमेरिका को बराबरी दिला दी।

अल्काराज ने क्वींस क्लब फाइनल जीता, विम्बलडन से पहले फिर शीर्ष रैंकिंग पर

लंदन। कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां क्वींस क्लब चैम्पियनशिप के फाइनल में जीत दर्ज कर ग्रासकोर्ट पर अपना पहला एटीपी खिताब जीता और फिर से शीर्ष रैंकिंग पर पहुंच गए जिससे वह अगले महीने विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में शीर्ष वरीय के तौर पर प्रवेश करेंगे। हले सेट में कई बार जूझने के बावजूद अल्काराज फाइनल में एलेक्स डि मिनॉर को 6-4, 6-4 से हराकर साल का अपना पांचवां खिताब जीतने में सफल रहे जो उनकी कुल 11वीं ट्राफी है।

गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स को मुंबा मास्टर्स ने हराया

दुबई। गैंजेज गैंडमास्टर्स को ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में लगातार तीन जीत के बाद रविवार को यहां अपग्रैड मुंबा मास्टर्स के खिलाफ पहली हार का सामना करना पड़ा।द्रोणावल्ली हरिका ने काले मोहरों से खेलते हुए बेला खोतेनाश्विली को हराकर चार अंक के साथ मुंबा मास्टर्स को शानदार शुरुआत दिलाई। भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने इसके बाद फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की वापसी कराई।

एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले सीनियर पुरुष हाकी टीम के कोर समूह की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) में 26 जून से 19 जुलाई तक होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए सीनियर पुरुष टीम के 39 सदस्ईय कोर समूह (मुख्य खिलाड़ियों) की घोषणा की।
शिविर के बाद टीम स्पेन के टेरासा जाएगी जहां वह स्पेन हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 25 से 30 जुलाई तक हिस्सा लेगी। भारत और मेजबान स्पेन के अलावा इंग्लैंड और नीदरलैंड इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।चार देशों के टूर्नामेंट के बाद एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई में तीन अगस्त से खेली जाएगी जिसमें भारत का सामना खिताब के लिए कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022-23 के बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए मुकाबलों में हमने अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमें यही निरंतरता बनाए रखने की उम्मीद है विशेषकर इस साल दूसरे हाफ में होने वाले में होने वाले महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों को देखते हुए। शिविर हमारे लिए कुछ क्षेत्रों में खुद को बेहतर बनाने और एक बार फिर एक इकाई के रूप में मिलकर काम करने का अवसर होगा।,

भारत का 39 सदस्ईय कोर संभावित समूह : गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक, प्रशांत कुमार चौहान।डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप सेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मनजीत।मिडफील्डरः मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद मोइरांगथेम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलाकांत शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह।फारवर्डः एस कार्थी, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और पवन राजभर।

दीक्षा चेक लेडीज ओपन की चैम्पियन बनी

● लेडीज यूरोपीय टूर पर जीता दूसरा खिताब

भाषा। बेरॉन (चेक गणराज्य

भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चेक लेडीज ओपन के तीसरे और आखिरी दौर में रविवार को यहां 69 का कार्ड खेल कर चार शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया। यह लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) पर उनका दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले अपने पेशेवर करियर के शुरुआती साल 2019 में एलईटी का पहला खिताब (इन्वेस्टेक वुमन दक्षिण अफ्रीका ओपन) जीता था। वह 2021 में अरामको टीम सीरीज की विजेता टीम की सदस्य थी। एलईटी में दीक्षा का यह 79वां मुकाबला था। वह अब तक दो बार व्यक्तिगत चैम्पियन रही है और नौ बार शीर्ष 10 में रहीं है। तीसरे दौर में पांच शॉट की बढ़त के साथ शुरुआत करने वाली 22 साल की इस खिलाड़ी ने रविवार को चार बर्डी के मुकाबले एक बोगी की। उन्होंने इससे पहले शुरुआती दो दौर में 69 और 65 का शानदार स्कोर किया था। उन्होंने इस दौरान तीन दौर में कुल 13 बर्डी लगाई। आखिरी दौर में थाईलैंड की त्रिचैट छींगलैब ने नौ अंडर 64 के स्कोर के साथ दीक्षा को टक्कर दी लेकिन शुरुआती दो दौर में 73 और 70 के कार्ड के कारण वह भारतीय गोल्फर के स्कोर के करीब नहीं पहुंच सकी। वह नौ अंडर के स्कोर के साथ दूसरे जबकि फ्रांस की सेलिना हेरबिन (69-72-67) आठ अंडर के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। अदिति अशोक के बाद दीक्षा एलईटी टूर पर दो खिताब जीतने वाले दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। वह इस टूर्नामेंट के 2021 सत्र में चौथे स्थान पर रही थी।इस जीत से पहले मौजूदा सत्र में वह तीन बार शीर्ष 10 में रही है। दीक्षा बेल्जियम लेडीज ओपन में छठे , हेलसिंगबर्ग लेडीज ओपन में आठवें और पिछले सप्ताह अमुंडी जर्मन मास्टर्स में तीसरे स्थान पर रहीं।लेडीज चेक ओपन में भाग ले रही एक अन्य भारतीय प्रणवी उर्स तीसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर रही।

सरफराज को अपने करना होगा अनुशासित

भाषा। नई दिल्ली

● भारतीय टीम में जगह के लिए फिटनेस पर करना होगा काम

वेस्टइंडीज दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टेस्ट टीम में सरफराज खान को जगह नहीं मिलने पर सुनील गावस्कर जैसे पूर्व दिग्गज ने आलोचना की थी लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक सूत्र ने दावा किया कि इस फैसले के पीछे मुंबई के बल्लेबाज की खराब फिटनेस और कथित तौर पर अनुशासन में कमी बड़ा कारण है। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने रणजी ट्रॉफी के पिछले तीन सत्र में 2566 रन बनाए है। उन्होंने अपने करियर में प्रथम श्रेणी के 37 मैचों में 79.65 की औसत से रन बनाए है। ऐसे में अंडर-19 विश्व कप में दो बार देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी की टीम में जगह नहीं देने पर सवाल उठ रहा है। टीम में रुतुराज गायकवाड़ का चयन हुआ है जिनके प्रथम श्रेणी करियर का औसत 42 के करीब है। टीम के चयन से जुड़े बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इस तरह की नाराजगी वाली प्रतिक्रियाएं समझ में आती हैं लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि सरफराज को बार-बार नजरअंदाज किए जाने के पीछे का कारण सिर्फ क्रिकेट नहीं है। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से उनका चयन नहीं हो रहा है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, क्या चयनकर्ता नासमझ है जो लगातार दो सत्र में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को नजरअंदाज करेंगे? टीम में चयन नहीं होने के पीछे एक बड़ा कारण उनकी फिटनेस है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की नहीं है। उन्होंने कहा, सरफराज को इस मामले में काफी मेहनत करनी होगी और अपना वजन कम करके अधिक फिटनेस के साथ वापसी करनी होगी। चयन के लिए केवल बल्लेबाजी फिटनेस ही एकमात्र मानदंड नहीं है। सरफराज के एक करीबी सूत्र ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपने प्रवास के दौरान इस खिलाड़ी ने यो यो टेस्ट में 16.5 अंक हासिल किए थे। बीसीसीआई के अधिकारी के मुताबिक फिटनेस के साथ ही सरफराज का मैदान के अंदर और बाहर का रवैया भी अनुशासन के मानदंड पर खरा नहीं रहा है। उन्होंने कहा, मैदान के अंदर और बाहर उसका आचरण शीर्ष स्तर का नहीं रहा है। उसकी कुछ बातें और कुछ भाव भंगिमा अनुशासन की दृष्टिकोण से अच्छी नहीं रही है। उम्मीद है कि सरफराज और उनके पिता तथा कोच नौशाद खान के साथ इन पहलुओं पर काम करेंगे।

गनीमत, दर्शा ने एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप की टीम में जगह बनाई

भाषा। नई दिल्ली

निशानेबाजी विश्व कप की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय गनीमत सेखों और दर्शा राठौड़ को अजरबैजान में होने वाली आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप और आगामी एशियाई खेलों (सितंबर में चीन के हांगझोऊ) के लिए निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। दोनों प्रमुख स्पर्धाओं के लिए महिला वर्ग में तीसरी स्कीट निशानेबाज परिनाज धालीवाल हैं। जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट निशानेबाज और विश्व कप कांस्य जीतने वाली पहली भारतीय महिला स्कीट निशानेबाज गनीमत ने पिछले महीने कजाकिस्तान के अल्माटी में विश्व कप में रजत पदक जीता था। दर्शा ने अल्माटी विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर इसे भारत के लिए यादगार बना दिया था। यह पहली बार था जब भारत की दो निशानेबाजों ने महिला स्कीट विश्व कप के व्यक्तिगत स्पर्धा में दो पदक हासिल किए थे।

भानवाला, श्री कार्तिक और निश्चल राइफल एवं पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीते

नई दिल्ली। अनीष भानवाला, श्री कार्तिक साबरी राज और निश्चल रविवार को यहां डा कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स पांच और छह में ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों में पहले विजेताओं में शामिल रहे। भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में प्रभावित करना जारी रखा जबकि तमिलनाडु के श्री कार्तिक ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी5 प्रतिस्पर्धा में जीत दर्ज की। निश्चल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस टी5 में जीत हासिल कर सुनिश्चित किया कि भानवाला की जीत के बाद हरियाणा दिन की सीनियर प्रतिस्पर्धा में तीन में से दो में जीत दर्ज करे। भानवाला क्वालीफिकेशन में 600 में से 584 अंक लेकर शीर्ष पर थे। फाइनल में उन्होंने 40 में से 35 निशाने लगाए।

सहल, महेश ने सैफ चैंपियनशिप में छोड़ी छाप

बेंगलुरू। करिश्माई सुनील छेत्री के शानदार प्रदर्शन के बीच दो युवा फुटबॉलरों ने सैफ चैंपियनशिप में भारत के अपने अब तक के अभियान के दौरान प्रभावी प्रदर्शन किया है। सहल अब्दुल समद और महेश सिंह भारतीय फुटबॉल जगत में अपरिचित नाम नहीं हैं लेकिन उन्होंने भारतीय फुटबॉल की विरासत को आगे ले जाने की क्षमता दिखाई है। इन दोनों ने नेपाल के खिलाफ विशेष रूप से अच्छा प्रदर्शन किया जिसे श्री कांतीर्वा स्टेडियम में भारत ने शनिवार रात 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।नेपाल के डिफेंस ने एक घंटे तक भारत को गोल से महरूम रखा जिसके बाद 61वें मिनट में महेश ने बाएं छोर से मूव बनाया। महेश ने गेंद को सहल की ओर बढ़ाया जिन्होंने उन्हें वापस पास दिया। महेश ने इसके बाद सटीक क्रॉस से गेंद को छेत्री के पास पहुंचाया जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारत के सहायक कोच महेश गवली ने 24 साल के महेश की जमकर तारीफ की। गवली ने कहा, मुझे लगता है कि महेश का क्रॉस टर्निंग प्वाइंट था।

यूपी के प्रभास, अम्मार व श्रुति का कमाल

● ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बालक व बालिका बैडमिंटन

लखनऊ। योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बालक व बालिका अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में यूपी के 15वीं वरीय प्रभास कुमार कुशवाहा ने बालक अंडर-17 सिंगल्स में जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेले जा रहे टूर्नामेंट में प्रभास कुमार कुशवाहा ने दिल्ली के योगांश सिंह को 21-13, 21-7 से हराया। बालक डबल्स अंडर-15 के राउंड 32 में यूपी के मोहम्मद अम्मार अफजल व अर्णव यादव ने उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम 16 में जगह बना ली। उन्होंने तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में आंध्र प्रदेश के छठीं वरीय एसण्कोरनाला व जीण्यांद्रा को 17-21, 21-18, 21-19 से मात दी। प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले यूपी के अन्य खिलाड़ियों में बालिका डबल्स अंडर.15 में यूपी की श्रुति चौहान व आदित्या यादव रही। वहीं बालिका अंडर-15 सिंगल्स के राउंड 32 में आज 16वीं वरीय यूपी की दिव्यांशी गौतम उलटफेर का शिकार हो गई। उन्हें तमिलनाडु की अधिरा राजकुमार ने रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-12, 21-11 से मात दी। बालिका डबल्स अंडर-15 के राउंड 32 में यूपी की श्रुति चौहान व आदित्या यादव ने राजस्थान की शारिल चौधरी व काव्या जोशी को 21-18, 12-21, 21-16 से हराया। वहीं आसाम की भविष्या चांगमेई व लियाना दत्ता ने लालरिनहुई व आशी सिंह को और महाराष्ट्र की धुन संघवी व रिया विनेहाकर ने यूपी की सौम्या सिंह व पलक यादव को .14 हराया। बालक डबल्स अंडर-15 के राउंड 32 में कर्नाटक के सातवीं वरीय एस पवन व एसण्पुनीत ने यूपी के निजामुद्दीन व सुमित जायसवाल को हराया। दूसरी ओर पंजाब के साहिब व कृतज्ञ अरोरा को यूपी के आयुष मिश्रा व दिव्यांश सिंह ने वाकओवर दिया। वहीं यूपी के मोहम्मद अम्मार अफजल व अर्णव यादव ने आंध्र प्रदेश के छठीं वरीय एसण्कोरनाला व जीण्यांद्रा को हराकर उलटफेर किया। बालिका अंडर17 सिंगल्स के राउंड 32 में उत्तराखंड की चौथी वरीय अनुष्का जुयाल ने यूपी की ऋद्धि भारद्वाज को हराया। बालक अंडर-17 सिंगल्स के राउंड 32 में यूपी के 15वीं वरीय प्रभास कुमार कुशवाहा ने दिल्ली के योगांश सिंह को सीधे गेम में से मात दी। इसी वर्ग में मिजोरम के छठीं वरीय लालथाजुआला एचने यूपी के नितेश ठाकुर को हराया। एक अन्य मैच में बालिका तमिलनाडु की अधिरा राजकुमार ने 16वीं वरीय यूपी की दिव्यांशी गौतम को हराकर उलटफेर किया।

भारतीय टीम ने स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में 150 पदक के आंकड़े को पार किया

बर्लिन। रोलर स्केटर्स के दो स्वर्ण और तीन रजत पदक से भारत ने यहां स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में अपने पदकों की संख्या को 150 पदक के आंकड़े के पार पहुंचाया। भारत इन खेलों में अब तक कुल 157 पदक, (66 स्वर्ण, 50 रजत, 41 कांस्य) जीत चुका है। खेलों में अब सिर्फ एक दिन की प्रतियोगिताएं बची है। र्यन (300 मीटर) और दीपन (1000 मीटर) ने रोलर कोस्टर में स्वर्ण पदक जीते।भारत की फाइव ए साइड मिश्रित बास्केटबॉल टीम ने भी पुर्तगाल को 6-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।इससे पहले शनिवार को भारत की महिला टीम को फाइनल में स्वीडन के खिलाफ हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

सुतिर्था व अयहिका फाइनल में

नई दिल्ली। सुतिर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने ट्यूनिस में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को कोरिया की शिन युबिन और जियोन जिही की जोड़ी को सेमीफाइनल में 3-2 (7-11 11-9 11-9 7-11 11-9) से पराजित किया। फाइनल में सुतिर्था और अयहिका की जोड़ी का सामना जापान की मियु किहारा और मिवा हारीमोटो की जोड़ी से होगा।

लखनऊ को नवाब पहले सीजन में पांचवा स्थान

● ताइक्वांडो प्रीमियर लीग

नई दिल्ली। राज